YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, गुरुवार, 20 मार्च 2025 | वर्ष : 18 | अंक : 60 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 2.50 रू.





ऐश्वर्या राय बच्चन सोशल मीडिया पर क्यों हुई भावुक?... पेज -09


# 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौटीं सुनीता विलियम्स

# फ्लोरिडा समुद्र तट पर सफल लैंडिंग

## स्पेसक्राफ्ट का टेम्परेचर 1650 डिग्री बढ़ने पर 7 मिनट सम्पर्क टूटा

### अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया



**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स के साथी एस्ट्रॉनॉट बुच विल्मोर भी पृथ्वी पर लौट आए हैं। इनके साथ क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट अमेरिका के निक हेग और रूस के अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी हैं। उनका ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार 19 मार्च को सुबह 3.27 बजे फ्लोरिडा के तट पर स्प्लैशडाउन हुआ, यानी पानी में लैंडिंग हुई। ये चारों एस्ट्रोनॉट मंगलवार (18 मार्च) को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन आईआईएस से रवाना हुए थे। स्पेसक्राफ्ट के धरती के वायुमंडल में प्रवेश करने पर इसका तापमान 1650 डिग्री सेल्सियस हो गया था। इस दौरान करीब 7 मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट रहा, यानी यान से संपर्क नहीं रहा। हालांकि, ऐसा होना आम बात है। प्लाजमा के कारण ऐसा होता है।



### सुनीता ड्रैगन कैप्सूल से बाहर आईं

### हाथ हिलाकर अभिवादन

सुनीता विलियम्स को ड्रैगन कैप्सूल से बाहर निकाला गया। इस दौरान उनके चेहरे पर खुशी दिख रही थी। उन्होंने हाथ हिलाकर वहां मौजूद लोगों का अभिवादन किया।

## स्पेस स्टेशन से पृथ्वी पर लौटने में 17 घंटे लगे

ड्रैगन कैप्सूल के अलग होने से लेकर समुद्र में लैंडिंग तक करीब 17 घंटे लगे। 18 मार्च को सुबह 08 .35 बजे स्पेसक्राफ्ट का हैच क्लोज हुआ, यानी दरवाजा बंद हुआ। 10. 35 बजे स्पेसक्राफ्ट से अलग हुआ। 19 मार्च को रात 2.41 बजे डीऑर्बिट बर्न शुरू हुआ। यानी, कक्षा से उल्टी दिशा में स्पेसक्राफ्ट का इंजन फायर किया गया। इससे स्पेसक्राफ्ट की पृथ्वी के वातावरण में एंट्री हुई और 3. 27 बजे स्प्लैशडाउन।

### अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया

हालांकि वे बीमार या घायल नहीं हैं। इसके बावजूद दोनों को कैप्सूल से निकालकर स्ट्रेचर के जरिए ले जाया गया। लाइव साइंट के अनुसार एस्ट्रोनॉट को धरती पर लौटने के बाद स्ट्रेचर पर ले जाने की प्रक्रिया सुनीता विलियम्स और विल्मोर के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन मिशन से जुड़ी नहीं है। यह एक प्रोटोकॉल है, जिसका सभी अंतरिक्ष यात्रियों को पालन करना होता है। इसकी वजह ये है कि अंतरिक्ष से लौटने के बाद एस्ट्रोनॉट तुरंत चल नहीं पाते हैं। अंतरिक्ष में शरीर में अस्थायी बदलाव होते हैं। ऐसे में वापसी पर नासा इन बदलावों को लेकर सख्त सुरक्षा प्रक्रियाएं अपनाता है। इसी के तहत स्ट्रेचर का इस्तेमाल होता है।

### स्पेस सेंटर पहुंचेगे अंतरिक्ष यात्री



सुनीता और बुच को फिलहाल ह्यूस्टन में जॉनसन स्पेस सेंटर ले जाया गया है। सेंटर में दोनों एस्ट्रोनॉट कुछ दिनों तक स्वास्थ्य जांच के लिए रहेंगे। यह भी अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के बाद की एक नियमित प्रक्रिया है। नासा के डॉक्टर उन्हें घर जाने की अनुमति देने से पहले उनकी पूरी जांच करेंगे। अगले कुछ दिन में दोनों को घर जाने की इजाजत दी जा सकती है।

### क्रू-9 मिशन की वापसी के बाद, नासा की प्रेस कॉन्फ्रेंस

*सुनीता विलियम्स की सफल वापसी के बाद नासा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और इलॉन मस्क की स्पेस कंपनी स्पेसएक्स को धन्यवाद दिया। कहा कि इस मिशन में कई चुनौतियां थीं, लेकिन सब कुछ जैसा सोचा था वैसा रहा।*

## न्यूज ब्रीफ

### थप्पड़कांड में नरेश मीणा को जमानत नहीं

**जयपुर।** देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के दौरान हुए थप्पड़ कांड में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। बुधवार को हुई सुनवाई में जस्टिस अनिल उपमन की कोर्ट ने नरेश मीणा को जमानत देने से इनकार कर दिया। नरेश मीणा की जमानत खारिज होने के बाद उनके वकील की प्रार्थना पर हाईकोर्ट ने याचिका को वापस लेने की अनुमति दे दी।

### नागपुर हिंसाः मास्टरमाइंड फहीम शमीम खान गिरफ्तार

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के नागपुर में औरंगजेब का पुतला जलाने पर 17 मार्च को हुई सांप्रदायिक हिंसा मामले में पुलिस ने बुधवार को मास्टरमाइंड फहीम शमीम खान को गिरफ्तार किया। उसे 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। फहीम खान ने 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा किया और हिंसा को बढ़ावा दिया था। दंगाइयों ने महिला पुलिसकर्मी के कपड़े उतारने और झड़प के दौरान उन्हें गलत तरीके से छूने की भी कोशिश की। यह जानकारी एफआईआर में सामने आई हैं।

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक

## यूपीआई इंसेंटिव स्कीम एक साल बढ़ी

# छोटे दुकानदारों को 2 हजार रुपए ट्रांजैक्शन पर 3 रुपए मिलेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को प्रमोट करने के लिए इंसेंटिव स्कीम को एक साल के लिए और बढ़ा दिया। यह स्कीम 31 मार्च 2026 तक जारी रहेगी और इस पर करीब 1,500 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान।



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को जानकारी दी

सरकार डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि, सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2025-26 में 20,000 करोड़ ट्रांजैक्शन पूरा करना है। साथ ही छोटे शहरों और गावों तक यूपीआई को बढ़ावा देना है। यह फैसला केंद्रीय कैबिनेट में बुधवार को लिया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस स्कीम में रुपे डेबिट कार्ड और भीम यूपीआई के जरिए 2,000 रुपए तक के पर्सन टू मर्चेंट ट्रांजैक्शन करने पर छोटे दुकानदारों को 0.15 प्रतिशत इंसेंटिव मिलेगा। पर्सन टू मर्चेंट ट्रांजैक्शन का मतलब है व्यापारी और ग्राहक के बीच किया गया ट्रांजैक्शन है। यह स्कीम 1 अप्रैल 2021 से लागू है। रूपे डेबिट कार्ड को प्रमोटकरने का सीधा असर ग्लोबल पेमेंट कंपनीज वीजा और मास्टरकार्ड पर पड़ेगा।



फाइल फोटो

### कैसे होगा छोटे कारोबारियों को लाभ

*अगर ग्राहक 2000 रुपए का सामान खरीदता है और यूपीआई से पेमेंट करता है, तो दुकानदार को 3 रुपए का इंसेंटिव मिलेगा। वहीं बैंकों को भी इंसेंटिव मिलेगा। सरकार, बैंकों के दावे की 80 प्रतिशत राशि तुरंत दे देगी। बैंक को बची 20 प्रतिशत राशि बैंकों को तब मिलेगी, जब बैंक की तकनीकी खराबी 0.75 प्रतिशत से कम होगा। बैंक का सिस्टम अपटाइम 99.5 प्रतिशत से ज्यादा होगा।*

## राजस्थान दिवस 30 मार्च को

### कार्यक्रमों में विभिन्न वर्ग होंगे लाभान्वित

## युवा और महिलाओं को राज्य सरकार देगी विभिन्न सौगातेंः सीएम शर्मा


जागरूक टाइम्स संवाददाता


**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आगामी राजस्थान दिवस (30 मार्च, 2025 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) को लेकर राज्य सरकार बड़े स्तर पर प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लिए कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सुशासन के जरिए विकसित राजस्थान के लक्ष्य को हासिल करने केलिए युवा, किसान, महिला और गरीब वर्ग को विभिन्न सौगातें देगी।



### विभिन्न योजनाओं के लाभ से महिला सशक्तीकरण को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से अहम निर्णय ले रही है। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में महिला वर्ग को भी विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत डीबीटी की जाएगी तथा महिला समूह कोसी.आई.एफ राशि का हस्तांतरण भी किया जाएगा। साथ ही, विवेकानंद स्कॉलरशिप योजना के तहत राशि हस्तांतरण एवं कालीबाई भील योजना के अंतर्गत स्कूटी वितरण किया जाएगा।

### जनकल्याणकारी योजनाओं से किसान वर्ग का कल्याण हो रहा सुनिश्चित

शर्मा ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से प्रदेश काकिसान वर्गलाभान्वित हो रहा है। राजस्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत प्रदेश के अन्नदाता को और अधिक सशक्त बनाने के लिए किसान उत्पादक संगठनों के 3 दिवसीय मेले व प्रदर्शनी का आयोजन 28 मार्च से 30 मार्च के मध्य किया जाएगा।

यह आयोजन एफपीओ के लिए बाजार सम्पर्क, ब्रांड निर्माण, बिक्री संवर्धन और क्षमता विकास को मजबूत बनाने तथा एफपीओ को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने के लिए एक बाजार भी प्रदान करेगा। साथ ही, किसान कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान हस्तांतरण किया जाएगा।

### जरूरतमंद व्यक्ति विभिन्न योजनाओं से होगा लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के गांव-ढाणी के अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंद व्यक्ति के उत्थान के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। राजस्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण, निर्माण श्रमिकों को राशि हस्तांतरण, स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण, डेयरी बूथ आवंटन, विद्युत चलित चाक का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे।

### रोजगार उत्सव में युवाओं को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

शर्मा ने कहा कि राजस्थान के युवाओं के सरकारी नौकरियों में रोजगार के सपने को साकार करते हुए रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला मुख्यालयों पर रोजगार मेला भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कील नीति व युवा नीति भी लायी जाएगी, जिससे युवाओं के सपने साकार हो सकेंगे। सभी जिला मुख्यालयों पर 'रन फॉर फिट राजस्थान' का आयोजन होगा।

## नाकाम रही केन्द्र-किसानों की वार्ता, डल्लेवाल-पंधेर हिरासत में

**चंडीगढ़।** हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 महीने से आंदोलन कर रहे किसानों और केंद्र के बीच बुधवार को 7वीं वार्ता भी नाकाम रही। बातचीत सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चली। इसमें किसान नेता समेत केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान, पीयूष गोयल और प्रह्लाद जोशी शामिल हुए। बैठक के बाद किसान जब शंभू और खनौरी बॉर्डर लौट रहे थे, तभी पुलिस ने इन्हें हिरासत में ले लिया। इनमें किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण पंधेर और संयुक्त किसान मोर्चा के जगजीत डल्लेवाल शामिल हैं। पंधेर को मोहाली की एयरपोर्ट रोड पर तो डल्लेवाल एंबुलेंस में खनौरी बॉर्डर लौट रहे थे, पुलिस ने उन्हें संगरूर में घेर लिया। इसके बाद पुलिस डल्लेवाल को एंबुलेंस समेत ही हिरासत में लेकर चली गई। दोनों नेताओं की अगुआई में ही ये आंदोलन चल रहा है। इनके अलावा किसान नेता काका सिंह कोटड़ा, अभिमन्यु कोहाड़, मनजीत राय, ओंकार सिंह को भी डिटेन किया गया।



### ये किसान नेता भी गिरफ्तार

*सुखविंदर कौर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की जनरल सक्रेटरी सुखविंदर कौर को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। वहीं भाकियू एकता आजाद के दिलबाग सिंह हरिगढ़ और बीकेएमयू के दिलबाग सिंह गिल को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।*

# नहीं बनी बात, अनशन जारी, स्वास्थ्य में गिरावट दर्ज

## किसानों की मांगों को लेकर पूर्व मंत्री सहित पांच लोग तीसरे दिन बैठे रहे भूख हड़ताल पर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** किसानों की 14 सूत्री मांगों को लेकर पिछले तीन दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई सहित तीन जनों के स्वास्थ्य में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं समस्याओं को लेकर प्रशासनिक स्तर पर कोई सुनवाई नहीं होने से ग्रामीणों ने आंदोलन को ओर तेज करने की चेतावनी दी है। भूख हड़ताल पर पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, हिन्दूसिंह चौहान, पोकराराम विश्नोई हिण्डवाड़ा, पुनमाराम गोदारा करावड़ी अध्यक्ष किसान युनियन व मोहनलाल कड़वासरा बैठे हुए है। मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया कि किसान फसल बीमा पॉलिसी, कृषि आदान-अनुदान व अन्य मांगों को लेकर समय-समय पर ज्ञापन व धरना प्रदर्शन कर विरोध प्रर्दशन करते आए है। लेकिन न तो बीमा कम्पनी व ना ही राज्य सरकार की तरफ से कोई उचित समाधान निकाला गया है। ऐसे में विधानसभा क्षेत्र सांचौर के काश्तकरों ने संघर्ष के रास्ते पर चलने का निर्णय लिया है।

### ज्ञापन की बानगी

ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2022 के कृषि आदान-अनुदान से वंचित की राशि से शेष रहे काश्तकारों की राशि तुरन्त दिलवाई जाए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ व रबी सीजन 2023 का बीमा रिलायंस कम्पनी द्वारा मनमाने तरीके से तहसील चितलवाना के काफी ग्राम पंचायतों का नहीं दिया गया है यथा खासरवी, सुराचन्द, रणोदर, देवड़ा, आकोली, ईटादा, भीमगुड़ा, डावल, परावा, निम्बाऊ, झाब, मेघावा, विरावा, खेजड़ीयाली, टांपी इत्यादी ग्राम पंचायतों का भुगतान अविलम्ब करवाया जाएं, किसानों की बीमा पॉलिसी जो निरस्त की गई है उसे पुनः दुरुस्त कर भूगतान करवाया जाए, जिस किसानों ने फसल नुकशान की कम्पनी को सूचना दी है उन्हें बीमा क्लेम दिया जाए, रबी व खरीफ फसल की 'ॉप कटींग सर्वे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सरपंच व पंचायत समिति सदस्य या जिला परिषद सदस्यों को सम्मिलित किया जाए, जिन किसानों ने अपने स्तर पर व्यक्तिगत बीमा करवाया हैं उसे सर्वे के आधार पर भुगतान किया जाए, रिलायंस कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा किसानों के साथ बीमें से सम्बधित की गई बेईमानी/ धोखाधड़ी के मुकदमे पर तुरन्त कार्यवाही की जाए, सांचौर के तीनों खंडों के बिजली के बिल अचानक एक साथ भारी भरकम राशि का दिया जा रह है, किसान राशि जमा करवाने में असमर्थ हैं, ऐसे में बिजली बिलो में लगी पेनेल्टी व अन्य सरचार्ज वगैरा हटाकर किस्तों में राशि ली जाए, आरडीएसएस के तहत विद्युत विभाग द्वारा ग्राम गुड़ाहेमा, आम्बा का गोलिया व केरिया में जीएसएस बनकर तैयार हैं जिसको जल्द चालु करवाया जाए, विधानसभा क्षेत्र सांचौर में डब्ल्युबीएम के तहत अपूर्ण डामरीकरण सड़कों जल्द पूर्ण करवाया जाए, विधानसभा क्षेत्र सांचौर में नर्मदा नहर के कारण जहां जमीन खारी हुई है नर्मदा नहर के पास स्थित अनकमांड क्षेत्र को कमांड क्षेत्र घोषित किया जाए। संवत 2080 मौसम रबी का खराबा सांचौर तहसील से 33 प्रतिशत से ज्यादा का खराबा भेजा हुआ है जिसका एसडीआरएफ व एनडीआरएफ के तहत प्रति हेक्टर 17 हजार रुपए का आवंटन किया जाना शेष है तो वर्ष 2023 का भी आदान-अनुदान किसानों को देना बाकी हैं, सांचौर एवं भादरूणा तथा चितलवाना डिस्कॉम से कृषि एवं घरेलु विद्युत कनेक्शन की पत्रावलियों का डिमाण्ड भरा हुआ है, उनको तुरन्त सामान देकर कार्य शुरू किया जाए। ज्ञापन में बताया कि विधानसभा क्षेत्र सांचौर के विद्युत विभाग के तीनों खण्डों में एफआरटी टीमों में लगे हुए वाहन के नम्बर व कार्मिकों के नाम व सम्पर्क नम्बर की सूची खण्डवार उपलब्ध करवाने सहित कई मांगों को वर्णित कर पूरा करवाने की मांग की गई। ज्ञापन में चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक धरना जारी रहेगा।

# पावटी में भजन संध्या 22 को, दूसरे दिन रवाना होगा पैदल संघ




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** समीपवर्ती पावटी गोलुआ से दसवीं बार आशापुरा माता मंदिर नाडोल एवं सोनाणा खेतलाजी मंदिर सारंगवास के दर्शनार्थ पैदल यात्रा संघ रविवार को सुबह ढोल ढमाकों के साथ रवाना होगा। पैदल यात्रा संघ के आयोजक आशापुरा नवयुवक मंडल पावटी के सदस्य आयोजन को सफल बनाने विभिन्न व्यवस्थाओं में लगे हुए है। मंडल के भावाराम प्रजापति ने बताया कि पैदल यात्रा संघ पावटी गोलुआ से रवाना होकर गांव स्थित आशापुरा माता मंदिर में दर्शन करने के बाद दोपहर में हालीवाड़ा होते हुए कलापुरा के भीमेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। जहां दर्शन कर भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। रात्रि विश्राम फैदाणी गांव के खेतलाजी मंदिर में होगा। इसी तरह संघ को 24 मार्च को रात्रि विश्राम रामसीन, 25 को जावाल, 26 को पालड़ी एम, 27 को पेरवा, 28 को मुंडारा में होगा एवं 29 को नवाधाम सारंगवास खेतलाजी मंदिर पहुंच दर्शन कर रात्रि विश्राम किया जाएगा। इसके दूसरे दिन 30 मार्च को सुबह आशापुरा माता मंदिर नाडोल पहुंच आराध्य के दर्शन पूजन का लाभ लिया जाएगा। इसी के साथ पैदल यात्रा की पूर्णाहुति होगी। इस दौरान श्रद्धालु आशापुरा माता मंदिर में धोक लगाकर विशेष पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की जाएगी।

### दो स्थानों पर होगी भजन संध्या

पैदल यात्रा संघ की रवानगी से पूर्व शनिवार रात्रि में पावटी गोलुआ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्य म में गायक कलाकार श्याम पालीवाल व प्रवीण प्रजापत द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही नृत्य कलाकार रवि वणजारा पाली एवं कुलदीपसिंह सिरोही की ओर से नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। 23 मार्च को फैदाणी गांव के खेतलाजी मंदिर में भी भजन कार्य म होगा। जिसमें प्रवीण माली एंड पार्टी उड़ व नृत्य कलाकार भरत प्रजापत की ओर से प्रस्तुतियां दी जाएगी।



# अज्ञात कारणों से लगी आग से छप्पर स्वाह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** जाखड़ी स्थित एक रहवासी छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लगने से छप्पर में रखी नकदी, सामान, सिलाई मशीन समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। पुलिस के अनुसार ईश्वरलाल गर्ग उसके खेत में कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक से रहवासी छप्पर में आग लग गई। आग की सूचना पर आस-पास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। तब तक छप्पर में रखी नकदी, सामान, सिलाई मशीन सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। समाज सेवी विष्णुपालसिंह देवड़ा ने बताया कि आग के कारण पीड़ित किसान को काफी नुकसान हुआ है।

# जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** विश्व उपभोक्ता दिवस को लेकर 15 से 21 मार्च तक उपभोक्ता जागृति सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार शाम को कलक्ट्रेट सभागार में जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला रसद अधिकारी व जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने दी।

# वार्षिक कर जमा नहीं करवाने पर कार्रवाई शुरू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने बकाया कर वार्षिक कर जमा नहीं करवाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला परिवहन अधिकारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा वार्षिक कर देय भारत वाहनों के वित्तीय वर्ष 2025-26 का अग्रिम कर जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई थी। उन वाहनों के विरूद्ध विभाग द्वारा सख्त कार्यवाही करते हुए वाहनों का जब्त किया जा रहा हैं। विभाग की ओर से इ-रवन्ना में ओवरलोड माल का परिवहन करने वाले वाहनों के चालानों में 95 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही हैं।

# वेंडर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

# एक माह से नहीं मिल रहे स्टाम्प, लोग परेशान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** उपखंड मुख्यालय पर पिछले एक माह से भी ज्यादा वक्त से सांचौर उपकोष कार्यालय में स्टाम्प उपलब्ध नहीं होने से स्टाम्प वेंडरों एवं आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही स्टाम्प उपलब्ध नहीं होने से राजकोष को भी भारी नुकसान हो रहा है। इसे लेकर स्टाम्प वेंडर एसोसिएशन ने जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन सौंप समस्या के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि कार्यालय उपमहानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक वृत-पाली की ओर से इस साल 6 मार्च को जारी आदेश 1594/1631 के तहत स्टाम्प वेंडरों को अधिक से अधिक मात्रा में स्टाम्प क्रय करने के निर्देश जारी किए है। लेकिन उक्त आदेश की भी पालना नहीं की जा रही है। सभी स्टाम्प वेंडर उपकोष कार्यालय-सांचौर में पिछले 15 दिनों से मौखिक रूप से निवेदन कर स्टाम्प उपलब्ध करवाने का मांग कर रहे है किन्तु अभी तक स्टाम्प उपलब्ध नहीं करवाए गए है। जबकि हम स्टाम्प वेंडरों को बुधवार को ही 20 लाख से भी अधिक के स्टाम्पों की आवश्यकता है। ज्ञापन के जरिए उपकोष सांचौर में पर्याप्त मात्रा में स्टाम्प उपलब्ध करवाने की मांग की। इस अवसर पर गिरीश वैष्णव, विष्णुदास वैष्णव, प्रवीण वैष्णव सहित कई वेंडर मौजूद थे।

# जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में परिवादों का किया निस्तारण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को बाकरा रोड ग्राम में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर डॉ. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान समेत कई परिवाद प्रस्तुत किए। जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जालोर उपखंड अधिकारी मनोज चौधरी, तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, विकास अधिकारी प्रदीप मायला आदि मौजूद थे।

# शिविर के दूसरे दिन 180 दिव्यांगों को वितरित किए उपकरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** भगवान महावीर विकलांग कल्याण समिति जयपुर, जिला विकलांग कल्याण समिति जालोर, हेल्पिंग नेचर फाउंडेशन व ग्राम पंचायत जुंजाणी के भामाशाहों के आर्थिक सहयोग से आयोजित चार दिवसीय शिविर के दूसरे दिन बुधवार को 180 दिव्यागों को उपकरण वितरित किए गए। इसके तहत ट्राइ साइकिल 25, बैसाखी 15, कान की मशीन, 60 नेत्रहीन के लिए छड़ी, 30 वृद्धजन के लिए छड़ी, 20 हाथ व 30 पैर सहित कूल 180 उपकरण वितरित किए गए। जिला परियोजना अधिकारी भंवरकवर, घेवरचंद राजपुरोहित, वागसिंह राव, आसिफअली, डॉ ओखाराम बॉस, रेवाराम सेन, राजेश सोनी, हीरालाल सोनी, डॉ लक्ष्मण, डॉ भीमाराम, कैलाश पुरोहित, जेपाराम, राहुल शर्मा, कैलाशपुरी एवं जिला महामंत्री घेवरचंद राजपुरोहित आदि का सहयोग रहा।

# शीतला सप्तमी पर मेला कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुड़तरा सिली।** शीतला सप्तमी का मेला शु वार का आयोजित किया जाएगा। आयोजन कमेटी के दिलीप राजपुरोहित के अनुसार मेला महोत्सव के दौरान दर्शनार्थ आने वाले अलग-अलग लाइन की व्यवस्था की जाएगी एवं सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। ग्राम विकास अधिकारी नितेश कुमार के अनुसार पंचायत की ओर से बिजली-पानी की व्यवस्था की गई है। उधर आसपास के गांवामें में शुक्रवार को शीतला सप्तमी मनाई जाएगी। गुरुवार को भोजन तैयार किया जाएगा। दूसरे दिन माता को भोग लगा इस भोजन को ग्रहण किया जाएगा। परंपरानुसार शीतला सप्तमी पर घरों में चूल्हे नहीं जलेंगे। महिलाएं सजधक कर मंदिर पहुंचेगी एवं परंपरानुसार दर्शन पूजन कर ठंडे भोजन का भोग लगा परिवार की सुख समृद्धि की कामना करेगी। माता को छोलिया चढा कर बच्चे के लंबी आयु की कामना करेगी। गुरुवार को भजन सध्या का आयोजन किया जाएगा।

# बैठक में दिया मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटिरहित बनाने पर जोर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** उपखंड कार्यालय में बुधवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक एसडीएम मोहित कासनिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। एसडीएम कासनिया ने बताया कि मतदाता सूची को गुणवत्तापूर्वक तैयार करने के लिए सरकार द्वारा बूथ स्तरीय अधिकारियों की नियुक्तियां की गई है। ऐसे में इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजनीतिक दलों द्वारा बूथ स्तरीय अभिकर्ता नियुक्त कर सहयोग करना होगा। ताकि मतदाता सूची शत प्रतिशत शुद्ध व त्रुटिरहित बन सके। कासनिया ने मतदाता सूची में बदलाव एवं शुद्ध व स्वच्छ तैयार करने के लिए निर्वाचन विभाग व राजनीतिक दलों के आपसी समन्वय बनाने की अपील की। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी मौजूद थे।



# विद्यार्थियों को दी विदाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** कस्बे के स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर में आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्य म में भगवतसिंह राणावत, शिवचरण मीणा, दुर्गाराम देवासी, पांचाराम देवासी, भैराराम देवासी, नरसाराम लोहार, मनोज देवासी, थानाराम मेघवाल, जेपाराम मेघवाल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नृत्य की भी प्रस्तुतियां दी। अतिथियों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान महावीर जीनगर, खेतमल जीनगर, जगदीश कुमार, घनश्याम बैरवा, दीप्ति नगर, पूजा देवल, जयना प्रजापत, दक्षा कुमारी आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार जाविया के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों का श्रीफल व माला के सम्मान कर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया। संस्था प्रधान और गुरुजनों द्वारा छात्रों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद प्रदान कर विदाई दी गई। अध्यापक गुलाबसिंह ने बताया कि अनुशासन ही देश को महान बनाता है। जहां भी उच्च अध्ययन के लिए जाओ वहां अनुशासित रहें। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।



# प्याऊ का किया शुभारंभ




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** शहर के चार रास्ता पर आमजन के पीने के पानी की भारी समस्या को देखते हुए अमृत जल की व्यवस्था का शुभारंभ किया गया है। समाजसेवी हरीसिंह राव ने बताया कि गर्मी के सीजन में लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। आस-पास नगर परिषद ने भी कोई व्यवस्था नहीं कर रखी है। ऐसे में उनके परिवार द्वारा लंबे समय से यह व्यवस्था संचालित की जा रही है। जिस पर इसका शुभारंभ किया गया है।

# शिविर में करीब डेढ़ लाख किसानों ने करवाया पंजीयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अब तक 1 लाख 47 हजार 812 किसानों ने पंजीयन करवाया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत 20 व 21 मार्च को खोखा, वाडा भाडवी, चैनपुरा, नांदिया, सोबडावास व वाडानया में, 20 से 22 मार्च तक भंवरानी, रोडला, पावटा, उम्मेदाबाद, लेटा, सांथू, केशवना, बागरा, रानीवाड़ा खुर्द, रतनपुर, मालवाड़ा, सुरजवाड़ा, खारा, पहाड़पुरा, जाखल, मेड़ा जागीर, पुर तथा 21 व 22 मार्च को पांचोटा, बाला व वलदरा ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# ग्रामीणों को मीठा पानी पिलाने की योजना में लगे प्लांट कई सालों से बंद

## ››› प्रधान बिजलाराम चौहान ने आरओ प्लांट का निरीक्षण कर जल्द शुरू करवाने के दिए निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**गुड़ामालानी।** एक तरफ सरकार की ओर से गांवों में मीठा व शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए लाखों की राशि खर्च कर आरओ प्लांट लगाए गए है। उधर गुड़ामालानी के सोलंकी हिरजी की ढाणी नया नगर में ये आरओ प्लांट गत लम्बे समय से बंद होने के कारण ग्रामीणों को इनका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में सरकार के लाखों का व्यय व्यर्थ साबित हो रहा है।ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लोराइड की अधिक मात्रा को देखते हुए आरओ प्लांट लगाए गए थे। यहां से ग्रामीणों को 10 पैसे प्रतिलीटर शुद्ध व मीठा पानी



उपलब्ध करवाने की योजना थी। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही व जलदाय विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते कई जगह आरओ प्लांट बंद पड़े है। सोलंकी हिरजी की ढाणी नया नगर में लगा आरओ प्लांट बंद होने के साथ देखरेख के अभाव में बबूल की झाड़ियों से घिर गया है। इसके बावजूद जलदाय विभाग के अधिकारियों की ओर से इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अन्य गांवों में लगे आरओ प्लांट की भी जलदाय विभाग की ओर से देखरेख नहीं होने से प्लांट निरर्थक साबित हो रहे है। प्लांट के चारों तरफ करवाई गई तारबंदी टूट गई है। प्लांट परिसर में बबूल की झाड़ियां उग गई है जिससे प्लांट परिसर में घुस पाना ही मुश्किल हो रहा है।

### जल्द करवाएंगे शुरू

इस आरओ प्लांट के संबंध में सम्बंधित अधिकारियों को अवगत करवा दिया है। जल्द ही आरओ प्लांट को शुरू करवाकर ग्रामीणों को मीठा पानी उपलब्ध करवाया जाएगा।

**बिजलाराम चौहान**
**प्रधान गुड़ामालानी**

# रामनवमी पर्व हमें देता है सत्य, धर्म और मर्यादा का संदेश : रावल

## शोभायात्रा में 21 फीट की श्रीराम प्रतिमा होगी आकर्षण का केन्द्र

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** रामनवमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर आदर्श विद्या मंदिर रामझरोखा में मंगलवार को सर्वसमाज के प्रतिनिधियों की बैठक संघ के जोधपुर प्रांत के धर्म जागरण संयोजक रामचन्द्र रावल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। विहिप के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी महोत्सव पहले से अधिक भव्य और ऐतिहासिक रूप में मनाया जाएगा। जिसके लिए रामनवमी महोत्सव समिति का गठन किया गया। रामचन्द्र रावल ने कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आदर्शों और धार्मिक परंपराओं की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह उत्सव हमें सत्य, धर्म और मर्यादा का संदेश देता है। समिति के प्रसार प्रचार प्रमुख संजय कुमार वर्मा ने बताया कि इस वर्ष भगवान राम की 21 फीट की प्रतिमा आमजन के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगी। वर्मा ने बताया कि 6 अप्रैल को रामनवमी महोत्सव के तहत शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा का शुभारंभ रामझरोखा मंदिर प्रांगण से होगा जो विभिन्न मार्गों से होते हुए पैलेसरोड स्थित राममंदिर प्रांगण में शोभायात्रा का समापन होगा। समिति के अध्यक्ष केशरसिंह ने नगरवासियों से शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में आने का आह्वान किया है।



### समिति ने इनको दी जिम्मेदारी

कार्यक्रम संयोजक मांगूसिंह बावली, उपाध्यक्ष नारायण लोहार, हिरालाल माली, माधुसिंह आकुना, महामंत्री शंकरलाल माली, शिवलाल सुथार, कार्यक्रम समन्वय प्रमुख कैलाश जोशी, कोषाध्यक्ष पुखराज सुथार, सह कोषाध्यक्ष कपील त्रिवेदी, राजेन्द्रसिंह, बस्ती संयोजक हिमांशु राजपुरोहित, सह बस्ती प्रमुख भगवतसिंह, नगर सजावट प्रमुख प्रशांतसिंह, सह नगर सजावट प्रमुख जब्बरसिंह, अनिल सगरवंशी, सह प्रचार प्रसार प्रमुख लोकेश खण्डेलवाल, झाकी प्रमुख सुनिल गुप्ता, मदन सेन, राम मूर्ति प्रमुख जसवंत माली, भजन मंडली प्रमुख इन्द्रा खत्री सह भजन मंडली प्रमुख पिंकी राजपुरोहित, कार्यालय प्रमुख प्रकाश सेन, शोभायात्रा प्रमुख रेवाशंकर रावल, सह प्रमुख विक्रमसिंह इन्दा, समाज सम्पर्क प्रमुख शिवलाल जीनगर एवं हितेश ओझा एवं मनोज पुरोहित को मनोनित किया गया है ।



## न्यूज़ ब्रीफ

### विद्यार्थियों ने ली राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालन्द्री।** कस्बे के प्रयागराज एवं महावीर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के ८८३ विद्यार्थियों को नेताजी फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लुम्बाराम मेघवाल ने निःशुल्क शिक्षा देकर उनको राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा दी। मेघवाल ने विद्यार्थियों को युवा पीढी में नवाचार कार्य' म के तहत सुखद संदेश दिया। प्रयागराज विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयसिंह परमार, महावीर रा.बा.उ.मा. वि विद्यालय के संस्था प्रधान मुकेश कुमार सुथार,का सहयोग रहा। जब्बरसिंह परमार, व्याख्याता जेएल डांगी, दिलीपसिंह बारड़, महेन्द्रसिंह सोलंकी, संदीप सूर्याल, संजय कुमार, अर्जुन कुमार सुथार, भुवनेश कुमार, जुगल किशोर, शंकरलाल, कमलेश कुमार मीणा, शैलेन्द्रसिंह परमार, सुश्री गीता कुकरेजा, श्रीमती संतोष गौड मौजूद रहे।

## केंद्रीय विद्यालय खुलने की राह हुई आसान

**» सांसद चौधरी की मेहनत लाई रंग**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** सांसद लुंबाराम चौधरी के अथक प्रयासों से सिरोही में अब केंद्रीय विद्यालय खुलने की राह आसान हो गई है। बुधवार को केंद्र सरकार की एक टीम ने सिरोही पहुंचकर स्कूल भवन एवं जमीन का मौका मुआयना किया। अगर सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले नए सत्र जुलाई 2025 से पहली से पांचवीं (प्रथामिक स्तर) की कक्षाएं चालू हो जाएगी। साथ ही केंद्रीय टीम ने सिरोही में केन्द्रीय विद्यालय के लिए नवीन भवन, आवास, खेल मैदान इत्यादि के लिए प्रस्तावित भूमि का भी अवलोकन किया गया। ज्ञात रहे कि सांसद लुम्बाराम चौधरी पिछले छह माह से केन्द्रीय विद्यालय को सिरोही मुख्यालय पर खुलवाने के लिए प्रयासरत है। इसी दिशा में अब उनके द्वारा किये गये प्रयासों की सफलता के रुप मे सिरोही जिले को केन्द्रीय विद्यालय



मिलना लगभग तय हो गया। जिससे सिरोही के बालक-बालिकाओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर पैदा होगें। एडीएम दिनेशराय सपेला, एसडीएम हरिसिंह देवल, तहसीलदार जगदीश कुमार, केंद्रीय विद्यालय संगठन के डिप्टी कमिश्नर डॉ अनुराग यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष चिराग रावल,नगर मंत्री राजेंद्रसिंह चौहान, गोपाल मीणा, बाबूलाल मीणा, खुशवीरसिंह, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग दिलीप कोरी, जिला शिक्षा अधिकारी मृदुला व्यास सहित पीडब्लूडी, रमसा के अधिकारी मौजूद थे।



## मनरेगा मजदूरों को नहीं मिला पांच पखवाड़े से मजदूरी का भुगतान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य पर जुटे प्रदेश के लाखों मजदूरों को पिछले पांच पखवाडे से मजदूरी का पैसा नहीं मिल पाया है। इस बात का खुलासा बुधवार को उस समय हुआ जब पूर्व पूर्व विधायक संयम लोढ़ा को राडबर के मनरेगा मजदूरों ने उन्हें भुगतान नहीं होने की जानकारी दी। इस पर लोढ़ा ने ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा से दूरभाष पर बात की तो पता चला कि केन्द्र सरकार की ओर से मनरेगा मजदूरों के भुगतान की राशि नहीं मिलने की वजह से यह स्थिति हुई है। लोढा ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी से फोन पर बात कर वास्तविकता जाननी चाही तो बताया गया कि यह सही है कि मजदूरों को पांच पखवाडे से भुगतान नहीं मिला है। यह स्थिति केवल सिरोही जिले की ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में है। इसके बाद लोढा ने जिला कलक्टर से बात करनी चाही तो वे किसी मिटींग में व्यस्त थी। आखिरकार लोढा ने मनरेगा कार्य स्थल से ही ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा से दूरभाष पर वार्ता कर मजदूरों को भुगतान नहीं होने की जानकारी दी। हालाकि उन्होंने लोढा का आश्वस्त किया कि अप्रैल माह में मजदूरों को भुगतान कर दिया जाएगा।

## माधव के विद्यार्थियों ने देखा मेहरानगढ़ का किला



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थियों ने जोधपुर स्थित ऐतिहासिक स्थल मेहरानगढ़ किले का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर एवं वास्तुकला के बारे में ज्ञान प्रदान करना था। अधिष्ठाता डॉ. प्रीणन बागची ने बताया कि मेहरानगढ़ का किला भारत के प्राचीनतम और विशालतम किलो में से एक है। जो अपनी अद्भुत संरचना और अजेयता के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि इस किले को आज तक कोई जीत नहीं पाया है। जिससे इसकी ऐतिहासिक महत्ता और भी बढ़ जाती है। कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष संगीतासिंह ने विद्यार्थियों को किले के ऐतिहासिक पहलुओं और सांस्कृतिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस शैक्षणिक भ्रमण में करीब 100 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को बेहद ज्ञानवर्धक और रोचक बताया। इस सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में ऐसे शैक्षणिक भ्रमणों को निरंतर आयोजित करने पर बल दिया।

## बाल कौशल मेले का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालंद्री।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालन्द्री में बुधवार को व्यावसायिक शिक्षा के तहत कक्षा 6 से 8वीं तक विद्यार्थियों के लिए बाल कौशल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें अनुपयोगी सामग्री से विभिन्न उपयोगी सामग्री बनाई। प्रभारी और व्याख्याता दुर्गाराम ने बाल कौशल मेला की रूपरेखा प्रस्तुत की। समस्त व्यावसायिक मेले की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसका समस्त अध्यापकों मय विद्यार्थियों ने अवलोकन किया। अव्वल प्रतिभाओं का प्रधानाचार्य अमृतलाल माली ने सम्मान किया। व्याख्याता सनत आढा, जितेद्र कुमार, श्रवण कुमार, बाबूलाल, जतिन कुमार गजेन्द्र सोलंकी ने निर्णायक भुमिका निभाई।

## डीएमसीएमसी के सदस्य खबरों पर बारीकी से रखें नजर : चौधरी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** लोकसभा आम चुनाव 2024 मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी जिलास्तर पर एमसीएमसी कमेटी की बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि जिले में डीएमसीएमसी सक्रिय रहकर विभिन्न मीडिया के माध्यम से यथा समाचार पत्र, पत्रिकाओं, समाचार चैनल और सोशल मीडिया की नियमित रूप से प्रभावी निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया के माध्यमों से निर्वाचन आयोग और चुनावी प्रक्रिया के सबंध में प्रकाशित अथवा प्रसारित संवेदनशील खबर और सूचना विशेष पर नजर रखें। किसी भ्रामक, गलत अथवा संदेहस्पद सूचना के प्रकाशन पर त्वरित संज्ञान लेकर संबंधित विभाग अथवा शाखा से तथ्यात्मक विवरण प्राप्त कर सही जानकारी एवं तथ्य सार्वजनिक रूप से प्रकाशित किए जाएं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश राय सापेला ने कहा कि जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय का प्रभारी अधिकारी



समिति का सदस्य सचिव है। समिति को अधिक सजग और सक्रिय से जुड़ी सूचनाओं की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला समिति स्थानीय स्तर पर प्रकाशित अथवा प्रसारित हुई फेक न्यूज तथा उसके विषय में की गई कार्रवाई के बारे में विभाग को तत्काल अवगत कराए। उन्होंने जन संचार के माध्यमों से भ्रामक अथवा गलत खबरों, सूचनाओं के प्रसारण को रोकने के लिए निर्वाचन विभाग की गाइडलाइन में दी गई प्रभावी कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सदस्य सचिव एवं पीआरओ कार्यालय के फूलाराम निर्वाचन विभाग की ओर से गठित जिलास्तरीय डीएमसीएमसी सदस्यों के क्रियाकलापों एवं सजग रहकर मॉनिटरिंग के संबंध में जानकारी दी। बैठक में सिरोही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी ( एसडीएम) हरिसिंह देवल ने निर्वाचन विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के संबंध में जानकारी दी। केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रभारी फूलचंद गहलोत, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक गोविन्द चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्रसिंह परिहार आदि मौजूद थे।

## अतिक्रमण की जद में आकराभट्टा-पाण्डूरी मार्ग, जिम्मेदार मौन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**तलहटी।** पाण्डूरी से आकराभट्टा जाते समय मोरथला चौराह पर सड़क के समीप आवासीय कॉलोनीयों का निर्माण किया जा रहा हैं। सड़क सीमा में ही चारदीवारी का निर्माण किया गया। ऐसे में सड़क के पास होने वाले अतिक्रमण के कारण लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं गेट भी सड़क की ओर खोले है। जिससे सामने से आ रहे वाहनों नहीं दिखने से आए दिन हादसे हो रहें हैं। सड़क के मध्य से अस्सी फिट तक सड़क के दोनो तरफ किसी भी प्रकार का कोई भी निर्माण नहीं किया जाता है। यदि सड़क सीमा में अतिक्रमण पाया जाता है। तो नियमानुसार कार्यवाई की जाती है। लेकिन, यहां ऐसा कुछ भी नही हैं। सड़क सीमा में अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को लिखित में अवगत करवाया गया। लेकिन, विभाग की ओर से समस्या का समाधान नही हो पाया। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त हैं।

## महिला उद्यमिता पर कार्यशाला का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** हैंड इन हैंड इंडिया संस्था द्वारा महिला उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण के लिए जिला परिषद के सभाभवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीपीएम अंबिका राणावत, महिला अधिकारिता विभाग की अंकिता राजपुरोहित, पीरामल फाउंडेशन से राजेन्द्र कुमार, गोल सरपंच इन्द्र रावल, खाम्बल सरपंच मनोहर कंवर



उपस्थित रहे। एनजीओ के मुख्य प्रबंधक राजीव राजपुरोहित ने संस्था के कार्यो से अवगत कराया। वरिष्ट परियोजना प्रबंधक शैलेश सिकरवार ने कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। कार्यक्रम में अनुभवी महिला उद्यमियों का समूह बनाया गया। जिसमे अलग अलग कार्य करने वाली महिलाओ को जोड़ा गया। महिलाओं के लिए विजिटिंग कार्ड प्रकाशित किए गए। जो भविष्य में उनके कार्यों में मदद करेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हैंड इन हैंड संस्था के सिरोही एवं पिंडवाड़ा स्टॉफ का सहयोग रहा।

## नई धनारी को पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरुपगंज।** पंचायत पुनर्गठन में नई धनारी को पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को जिला कलेक्टर, पंचायती राज्यमंत्री, सांसद व उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पंचायत पुनर्गठन में नई धनारी व गोलिया को मिलाकर नवीन पंचायत बनाने व नई धनारी गांव को पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग की। नई धनारी प्रतिनिधिमंडल के सुरेश हीरागर ने बताया कि ग्राम पंचायत धनारी में कुल चार राजस्व गांव है। जिसमें धनारी, नई जमीन, नई धनारी व गोलिया शामिल है। वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार नई धनारी की जनसंख्या 2144 वही गोलिया की 1083 है। नई धनारी गांव राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर स्थित है व दोनों गांव के लिए आवागमन में सुविधा रहेगी, वहीं जनसंख्या व संसाधन उपलब्धता के आधार के दृष्टिकोण से भी ग्राम पंचायत मुख्यालय के लिए उपयुक्त है। शिवराम प्रजापत, नारायणलाल हीरागर, रतिलाल प्रजापत, सोमाराम छीपा, थानाराम प्रजापत, प्रवीण राजपुरोहित, प्रवीण सुथार, पंकज प्रजापत, जितेंद्र सुथार, दिलीप प्रजापत, प्रतापराम, छोगालाल, भूराराम सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## चतुर्थ श्रेणी के भरोसे ग्राम पंचायत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** ग्राम पंचायत जनापुर में ग्राम विकास अधिकारी, सरपंच, उप सरपंच समेत दस वार्ड पंच है। इसके बावजूद आए दिन ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बुधवार को ग्राम पंचायत जाकर देखा तो वहां पर एक चतुर्थश्रेणी कर्मचारी तैनात था। इसके अलावा ग्राम विकास अधिकारी के कार्यालय बंद था। वहां खड़ी एक महिला को आने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि कई दिनों से एक काम के लिए आ रही हूं। लेकिन, यहां अधिकारी नहीं होने के कारण काम नहीं हो रहा है। विडीयो को फोन लगाया तो उन्होंने बैठक का हवाला दिया। यहां जिम्मेदार नहीं होने के कारण ग्रामीणों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है।



## रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 3,48,350 पशुओं का होगा टीकाकरण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले के 3 लाख 48 हजार 400 गाय तथा भैंस में खुरपका मुहपका रोग नियंत्रण के लिए जिले के 3 लाख 48 हजार 350 टीकाकरण पशुपालकों के घर घर जाकर लगाए जाऐंगे। टीकाकरण का आगाज मंगलवार को किया गया जो 17 मई तक चलेगा। इसके लिए विभाग के सभी अधिकारी एवं कार्मिकों को नियुक्त किया है। जिले में गाय तथा भैंस की संख्या 4 लाख 16 हजार है। ब्लॉक स्तर के नोडल अधिकारी से प्राप्त कार्य योजना अनुसार ग्रामवार एवं दिनांक वार कार्य' म जारी टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए पशुपालक का भारत पशुधन एप पर पंजीकरण व टीकाकरण का इन्द्राज किया जाएगा।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का निर्देश

# विकास और तकनीक-आधारित योजना को 'महाटेक' जरूरी



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भविष्य के विकास और योजना प्रक्रिया में तेजी लाकर एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'महाटेक' संस्था की स्थापना करने का निर्देश दिया है। यह संस्था राज्य में भू-स्थानिक) तकनीक और सूचना तकनीक का समावेश करके व्यवस्था को मजबूत करेगी। भू-स्थानिक तकनीक से संबंधित एक बैठक मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में विधानमंडल कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य वन संरक्षक रविकिरण गोवेकर ने एक प्रस्तुति के माध्यम से प्रशासन में भू-स्थानिक तकनीक और अंतरिक्ष तकनीक के उपयोग के बारे में जानकारी दी। इस प्रस्तुति में केंद्र सरकार की स्वायत्त संस्था भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान और महाराष्ट्र रिमोट सेंसिंग एप्लिकेशन सेंटर के बारे में भी बताया गया। लोक-कल्याणकारी, पारदर्शी प्रशासन और विकास की गति को बढ़ाने के लिए, साथ ही सरकारी विभागों की योजना प्रक्रिया, संपत्ति प्रबंधन आदि के लिए भू-स्थानिक जानकारी का उपयोग करना आवश्यक है। इस उद्देश्य से अंतरिक्ष तकनीक (स्पेस टेक्नोलॉजी) का उपयोग करने के लिए 'महाटेक' संस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। 'महाटेक' की स्थापना के लिए, प्रारंभिक चरण में भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान को सलाहकार के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि 'महाटेक', सूचना प्रौद्योगिकी और एमआरसैक के समन्वय से सभी विभागों के कार्यों में तेजी लाई जा सकती है।

### कोकण रेलवे महामंडल के विलय का रास्ता साफ

■ भविष्य की परियोजनाओं के लिए और आवश्यक वित्तीय संसाधनों की कमी की समस्या को हल करने के लिए, केंद्र सरकार के प्रस्ताव के अनुसार कोकण रेलवे महामंडल का भारतीय रेलवे में विलय किया जाएगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में की। विधान परिषद सदस्य प्रवीण दरेकर ने कोकण रेलवे महामंडल से संबंधित एक ध्यानाकर्षण सूचना प्रस्तुत की थी। जिसका उत्तर मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिया। कोकण रेलवे महामंडल की स्थापना महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और केरल इन चार राज्यों के सहयोग से की गई थी।

### महाराष्ट्र नागरिक सेवा नियमों में होगा बदलाव

■ महाराष्ट्र नागरिक सेवा (आचरण) नियम 1979 को तैयार करते समय सोशल मीडिया का अस्तित्व नहीं था, इसलिए इसमें सोशल मीडिया के उपयोग से संबंधित कोई उल्लेख नहीं था। बदलते समय और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, आगामी तीन महीनों में इन नियमों में संशोधन किया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को सोशल मीडिया का उपयोग जनता से संवाद स्थापित करने और सार्वजनिक हित के लिए करना चाहिए।

### यूपीएससी की तर्ज पर एमपीएससी परीक्षा

वर्ष 2025 से महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग की परीक्षाएं संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा पद्धति के अनुसार वर्णनात्मक (डिस्क्रिप्टिव) प्रारूप में आयोजित की जाएंगी। साथ ही, इन प्रतियोगी परीक्षाओं और साक्षात्कारों का संपूर्ण समय सारणी तैयार कर उसके अनुसार परीक्षाएं ली जाएंगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में की।



# बीकेसी में बनेगा नया संग्रहालय : शेलार



▶▶ महाराष्ट्र की विरासत को मिलेगा बढ़ावा
▶▶ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में एक राज्य स्तरीय सांस्कृतिक केंद्र और संग्रहालय स्थापित करेगी। यह सुविधा 14,418 वर्ग मीटर में फैलेगी। राज्य के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने राज्य विधानसभा में इस परियोजना की घोषणा की। सांस्कृतिक केंद्र में एक शोध सुविधा, कला दीर्घाएं और एक सभागार होगा। यह महाराष्ट्र की विरासत को बढ़ावा देगा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करेगा। यह घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों पर्यटकों को आकर्षित करेगा। दुनिया भर के कलाकारों को अपना काम दिखाने के लिए एक मंच मिलेगा। यह संग्रहालय ऐतिहासिक कलाकृतियों का विशाल संग्रह होगा जो महाराष्ट्र के गौरव में और इजाफा करेगा। सांस्कृतिक मामलों का विभाग परियोजना को संभालेगा। विकास के लिए राजस्व विभाग से एक भूखंड हस्तांतरित किया जाएगा।

### राज्य सरकार एवं बीएमसी मिलकर करेंगे रखरखाव

मिलकर करेंगे रखरखाव नया संग्रहालय मुंबई में मौजूदा संस्थानों से प्रेरणा लेगा। डॉ. भाऊ दाजी लाड संग्रहालय और छत्रपति शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय मॉडल के रूप में काम करेंगे। राज्य सरकार और बीएमसी संयुक्त रूप से छत्रपति शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय का रखरखाव करते हैं।

### संग्रहालय की विशेषताएं

- प्रदर्शनियों में प्राचीन और मध्यकालीन स्थापत्य खंडहर, हथियार, कपड़े, वेशभूषा, मूर्तियां, शिलालेख, ताम्रपत्र और खुदाई में मिली वस्तुएं शामिल होंगी।
- प्रसिद्ध कलाकारों की दुर्लभ पेंटिंग भी प्रदर्शित की जाएंगी।
- यह संग्रहालय इतिहास के बहुमूल्य टुकड़ों को संरक्षित करके अतीत और भविष्य के बीच एक कड़ी के रूप में काम करेगा।

## बढ़ती गर्मी से निपटने को प्रशासन तैयार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार मुंबई, ठाणे और नागपुर के लिए हीट रेजिलिएशन फ्रेमवर्क पर काम कर रही है। इससे बढ़ते तापमान और हीटवेव की घटनाओं के लिए तैयारियों और प्रतिक्रिया में सुधार होगा। यह राज्य में अपनी तरह की पहली परियोजना होगी। यह फ्रेमवर्क सामाजिक और आर्थिक पहलुओं जैसे कारकों के आधार पर प्रत्येक शहर की भेद्यता का पता लगाएगा। यह वार्ड स्तर पर हीट-स्ट्रेस-प्रवण क्षेत्रों का मानचित्रण भी करेगा। रिपोर्टों के अनुसार, यह संरचित दृष्टिकोण उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करने में मदद करेगा, जिनमें तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। इस फ्रेमवर्क में तीन प्रमुख घटक हैं जिसमें पहला तैयारी चरण है, जो हीटवेव से पहले तत्परता के मानक निर्धारित करता है। दूसरा अत्यधिक गर्मी की घटनाओं के दौरान प्रतिक्रिया रणनीतियों पर केंद्रित है। वहीं तीसरा भविष्य के जोखिमों को कम करने के लिए दीर्घकालिक समाधानों को शामिल करता है। मुंबई, ठाणे और नागपुर को अलग-अलग कारणों से चुना गया था। ठाणे शहरीकरण और हरित क्षेत्रों के नुकसान के कारण बढ़ते हीट स्ट्रेस का सामना कर रहा है। मुंबई शहरी हीट आइलैंड प्रभाव, उच्च आर्द्रता और भारी वर्षा से जूझ रहा है।

# हटनी चाहिए औरंगजेब की कब्र : शिवसेना

▶▶ केंद्र को पत्र लिखने की तैयारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में औरंगजेब कब्र विवाद पर एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना का बड़ा बयान सामने आया है। सरकार में मंत्री शंभूराजे देसाई ने कहा है कि आरएसएस एक अलग संस्था है। वह अपना विचार रख सकती है लेकिन शिवसेना की भूमिका स्पष्ट है औरंगजेब की कब्र हटनी ही चाहिए। महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कब्र को ASI का प्रोटेक्शन मिला हुआ है। हम केंद्र को पत्र लिखेंगे ताकि इस संरक्षण को हटाया जाए। इसके लिए हमारे सांसद दिल्ली जाएंगे। ASI से फॉलोअप लेते रहेंगे। मंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब नागपुर में हिंसा के बाद इलाके में तनाव है।

### ▶▶ उद्धव भी चाहते हटाई जाए कब्र

इससे पहले शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे के नेता उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी पर '400 साल पुराने मुद्दे' को उठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को खुल्दाबाद में मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटा देना चाहिए। ठाकरे ने कहा, "औरंगजेब की कब्र को तुरंत हटा दें लेकिन ऐसा होने पर नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को बुला लें।

### ▶▶ औरंगजेब कब्र के आसपास कड़ी सुरक्षा

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की दक्षिणपंथी संगठनों की धमकी के बीच आसपास के इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने आगंतुकों के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है और पर्यटकों से पहचान संबंधी दस्तावेज मांगे हैं। पुलिस ने खुल्दाबाद शहर के प्रवेश द्वार से लेकर समाधि स्थल तक के मार्ग पर कई सुरक्षा चौकियां स्थापित की हैं।

## दंगों में लोग पत्थर ही फेंकते : असलम शेख

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर में हुई हिंसा पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस विधायक असलम शेख ने एक ऐसा बयान दिया है, जिस पर विवाद हो सकता है। असलम शेख ने कहा है कि दंगों में लोग पत्थर ही फेंकते हैं, इसे कश्मीर की तर्ज पर हो रहे पथराव से जोड़ना ठीक नहीं है। बता दें कि इससे पहले महाराष्ट्र गृह विभाग के सूत्रों के हवाले से खबर आई थी कि नागपुर में हुए पथराव का पैटर्न 'कश्मीर स्टोन पेल्टिंग' की तरह नजर आ रहा है। नागपुर में उपद्रवियों ने बड़े पैमाने पर पथराव और आगजनी की थी। हिंसा में 34 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। असलम शेख ने नागपुर में हुए बवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'पूरे देश में जहां भी दंगे होते हैं, वहां पर दंगाई पत्थर ही फेंकते हैं, इसलिए इसे कश्मीर से जोड़ना उचित नहीं है।

# अवैध बांग्लादेशियों को काम पर रखा तो खैर नहीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र में अब ठेकेदार अपनी परियोजनाओं में बांग्लादेशियों को काम पर नहीं रख सकेंगे। राज्य सरकार ने हाल ही में मुंबई के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। दरअसल, सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में सुरक्षा के चलते यह फैसला उठाया है। बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान पर घर में हुए हमले में भी हमलावर के तार बांग्लादेश से जुड़ रहे थे। जानकारी के मुताबिक, गृहराज्य मंत्री योगेश कदम ने विधानसभा में बताया है कि डेवलपर्स और ठेकेदारों से कहा है कि वह वचन देंगे कि किसी बांग्लादेशी को काम पर नहीं रखेंगे। इस संबंध में महाराष्ट्र सरकार की ओर से उन्हें सूचित भी कर दिया गया है। अगर कोई बांग्लादेशी प्रोजेक्ट में देखा जाता है, तो उनकी जिम्मेदारी है कि पुलिस को खबर करेंगे।

महाराष्ट्र सरकार ने ठेकेदारों के लिए जारी किए आदेश

### बंगाल में बनाए गए अधिकांश दस्तावेज

कदम ने कहा, 'गिरफ्तार किए गए 400-500 बांग्लादेशियों में से केवल 20-25 को ही अदालती कार्यवाही के बाद निर्वासित किया जा सकता है।' कदम ने कहा कि उनमें से ज्यादातर के पास दस्तावेज थे और 99% मामलों में ये दस्तावेज बंगाल में बनाए गए थे।' अदालत में, हमें साबित करना होगा कि ये दस्तावेज फर्जी हैं। पश्चिम बंगाल सरकार सहयोग नहीं करती और हमारी मदद नहीं करती।'



### बांग्लादेशियों को गिरफ्तार कर निर्वासित किया

कदम ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के इतिहास में सबसे ज्यादा बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया और निर्वासित किया है। 2024 में, राज्य ने 202 बांग्लादेशियों को निर्वासित किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि राज्य बांग्लादेशी प्रवासियों के पास मौजूद दस्तावेजों के बारे में बंगाल सरकार से सहयोग की कमी के कारण ज्यादातर गिरफ्तारियों को निर्वासन में नहीं बदल पा रहा है।

### मनीषा चौधरी के सवाल का दिया जवाब

कदम ने कहा, 'पुलिस और श्रम विभाग ने मुंबई और ठाणे में बांग्लादेशियों को काम पर रखने के बारे में ठेकेदारों और डेवलपर्स से पूछताछ की, लेकिन जानकारी देने में देरी हुई। इसके बाद मुंबई के संरक्षक मंत्री ने एक बैठक की और कहा कि मुंबई के ठेकेदारों और डेवलपर्स को वचन देना होगा कि वे बांग्लादेशी मजदूरों को काम पर नहीं रख रहे हैं। कदम भाजपा विधायक मनीषा चौधरी द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

युजवेंद्र-धनश्री तलाक

# बॉम्बे हाईकोर्ट से कूलिंग-ऑफ अवधि माफ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा की आपसी सहमति से तलाक की याचिका में छह महीने की कूलिंग-ऑफ अवधि को माफ कर दिया है। अदालत ने निर्देश दिया है कि पारिवारिक न्यायालय गुरुवार (20 मार्च) को इस याचिका पर अंतिम फैसला सुनाए, जिससे चहल आईपीएल 2025 में बिना किसी कानूनी अड़चन के भाग ले सकें। न्यायमूर्ति माधव जामदार की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस तथ्य पर जोर दिया कि चहल और धनश्री पिछले ढाई वर्षों से अलग रह रहे हैं और उन्होंने मध्यस्थता प्रक्रिया के दौरान गुजारा भत्ता संबंधी शर्तों का पालन किया है। चहल 4.75 करोड़ रुपए का गुजारा भत्ता देंगे, जिसमें से 2.37 करोड़ रुपए पहले ही धनश्री को दिए जा चुके हैं, जबकि शेष राशि तलाक के अंतिम आदेश के बाद दी जाएगी। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13बी(2) के तहत, तलाक की याचिका दायर करने के बाद कम से कम 6 महीने की कूलिंग-ऑफ अवधि का प्रावधान है। इसका उद्देश्य पति-पत्नी के बीच सुलह की संभावनाओं को तलाशना होता है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने 2017 में स्पष्ट किया था कि यदि कोर्ट को लगता है कि पुनर्मिलन की कोई संभावना नहीं है, तो वह इस अवधि को माफ कर सकता है। युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा ने 2020 में सगाई की थी और उसी साल दिसंबर में गुरुग्राम में शादी की। लेकिन 2022 से दोनों अलग रह रहे थे। उनके तलाक की खबरें पिछले कुछ महीनों से चर्चा में थीं, लेकिन अब हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद तलाक की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सकती है। अब, हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद चहल के व्यक्तिगत जीवन में एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है, जबकि उनकी क्रिकेट यात्रा पहले से कहीं ज्यादा रोमांचक होने जा रही है।



▶▶ फैसला आज

# महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे गुट को बड़ा झटका

▶▶ कई बड़े नेता शिंदे की शिवसेना में शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट ने ऑपरेशन 'टाइगर' शुरू कर दिया है। इस बीच उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट के दापोली के पूर्व विधायक संजय कदम, छत्रपति संभाजी नगर के पूर्व विधायक भाऊसाहेब पाटिल चिकटगांवकर, शिवसेना में शामिल हो गए हैं। शिंदे गुट में इस प्रवेश से कोंकण और छत्रपति संभाजी नगर में उद्धव गुट के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। शिंदे ने कहा, "दापोली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय कदम बालासाहेब और धर्मवीर आनंद दिघे की शिवसेना में वापस आ गए हैं। कोंकण में शिवसेना का विस्तार हो रहा है। कोंकण में एक सीट को छोड़कर सभी सीटों पर महायुति के विधायकों ने जीत दर्ज की है। कोंकणी जनता हमेशा से बालासाहेब और शिवसेना से प्यार करती आई है।" शिंदे ने कहा कि मंत्री उदय सामंत, मंत्री योगेश कदम कोंकण में काम कर रहे हैं।

### ये भी शामिल

इस मौके पर मुंबई के भांडुप के पूर्व नगरसेवक उमेश पाटिल, चेंबूर की पूर्व नगरसेविका अंजलि नाईक और गोरेगांव की पूर्व नगरसेविका लोचना चव्हाण सहित कई पदाधिकारी, शाखा प्रमुख, उप शाखा प्रमुख, महिला सेना और शिवसैनिक शिवसेना में शामिल हुए। संभाजीनगर के वैजापुर, गंगापुर निर्वाचन क्षेत्र में विधायक रमेश बोरनारे की पहल को पूर्व विधायक भाऊसाहेब पाटिल चिकटगांवकर, पूर्व महापौर साबिर खान, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष दिनकर बापू पवार, माननीय ने समर्थन दिया। जिला परिषद सदस्य बादशाह पटेल, पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष राजू मगर, डॉ. राजू डोंगरे, राम हरि जाधवे, बाबासाहेब जगताप शिवसेना में शामिल हुए।

# आंचल गोयल बनीं मुंबई शहर जिला कलेक्टर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** राज्य सरकार ने IAS अफसरों के तबादलों की गति बढ़ा दी है और हर 8 से 15 दिन में 'ए' श्रेणी अफसरों के तबादलों के आदेश जारी किए जा रहे हैं। महज 15 दिन पहले कुछ जिला कलेक्टरों और नगर आयुक्तों का तबादला किया गया था और अब फिर से 6 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। इन तबादलों में नागपुर के अतिरिक्त नगर आयुक्त को मुंबई शहर में पदोन्नत किया गया है तथा आंचल गोयल को मुंबई का जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि हाल ही में नागपुर शहर दो समूहों के बीच तनाव के कारण सुर्खियों में था, वहीं नागपुर के वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। नागपुर, जलगांव, नांदेड़, पालघर और गढ़चिरौली में अधिकारियों का तबादला किया गया है। इसमें जलगांव जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकित को छत्रपति संभाजीनगर का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसलिए, ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार ने नागपुर और छत्रपति संभाजीनगर में कुछ महत्वपूर्ण प्रशासनिक अधिकारियों को बदल दिया है।



| अधिकारी एवं उनकी नई नियुक्तियां | |
|---|---|
| आंचल गोयल (आईएएस 2014) | मुंबई शहर जिला कलेक्टर |
| अंकित (आईएएस 2019) | मुख्य कार्यकारी अधिकारी, छत्रपति संभाजीनगर जिला परिषद |
| मीनल करनवाल (आईएएस 2019) | मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जलगांव जिला परिषद |
| कावली मेघना (आईएएस 2019) | नांदेड़ जिला परिषद का मुख्य कार्यकारी अधिकारी |
| करिश्मा नायर (आईएएस 2021) | नासिक नगर निगम में अतिरिक्त नगर आयुक्त |
| रंजीत मोहन यादव (आईएएस 2022) | परियोजना अधिकारी, आईटीडीपी और सहायक कलेक्टर, गढ़चिरौली |



# बीएमसी ने रात भर चलाया मुंबई हाईवे पर सफाई अभियान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** बीएमसी इस महीने की शुरुआत से ही राजमार्गों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों पर कई सफाई अभियान चला रहा है। राजमार्गों के अलावा, यह रैंप, सर्विस रोड और आस-पास के इलाकों को भी कवर करता है। नवीनतम घटनाक्रम में, बीएमसी ने मुंबई के वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर यातायात प्रवाह और सफाई में सुधार के लिए सफाई अभियान शुरू किया है। यह अभियान 18 मार्च को शुरू हुआ जो 22 मार्च तक चलेगा।
यह अभियान रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक चलेगा। बीएमसी की टीमें अतिक्रमण हटाने, लावारिस वाहनों को हटाने और सड़कों को साफ करने के लिए विभिन्न मशीनों का उपयोग कर रही हैं। पहली रात को 16.3 किलोमीटर सड़कों की सफाई की गई। इसमें EEH पर 8.8 किलोमीटर, M-पश्चिम, N और L वार्ड और WEH पर 7.8 किलोमीटर, H-पूर्व और K-पूर्व वार्ड शामिल थे। इस अभियान में 16 यांत्रिक मशीनों का इस्तेमाल किया गया, जिनमें स्वीपर, कूड़ा बीनने वाले, मिस्टिंग मशीन, डंपर और पानी के टैंकर शामिल थे। विशेष अभियान के पहले दिन नगर निगम के कर्मचारियों ने वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे से 9.5 टन अपशिष्ट पदार्थ और 25 टन मलबा एकत्र किया और उसका निपटान किया।

### ये किए गए कार्य

- श्रमिकों ने मलबा, कचरा और अवैध होर्डिंग हटाए
- सड़क के चिह्नों, चौराहे के चिह्नों और दिशा-सूचक चिह्नों को साफ किया और रंगा
- सार्वजनिक कूड़ेदानों की भी सफाई और मरम्मत की गई।
- बस स्टॉप पर बैठने की व्यवस्था में भी सुधार किया गया
- पेड़ों के तने रंगे, पौधों के पास अवरोधों को हटाया और सार्वजनिक शौचालयों का रखरखाव किया
- सड़कों को अवरुद्ध करने वाले लावारिस वाहनों को हटाया गया
- सड़क के डिवाइडरों को रंगा गया और उनकी मरम्मत की गई। जहां आवश्यक था, वहां पेवर ब्लॉक हटाए गए
- गहन सफाई के लिए जेटिंग और प्रेशर-वाशिंग मशीनों का उपयोग किया गया
- उन्होंने वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और ईस्टर्न एक्प्रेस हाईवे पर अनधिकृत होर्डिंग और विज्ञापन बोर्ड भी हटाए
- 20 मार्चः बांद्रा से अंधेरी और सायन से घाटकोपर
- 21 मार्चः अंधेरी से कांदिवली और घाटकोपर से विक्रोली को जोड़ने वाली 90 फुट लंबी सड़क
- 22 मार्चः कांदिवली से दहिसर चेक नाका तक 90 फुट लंबी सड़क और विक्रोली से मुलुंड चेक नाका मार्ग। यह अभियान सरकारी, नगरपालिका और निजी सुविधाओं सहित 44 से अधिक अस्पतालों में चलाया गया।

# शहादा में स्थापित किया जाएगा औद्योगिक क्षेत्र : उदय सामंत

**मुंबई।** नंदुरबार जिले के शहादा में नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इस औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के माध्यम से राज्य सरकार इस क्षेत्र में औद्योगिक निवेश और उद्योगों को बढ़ावा देने के प्रति सकारात्मक है, ऐसा उद्योग मंत्री उदय सामंत ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर में कहा। सदस्य राजेश पाडवी ने नंदुरबार जिले में औद्योगीकरण से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना प्रस्तुत की थी, जिसमें सदस्य योगेश सागर ने भी भाग लिया। मंत्री सामंत ने कहा कि राज्य सरकार नंदुरबार जिले में औद्योगीकरण को बढ़ावा देकर वहां के पलायन को कम करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि गुजरात के सूरत से वस्त्र उद्योग नंदुरबार जिले में स्थानांतरित हो रहे हैं, जिसके तहत 1,000 करोड़ के निवेश वाले वस्त्र उद्योग परियोजनाएं जिले में आ रही हैं।

# सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की करेंगे जांच : बावनकुळे

**मुंबई।** जालना शहर के पास सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण के संबंध में उच्च न्यायालय में उपलब्ध पाठक समिति की रिपोर्ट प्राप्त कर जांच की जाएगी। इस रिपोर्ट में दी गई वस्तुनिष्ठ जानकारी के आधार पर इस मामले की गहन जांच की जाएगी, ऐसा राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे ने विधानसभा में कहा। सदस्य अर्जुन खोतकर ने जालना शहर के पास सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण से जुड़ा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया था मंत्री बावनकुळे ने बताया कि इस क्षेत्र की जमीनों के लेन-देन में कई जटिलताएँ उत्पन्न हो गई हैं, जिसके कारण उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार पाठक समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट माननीय न्यायालय में पेश कर दी है। विभागीय आयुक्त को यह रिपोर्ट माननीय न्यायालय से प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। जब तक इस मामले की जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक इस क्षेत्र में बची हुई जमीनों की खरीद-बिक्री पर अस्थायी रोक लगाई गई है। साथ ही, नए लेआउट विकास और भूमि पंजीकरण प्रक्रियाओं पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्री बावनकुळे ने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार इन जमीनों पर बने घरों को सुरक्षा प्रदान करेगी। हालांकि, अगर किसी ने धोखाधड़ी की है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिन नागरिकों ने वैध रूप से घर खरीदे हैं, उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। धोखाधड़ी करने वालों पर राजस्व कानून, पुलिस कानून और अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## राजस्थान पुलिस अकादमी में अपराध शाखा की कार्यशाला संपन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू के निर्देश पर बुधवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में राज्य अपराध शाखा द्वारा एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जांच हेतु नमूना सैम्पलिंग भिजवाने के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण के संबंध में एवं नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (जब्ती, भंडारण, नमूनाकरण और निपटान) नियम, 2022 के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## लोकसभा में प्रदूषित जल और सरसों की खरीद का मामला उठाया

# राजस्थान की नहरों में प्रवाहित जल को प्रदूषित होने से बचाया जाए : बृजेंद्र ओला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** बुधवार को शून्य काल के दौरान सांसद बृजेंद्र ओला ने प्रदेश के 13 जिलों के निवासियों के दर्द को रखकर इसके लिए समाधान करने की मांग की। सांसद ने कहा कि पंजाब में प्रदूषित अपशिष्ट और औद्योगिक अपशिष्ट सतलज व उसकी सहायक नदियों में प्रवाहित हो रहा है। पंजाब से उपरोक्त नदियों का पानी विभिन्न परियोजनाओं के तहत राजस्थान के 13 जिलों में आता है। वर्तमान में तीन अलग—अलग योजनाओं की बात करें तो इनसे राजस्थान के झुंझुनूं समेत 13 जिलों को पानी मिल रहा है। लेकिन यह पानी प्रदूषित अपशिष्ट और औद्योगिक अपशिष्ट से प्रदुषित है। उन्होंने सदन में बताया कि उनकी सरकार के वक्त एनजीटी में यह बात उठाई गई थी। इसके बाद एनजीटी ने प्रदुषित पानी को रोकने के लिए आदेश दिए थे। करीब 650 करोड़ रूपए की योजना भी बनाई गई थी। लेकिन यह अभी तक धरातल पर नहीं उतरी है। लगातार यह प्रदूषित पानी सप्लाई हो रहा है। जिससे अनेक बीमारियां, खासकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी फैल रही हैं है। अगर ध्यान नहीं दिया तो वर्तमान पीढ़ी के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत ही चिंताजनक रहेगा। सांसद ने सदन में भारत सरकार से मांग करी कि जो इन नदियों में पंजाब की औद्योगिक इकाइयों व नगरीय प्राधिकरणों का प्रदूषित जल मिल रहा है। जिससे राजस्थान की नहरों में आपूर्ति हो रहे जल को प्रदूषित कर रहे है। उनको भी रोकने के लिए कोई कठोर कदम उठाएं और शुद्ध पानी ही राजस्थान की नहरों में प्रवाहित किया जाए। जिससे जनता के जीवन को बचाया जा सके।



**सरसों की खरीद एमएसपी की कानूनी गारंटी देते हुए खरीदी जाएं :** इसी तरह, सांसद ओला ने बुधवार को नियम 377 के तहत सरसों खरीद का मामला लोकसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र झुंझुनूं सहित राजस्थान प्रदेश में सरसों का उत्पादन अत्यधिक मात्रा में होता है। देश का लगभग 48 प्रतिशत सरसों का उत्पादन अकेले राजस्थान में होता है। किसानों को उनकी मेहनत का सही दाम नहीं मिल रहा, जिससे वे आर्थिक संकट में घिर रहे हैं। बाजार में सरसों के दाम गिरते जा रहे हैं। जिससे बिचौलियों को फायदा हो रहा है और किसान घाटे में जा रहे हैं। साथ ही सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के बिना ही किसानों की उपज खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर है। जिससे अन्नदाता ठगा हुआ महसूस कर रहा है। खरीद केंद्र दूर होने के साथ साथ वहां पर लंबी लंबी लाइनें लगती हैं। उसके बावजूद किसानो से उनकी फसल भी नहीं खरीदी जाती हैं। बीच बीच में खरीद केंद्र पर फसल खरीदना भी बंद कर दिया जाता है और अगर खरीदी जाती भी हैं तो वह पूरी और उचित भाव पर नहीं खरीदी जाती है। अन्नदाता के हित के लिए सरकार से आग्रह किया है कि अगर वह सच में किसान को संबल देना चाहती है तो सरसों की खरीद एमएसपी की कानूनी गारंटी देते हुए हर ग्राम सहकारी समिति को खरीद केंद्र बनाते हुए खरीदी करें। जिससे किसानों को अपनी फसल का उचित भाव मिल सके। जिससे उनको आर्थिक संबल मिल सके। साथ ही ग्राम सहकारी समितियां खरीद केंद्र बनने से किसानो का खर्चा और समय की भी बचत होगी।

## जीएसटी एमनेस्टी स्कीम ने दी व्यापारियों को राहत

### इंटरेस्ट और पेनेल्टी की छूट से टैक्स जमा करवा रहे व्यापारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं में इनदिनों व्यापारियों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी गई राहत का बड़ा असर देखने को मिल रहा है। दरअसल जीएसटी के बकाया टैक्स को वसूलने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लाई गई एमनेस्टी स्कीम का फायदा मिल रहा है। हर दिन बकाया टैक्स जमा हो रहा है। जिससे ना केवल केंद्र, बल्कि राज्य सरकार का खजाना भी भर रहा है। वहीं बकाया प्रकरणों का निस्तारण तेजी के साथ हो रहा है। स्टेट जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर उमेश जालान ने बताया कि 16 अगस्त 2024 से केंद्र सरकार एमनेस्टी स्कीम लेकर आई थी। जिसमें बकाया करदाताओं को 2017—18 से लेकर 2019—20 तक लगाई गई पैनल्टी और इंटरेस्ट, दोनों में 100 प्रतिशत छूट दी गई है। सिर्फ करदाता, अपना बकाया कर जमा करवाकर अपने प्रकरणों का निस्तारण करवा सकता है। इससे ना केवल करदाता का बकाया कर चुकता हो रहा है। बल्कि उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की विभागीय कार्रवाई का भी सामना नहीं करना पड़ेगा। जालान ने बताया कि सीधे तौर पर हम समझ सकते है कि झुंझुनूं में एक माइनिंग व्यापारी पर 99 लाख रूपए का कर, शास्ति और ब्याज बकाया थी। लेकिन अब इस स्कीम का फायदा लेते हुए व्यापारी को सिर्फ 60 लाख रूपए ही जमा करवाने पड़ेंगे। उसने 20 लाख रूपए जमा भी करवा दिए है। ऐसे ही कई व्यापारी अपने अपने बकाया टैक्स को जमा करवाकर शास्ति और ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट प्राप्त कर रहे है। इसके अलावा जानकारी प्राप्त कर कई व्यापारी मानस बना चुके है। यह स्कीम 31 मार्च 2025 तक ही है। इधर, माना जा रहा है कि इस स्कीम का समय पूरा होने के बाद विभाग बकाया कर वसूलने के लिए अभियान भी चला सकता है।



## मादक पदार्थ तस्करी में 10 महीनों से वांछित आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** बाड़मेर जिले में वृत कार्यालय चौहटन पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई कर अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में 10 महीनों से वांछित आरोपी देवी सिंह पुत्र पदम सिंह राजपूत निवासी आकोड़ा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी थाना स्तर पर टॉप 10 वांटेड की सूची में शामिल है, जिसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित है।

## एचआरडीपी परियोजना लांचिंग कार्यशाला आयोजित

**जैसलमेर।** एचआरडीपी परियोजना लॉन्च कार्यशाला बुधवार को जैसलमेर स्थित होटल रामाड़ा में आयोजित की गई। जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी ने दीप प्रज्वलन कर कार्य म का शुभारम्भ किया एवं एचआरडीपी परियोजना पर विस्तृत चर्चा की। एसीपीई (बीएआईएफ) जयकुमार सिंह ने एचडीएफसी परिवर्तन और बीएआईएफ का संक्षिप्त परिचय दिया और एचआरडीपी परियोजना के लक्ष्यों, ि यान्वयन और संभावित प्रभाव पर एक दृश्य प्रस्तुति पेश की। उन्होंने कहा कि एचआरडीपी परियोजना रामगढ़ तहसील के ग्रामीण समुदायों की क्षमता निर्माण और ग्राम स्तर पर सत्त विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। यह परियोजना जल एवं मृदा संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण और फसल विविधीकरण जैसे सत्त समाधान को अपनाकर दीर्घकालिक समृद्धि और पर्यावरणीय संतुलन सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखती है। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिनमें संयुक्त निदेशक डॉ. उमेश वर्गंटीवार एवं उप निदेशक सुरेंद्रसिंह तंवर (पशुपालन विभाग), केवीके प्रमुख डॉ. दीपक चतुर्वेदी, अधीक्षण अभियंता कोशल पालीवाल (जल संरक्षण विकास), सहायक निदेशक प्रदीप चौधरी (कृषि विभाग), वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेतूदान शामिल रहे। इसके साथ ही एचडीएफसी सीएसआर प्रबंधक सुनीता, एचडीएफसी शाखा प्रबंधक वरुण गोपाल पुरोहित, बीएआइएफ टीम के प्रतिनिधि प्रभात प्रियांशु, सुशांत कुमार, राकेश उपाध्याय, प्रवीण पटेल, विशाल वर्मा, परियोजना से जुड़े गांवों के सरपंच समुद्र सिंह (हाबूर), भंवरसिंह (राघवा) सहित अन्य लाभार्थी भी उपस्थित रहे।


IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JODHPUR

S.B. Civil Writ Petition No. ______/2025

Unknown V/s State Of Raj. & Ors.

Application under Rule 159 of Rajasthan High Court Rule for entering in to Caveat

MAY IT PLEASE YOUR LORDSHIP

Your Lordship's humble applicant wants to enter into caveat under Rule 159 of the Rajasthan High Court Rules and let nothing become done till the applicants are heard in the matter. The Particulars of the S.B. CIVIL WRIT PETITION which is likely to field are given is below :-

(1) The S.B. CIVIL WRIT PETITION may be filed by any of the following persons: Any Person (who is affected from the notification No. प.9 (26) राज-1/2025-2024972 Dated 12-03-2025 issued by Deputy Administrative Secretary, Govt. of Rajasthan, Jaipur.)

(2) That the S.B. CIVIL WRIT PETITION in likely to be filed against: 1.State of Rajasthan through Deputy Administrative Secretary, Govt. of Rajasthan, Jaipur. 2. District Collector, Jalore. 3. Thakra Ram Choudhary S/o Lumba Ram, Aged about 48 years, R/o Rangala, Rangla District Jalore.

(3) That the notification against which the Civil Writ Petition which to be filed of :-Notification No. प.9 (26) राज-1/2025-2024972 Dated 12-03-2025 issued by Deputy Administrative Secretary, Govt. of Rajasthan, Jaipur.

(4) That the S.B. CIVIL WRIT PETITION which is to be filed will be :- Any Person who is affected from the notification No. प.9 (26) राज-1/2025-2024972 Dated 12-03-2025 issued by Deputy Administrative Secretary, Govt. of Rajasthan, Jaipur.

The Vakalatnama on behalf of :

Thakra Ram Choudhary S/o Lumba Ram, Aged about 48 years, R/o Rangala, Rangla District Jalore. (Affected Necessary Party of notification dated 12-03-2025) It is, therefore, humbly prayed that nothing be done in the case till the applicant is heard.

DATE -

COUNSEL FOR THE APPLICANT
[JAMTA RAM PATEL]
ADVOCATE
Email- jamtarampatel@gmail.com
Mobile Number is 9413621295



|| नोटिस टू शॉ कॉज ||

न्यायालय : श्री अपर जिला न्यायाधीश महोदय, देसूरी (राज.)

पीठासीन अधिकारी : ललित डाबी (आर.एच.जे.एस.)

सिविल विविध प्रकिरण सं. : 67/2023

प्रार्थीगण बनाम अप्रार्थीगण

जगदीशपुरी वगैरह आम जन जो कोई हो

प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा-372 भारतीय उत्तराधिकारी अधि. 1925

उक्त प्रकरण में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में अपनी माता स्व. मांगी देवी पत्नी स्व. घेवरपुरी गोस्वामी, जाति- गोस्वामी, निवासी- रानी स्टेशन, तहसील- रानी, जिला-पाली (राज.) जो राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल सिरोही में ऑपरेटर के पद पर थी। जिसकी ड्यूटी की ग्रेच्युटी, परिलाभ व अनुकम्पा नियुक्ति इत्यादि हेतु उत्तराधिकारी प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन किया है, जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उज्र या एतराज या हेतुक रखता हो तो आगामी पेशी दिनांक 07.04.2025 को सुबह 10.00 एएम बजे स्वयं या अपनी प्लीडर के न्यायालय में सम्यक रूप से उपसंजात हो, अन्यथा उक्त संबंधित नियमानुसार उत्तराधिकारी प्रमाण-पत्र जारी किया जावेगा। यह आज दिनांक 18.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

गोल मोहर

न्यायालय की आज्ञा से
शोरिस्तेदार
अपर जिला न्यायालय देसूरी, जिला-पाली (राज.)



प्रारूप-10
(नियम-6 (7) देखिए

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका, शिवगंज

पत्रांक : न.पा.शिव./भूमि/2024-25/699 — लोक सूचना — दिनांक : 18.03.2025

1. श्रीमती लेहरीदेवी पत्नि मंछारामजी, जाति-माली, निवासी- हरीओम नगर छावणी शिवगंज, तहसील शिवगंज, जिला-सिरोही ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| जिला - सिरोही तहसील - शिवगंज | एरनपुरा | 140/32 | 1125 वर्गफीट अर्थात 104.5539 वर्गमीटर |
| | | | कुल रकबा 1125 वर्गफीट अर्थात 104.5539 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता को समवा समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 18.03.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, शिवगंज



प्रारूप-10
(नियम-6 (7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी ( गैर कृषिक प्रयोजनार्थ ) नगरपालिका, सादड़ी

क्रमांक/नपासा/कृ.भू.नि./2025/4831 — लोक सूचना — दिनांक:18.03.2025

श्री सद्दाम हुसैन पुत्र श्री मोईनुद्दीन जाति-मुसलमान निवासी खुमान पुरा बाजार 2, राणावास, तहसील मारवाड़ जंक्शन, जिला पाली के मौजा ग्राम सादड़ी पटवार हल्का सादड़ी चक-1 तहसील देसूरी के पटवार हल्का सादड़ी-1 खसरा संख्या 2204 रकबा 1.6200 हैक्टर में से 0.7951 हैक्टर, खसरा संख्या 2206 रकबा 0.9000 हैक्टर, खसरा संख्या 2205 रकबा 0.0100 हैक्टर भूमि का इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात्

| जिला एवं तहसील का नाम | मौजा ग्राम का नाम | हल्का एवं खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला-पाली, तहसील देसूरी | सादड़ी चक-1 | पटवार हल्का सादड़ी-1 खसरा संख्या 2204 रकबा 1.6200 हैक्टर में से 0.7951 हैक्टर, खसरा संख्या 2206 रकबा 0.9000 हैक्टर, खसरा संख्या 2205 रकबा 0.0100 हैक्टर | कुल रकबा 2.5300 हैक्टेयर भूमि में से 1.7051 हैक्टेयर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सुचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम की धारा 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर के अधीन आज दिनांक 18/3/2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सादड़ी, पाली


## भजनलाल सरकार की बगड़ को बड़ी सौगात

# बाईपास की घोषणा से इलाके के लोगों में खुशी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बगड़।** सूबे की भजनलाल सरकार ने हाल ही में बजट में झुंझुनूं को कई सौगातें दी है। इनमें एक है बगड़ कस्बे की बाइपास। जी, हां झुंझुनूं जिले के बगड़ कस्बे के उत्तर दिशा में एक नई बाईपास सड़क बनाने के लिए भजनलाल सरकार ने संकल्प ले लिया है। विधायक राजेंद्र भांबू की मांग पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने विधानसभा में घोषणा की है कि बगड़ कस्बे के उत्तर दिशा में बाईपास सड़क की डीपीआर बनाई जाएगी। जिसके लिए उन्होंने 20 लाख रूपए का बजट दिया गया है। चेयरमैन गोविंद सिंह राठौड़ ने बताया कि इस घोषणा के बाद मालीगांव, नारनौद समेत करीब आधा दर्जन ऐसे बड़े गांव, जहां पर हजारों की संख्या में लोग रहते है। उन्हें अभी तक झुंझुनूं और चिड़ावा जाने के लिए या तो किसी दूसरे लंबे रास्ते का सहारा लेना पड़ता है। या फिर बगड़ कस्बे के अंदर से उन्हें चिड़ावा और झुंझुनूं की तरफ जाने के लिए मुख्य सड़क पर आना पड़ता है। लेकिन यह बाईपास बनने के बाद उन्हें बगड़ कस्बे और लंबे रास्तों से मुक्ति मिल जाएगी। वे मिनटों में ही चिड़ावा—झुंझुनूं मुख्य रोड पर पहुंच जाएंगे। इधर, ग्रामीणों ने इसके लिए भजनलाल सरकार के साथ—साथ विधायक राजेंद्र भांबू का आभार जताया है। साथ ही कहा है कि सरकार इसकी जल्द से जल्द डीपीआर तैयार करवाकर इसके लिए बजट का आवंटन करें। क्योंकि दशकों से इस बाईपास की मांग चल रही थी। पूर्व के कांग्रेस के प्रतिनिधि और कांग्रेस की सरकारें इस ओर ध्यान नहीं दे रही थी। अब भजनलाल सरकार ने इसकी सुध ली है तो इसे बनवाने में भी चुस्ती दिखाएं।



# झुंझुनूं में एक ही दिन में मिला 385 युवाओं को रोजगार

### रोजगार अधिकारी ने कहा-अगला मौका मई में आएगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** भजनलाल सरकार लगातार युवाओं को रोजगार देने के लिए कार्य कर रही है। इसी क्रम में अब हर तीन माह में एक बार जिला मुख्यालय पर रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। ताकि निजी क्षेत्रों में युवाओं को अधिक से अधिक नौकरियां मिल सके। इसी क्रम में बुधवार को झुंझुनूं जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें आईटीआई, ग्रेजुएशन, सैकेंडरी और सीनियर सैकेंडरी पास करने वाले युवाओं को रोजगार का अवसर मिला। जिला रोजगार अधिकारी दयानंद यादव ने बताया कि मेले का शुभारंभ एडीएम डॉ. अजय आर्य ने किया। दिनभर चले मेले में झुंझुनूं समेत प्रदेश के अन्य जिलों से आई 19 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने युवाओं से उनके कौशल क्षमता के बारे में जाना। इनमें प्रमुख रूप से मानेसर, गुड़गावां, भिवाड़ी, रोहतक, अलवर आदि क्षेत्रों से कई नामचीन कंपनी भी शामिल है। इन्होंने 650 युवाओं में से 385 का चयन किया गया है। साथ ही उन्हें नौकरी ज्वाइन करने के लिए आमंत्रित भी किया है। उन्होंने बताया कि अगला रोजगार मेला मई में लगेगा। जिसके लिए भी कंपनियों से लगातार चर्चा हो रही है। सभी कंपनियों से सहमति मिलने के बाद अगले मेले की तारीख तय कर दी जाएगी। इधर, मेले को लेकर आज रोजगार कार्यालय में युवाओं की काफी गहमागहमी देखी गई। शिविर में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने अपने विभाग की ऋण संबंधी योजनाओं की जानकारी प्रदान की व रोजगार कार्यालय के हरफूल, पवन सैनी, विकास कुमार सहायक प्रोग्रामर, विकास सैनी व सुशीला ने नियोजकों से समन्वय व शिविर में अन्य व्यवस्थाएं संपादित की।




# तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में आंगई थाना क्षेत्र से गुजर रहे करौली-धौलपुर एनएच 11बीं पर मंगलवार की रात आंगई थाना क्षेत्र के रहरई गांव के पास सड़क हादसा हुआ है। दुर्घटना में बाइक सवार मिस्त्री को एमपी नंबर की ईको गाड़ी ने टक्कर मारी है। जिसमें उसकी मौके पर मौत हुई है। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची हाईवे एंबुलेंस 1033 से अचेत हुए बाइक मिस्त्री को बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय लाया गया,जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया,ऐसे में उसके शव को चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया,जहां आज बुधवार की सुबह परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का आंगई थाना पुलिस ने पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया है और शव परिजनों को सौंप दिया है। दुर्घटना के मामले की जांच आंगई थाना पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस ने एमपी नंबर की ईको गाड़ी को जप्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार सरमथुरा निवासी 26 वर्षीय बाइक मिस्त्री शाहरुख पुत्र लियाकत खान आंगई गांव में पिछले 2 साल से दुकान चलाकर बाइक रिपेयरिंग का काम करता था। जो मंगलवार की शाम करीब 8 बजे अपनी दुकान को बंद कर वापस सरमथुरा लौट रहा था। इस दौरान रहरई गांव के पास करीब 9 बजे वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची हाईवे एंबुलेंस 1033 के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से उसे बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय लाया गया,जहां चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया।

# विकास कार्य करवाने पर जिला स्तरीय समारोह में भामाशाहों को मिला शिक्षाश्री सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** राजस्थान सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहो और भामाशाह प्रेरकों को बुधवार को हनुमानगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में शिक्षा श्री सम्मान प्रदान किया गया । यहां श्री राधा कृष्ण राजबाउ मा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नोहर के श्रीमति जानकी देवी पेड़ीवाल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में लाखो रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों के लिए उषा डागा धर्मपत्नी दीनदयाल डागा , स्व. नवल किशोर नेवर और श्याम सुन्दर नेवर को शिक्षा श्री सम्मान से नवाजा गया।इसके अलावा श्री विनय कुमार पचिसिया को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा श्री सिंगाराम को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांव ललाना में विकास कार्य के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए शिक्षा श्री सम्मान दिया गया। इसके अलावा भी जिले भर के राजकीय विद्यालयों में आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहो को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में भामाशाह प्रेरक के रूप में पूर्व नपा अध्यक्ष राजेंद्र चाचाण , हनुमान प्रसाद व्यास ,बाल कृष्ण व्यास, प्रदीप पुरोहित और सुरेश तिवाड़ी को भामाशाह प्रेरक सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भामाशाह स्व. नवल किशोर नेवर के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना लाल कड़ेला, जिला शिक्षा अधिकारी सीमा भल्ला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक, भाजपा नेता गुलाब सिंवर और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित सहू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# वंचित वर्ग आरक्षण उप वर्गीकरण संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान में राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक प्रशासनिक हर दृष्टिकोण से कमजोर एससी समाज को तत्काल प्रभाव से आरक्षण उप वर्गीकरण का फायदा समाज को मिलना चाहिए। ये विचार सर्किट हाउस झुंझुनूं में मुख्य अतिथि वंचित वर्ग आरक्षण उप वर्गीकरण संघर्ष समिति राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष विकास नरवार ने कही। उन्होंने कहा कि हमें अपने समाज और अपने बच्चों के लिए हमें एकजुट होकर यह मांग करनी है। यह रथ यात्रा पूरे राजस्थान में पहुंच रही है। जो लगातार समाज को आरक्षण के लिए जागरूक कर रही है। समिति के झुंझुनूं जिला संयोजक शिक्षाविद बृजेश किराड़, राष्ट्रीय वाल्मिकी क्रांतिकारी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र हठवाल, कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सारवान, सुलताना नगरपालिका अध्यक्ष घीसाराम चांवरिया, पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका बगड़ रामलाल चंदेलिया, उम्मेद ठेकेदार, विनोद चांवरिया सहित अनेक लोगों ने विचार रखे। संचालन लक्ष्मीकांत डूलगच ने किया। कार्यक्रम पश्चात एडीएम अजय कुमार आर्य को मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जातियों भील, गरासिया, सहरिया उप वर्गीकरण के न्यायालय के निर्णय अनुसार नॉन क्रिमीलेयर जातियों का वर्गीकरण कर उन्हें तत्काल आरक्षण का लाभ दिलवाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में लिखा गया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीशों की पीठ द्वारा 6-1 से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति भील गरासिया सहरिया जन के उपवर्गीकरण का फैसला दिया गया है। जिसे राजस्थान में राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक, प्रशासनिक हर दृष्टिकोण से कमजोर वाल्मिकी, मेहतर, सांसी, कंजर, नट, ढोली, बाजीगर, सपेरा, मदारी, कालबेलियां, बावरी भांड, धानक, कामड व अन्य (जिसे राज्य सरकार के सर्वे के बाद इसके लिए उपयुक्त समझे) जो कि वर्तमान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति भील गरासिया सहरिया वर्ग में सामाजिक रूप से अत्यधिक पिछड़ी हुई जाति है। इनके साथ अधिकतर छुआछूत, जातिगत, उत्पीड़न आर्थिक विषमता, शैक्षणिक आधार पर अत्यधिक पिछड़ी हुई है। जिन्हें आरक्षण का लाभ दिया जाए। इससे पहले आरक्षण रथ यात्रा के झुंझुनूं पहुंचने पर सर्किट हाउस में वंचित वर्ग आरक्षण उप वर्गीकरण संघर्ष समिति राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष विकास नरवाल का गुलदस्ता भेंट कर साफा पहना कर माल्यार्पण से स्वागत किया गया। इस दौरान एडवोकेट अमित चांवरिया चुरू, शंकर जैदिया खेतड़ी, पवन ठेकेदार, दयाराम निनाणिया, अमित डूलगच, बिशन चांवरिया, विजय कुमार चांवरिया, मनोज कुमार चांवरिया प्रियांशु हठवाल, रविंद्र चांवरिया, नरेंद्र डूलगच, राहुल डूलगच, धनराज चांवरिया सहित अनेक मौजूद रहे।



## प्रदूषण व जहरीले पानी से लोग परेशान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** शहर के नजदीक दादर गांव के पास वर्धमान पोलीवर्क फैक्ट्री व जयंती फैक्ट्री सें निकलने वाला जहरीला पानी पास बहती सिचाई विभाग की नहर में पाईप लगा कर डाला रहा है। वहीं इस कंपनी की चिमनियों से निकलने वाला काला धुंआ लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड कर रहा है लेकिन अलवर का प्रदूषण विभाग आंख बंद कर सब देख रहा ग्रामीणों का कहना है कि इस वधर्मान पोलीवर्क व जयंती फैक्ट्री की फैक्ट्री की चिमनियों के द्वारा निकाली जाने वाली काली जहरीली धुंआ ने लोगों का जीना दूभर कर रखा है। लोग सांस लेने में भी परेशानी महसूस करते हैं। इस जहरीली काली धुंआ से घरों पर कालिख की काली सी बन गई है। लोगों ने इस बारे में अनेकों बार प्रदूषण विभाग में शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।


राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

कार्यालय मुख्य प्रबन्धक, भरतपुर आगार

निविदा सूचना

| क्र. सं. | स्टॉल की प्रकृति | साईज | धरोहर राशि | अनुमानित लाईसेंस फीस प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एटीएम (Any Bank ATM) | 10x10 फीट (पूर्व एटीएम के साइड में) | 20000/— | 35000/— |
| 2. | होर्डिंग्स (यूनिपोल) | केन्द्रीय बस स्टैण्ड पर पूर्व में चिन्हित होर्डिंग्स की जगह पर अधिकतम 10x20 फीट कुल 10 होर्डिंग्स | 20000/— | 37000/— |
| 3 | खिलौना स्टॉल | 4x5 फीट खाली जगह बस स्टैण्ड के मुख्य द्वार व एटीएम के पास | 15000/— | 8000/— |
| 4. | फल जूस एवं आईसक्रीम | 5x5 फीट खाली जगह बस स्टैण्ड के मुख्य द्वार व एटीएम के पास | 15000/— | 10000/— |
| 5. | फल जूस, मिनिरल वाटर एवं कोल्ड ड्रिंकस | 6x7.25 फीट पक्की दुकान कैन्द्रिय बस स्टेण्ड के अन्दर | 20000/— | 36000/— |
| 6. | फल जूस खोखा 1. | 4x4 खाली जगह देव होटल व वर्कशॉप की दीवार के पीछे | 15000/— | 10000/— |
| 7. | नमकीन बिस्कुट स्टॉल 2. | 4x4 खाली जगह खोखा देव होटल व वर्कशॉप की दीवार के पीछे | 15000/— | 10000/— |
| 8. | मिनिरल वाटर एवं कोल्ड ड्रिंकस खोखा 3. | 4x4 खाली जगह देव होटल व वर्कशॉप की दीवार के पीछे | 15000/— | 10000/— |

निविदा प्रपत्र एवं शर्तें राशि 236/—रूपये नगद जमा कराकर कार्यालय मुख्य प्रबन्धक राजस्थान परिवहन निगम भरतपुर आगार से कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपने प्रस्ताव दिनांक 26.03.2025 को दोपहर 14:00 बजे तक जमा करा सकते हैं। निविदा प्रपत्र के साथ निविदा प्रस्ताव उसी दिन समय 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष आगारीय समिति द्वारा खोले जायेंगे।

निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राशि नगद/डीडी/बैंकर चैक " मुख्य प्रबन्धक राजस्थान परिवहन निगम भरतपुर आगार " के नाम जमा करानी होगी। धरोहर राशि के बिना निविदा प्रस्ताव मान्य नहीं होगा किसी भी प्रस्ताव/सभी प्रस्तावों को बिना कारण बताये निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा अस्वीकार किया जा सकता है।

UBN No. : RTC2425SSOB00854

राज.संवाद/सी/24/13473 — विज्ञापन संख्या 299/2024-25 — मुख्य प्रबन्धक

## सुविचार

अगर आपका भरोसा तोड़ने के बाद माफी मांगे तो भले माफ़ कर दो पर दोबारा भरोसा ना करें।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### बदले-बदले से थरूर नजर आते हैं

कांग्रेस सांसद शशि थरूर काफी समय से कुछ बदले-बदले से नजर आते हैं। कांग्रेस के ये पुराने वफादार नेता अब पिछले काफी समय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुरीद दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रूस-यूक्रेन युद्ध मुद्दे पर भारत के रुख को लेकर अपना नजरिया बदला लिया है। उन्होंने सरकार को उचित ठहराते हुए बुधवार को कहा कि उन्होंने एक भारतीय के तौर पर अपनी राय रखी और वह इसमें कोई राजनीति नहीं देखते। थरूर ने मंगलवार को कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ने के बाद भारत के रुख का विरोध करना उनके लिए शर्मिंदगी भरी बात साबित हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार द्वारा अपनाई गई नीति के कारण देश अब उस स्थिति में है जहां वह स्थायी शांति के लिए भूमिका निभा सकता है। रूस ने जब यूक्रेन पर हमला किया था तो थरूर ने भारत के रुख की आलोचना की थी और मॉस्को के इस कदम की निंदा करने का आह्वान किया था। अब इस मामले में अपने सुर बदलते हुए कह रहे हैं कि मैंने इस मामले पर एक भारतीय के रूप में बात की। मुझे इसमें कोई राजनीति नहीं दिखती। यह कोई राजनीतिक विषय नहीं है। हालांकि उन्होंने इस पर ज्यादा विस्तार से बात नहीं की। मुद्दे को लपकते हुए केरल में भाजपा नेतृत्व ने थरूर के बदले रुख की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति की प्रशंसा करने में उनकी ''ईमानदारी'' ''सराहनीय'' है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि वह हमेशा से कांग्रेस सांसद की स्पष्टवादिता की प्रशंसा करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम के सांसद थरूर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के वैश्विक उत्थान को देख रहे हैं और यह ''वास्तव में एक नया दृष्टिकोण'' है। सुरेंद्रन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रिय शशि थरूर जी, मैं हमेशा से आपकी स्पष्टवादिता का प्रशंसक रहा हूं। आपका ईमानदारी से कहना कि 'मैंने शुरू में इसका विरोध किया था' और अब रूस-यूक्रेन पर मोदी की कूटनीति की सफलता की प्रशंसा करना सराहनीय है। आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के वैश्विक उत्थान को देख रहे हैं, जो वास्तव में एक नया दृष्टिकोण है। हालांकि कांग्रेस के आपके साथियों को यह नहीं दिख रहा। थरूर ने मंगलवार को कहा कि भारत ने जो नीति अपनाई, उसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की दोनों को गले लगा सकते हैं। 'रायसीना डायलॉग' में एक सत्र के दौरान पूर्व विदेश राज्य मंत्री थरूर ने कहा, ''मैं आज भी शर्मिंदगी को खत्म करने का प्रयास कर रहा हूं क्योंकि संसदीय चर्चा के दौरान मैंने फरवरी 2022 में भारत के रुख की आलोचना की थी। खैर, असली वजह जानने के लिए तो इंतजार ही करना होगा।

## चुनाव को ईमानदार बनाने की कवायद

# वोटर आईडी को किया जाएगा आधार से लिंक



नरेंद्र शर्मा

गत दो वर्षों के दौरान देश में हुए लगभग सभी चुनावों में विपक्षी पार्टियों ने मतदाता फ्रॉड का गंभीर आरोप लगाया है। इस पृष्ठभूमि में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 18 मार्च 2025 को नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई, जिसमें केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, यूआईडीएआई के सीईओ एस कृष्णन आदि वरिष्ठ अधिकारी व चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए। बैठक में आधार को एपिक (इलेक्टोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड) नंबर्स से जोड़ने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया और इस मुद्दे पर जल्द ही यूआईडीएआई (भारत का विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) से तकनीकी विचार विमर्श किया जाएगा। इस पहल का किसी राजनीतिक दल ने विरोध तो नहीं किया है, लेकिन कांग्रेस ने कहा है कि चुनाव आयोग को सभी सियासी पार्टियों व स्टेकहोल्डर्स से बात करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 'एक भी योग्य मतदाता को उसके मतप्रयोग अधिकार से वंचित न किए जाने के पर्याप्त सुरक्षा कवच हों'।

इमेज

यह ज़रूरी भी है क्योंकि बुज़ुर्ग नागरिकों के अक्सर उंगलियों के निशान लेना तकरीबन असंभव हो जाता है जिससे उनका आधार कार्ड नहीं बन पाता है। मतदाता सूची में भी अक्सर पूरे मोहल्ले के नाम गायब मिलते हैं। यह भी देखने में आया है कि एक घर में अगर पांच मतदाता हैं तो तीन के नाम मतदाता सूची से नदारद होते हैं। हाल ही में राजस्थान का एक मामला प्रकाश में आया था जिसमें एक पते पर सैंकड़ों मतदाता पंजीकृत थे और पत्रकार जब उस पते पर पहुंचे तो वहां कोई घर था ही नहीं। बहरहाल यह पहला अवसर नहीं है जब आधार को वोटर आईडी से लिंक करने का प्रयास किया जा रहा है। फरवरी 2015 में वोटर आईडी को आधार से लिंक करने और डुप्लीकेट एंट्री को खत्म करने के लिए एनईआरपीएपी (नेशनल इलेक्टोरल रोल्स प्योरिफिकेशन एंड ऑथेंटिकेशन प्रोग्राम) लांच की थी, जिसके तहत तीन माह के भीतर ही 300 मिलियन मतदाताओं को लिंक कर दिया गया था। लेकिन अगस्त 2015 में सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश आया कि केवल कल्याणकारी योजनाओं और पैन कार्ड से ही आधार कार्ड को लाज़मी तौरपर लिंक कराया जा सकता। फलस्वरूप यह योजना ठंडे बस्ते में डाल दी गई। अब एपिक-आधार लिंक योजना को फिर से शुरू किया जा रहा है, विशेषकर इसलिए कि 11 मार्च 2025 को तृणमूल कांग्रेस के दस सदस्यों वाले प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग से डुप्लीकेट एपिक नंबरों व क्लोन आधार कार्डों के आरोपों को लेकर मुलाक़ात की थी। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 में निर्धारित हैं, जिसकी तैयारी अभी से आरंभ हो गई है। इस बीच इस राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल को कुछ ऐसे एपिक नंबर मिले जो अन्य राज्यों में भी आवंटित किए गए थे। साथ ही उसे क्लोन आधार कार्ड भी मिले। इन्हीं 'साक्ष्यों' को लेकर वह चुनाव आयोग से मिली थी। विपक्षी पार्टियों ने इस मुद्दे को संसद व उसके बाहर उठाया है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में भी इस बात को उठाया था। इससे पहले कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान



मतदाता सूची में गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगाये थे। इन आरोपों पर चुनाव आयोग की सफाई यह है कि मतदाता सूची तैयार करने के लिए एरोनेट डिजिटल प्लेटफार्म के आने से पहले मैन्युअल गलतियों के कारण सूचियों में डुप्लीकेशन हुआ। उसने राजनीतिक दलों को यह आश्वासन भी दिया था कि समान एपिक नंबर वाले मतदाता जो अन्य राज्यों में पंजीकृत हैं वह फिर भी अपने अधिवास कागज़ात का प्रयोग करके मतदान कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने इस मुद्दे का हल तीन माह में करने का वायदा किया है। केंद्र सरकार ने संसद को सूचित किया है कि आधार-वोटर आईडी को लिंक करना 'प्रक्रिया संचालित' एक्सरसाइज है और इस प्रस्तावित लिंकिंग के लिए कोई लक्ष्य या समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो लोग अपने आधार को अपने वोटर आईडी से लिंक नहीं कराएंगे उनके नाम मतदाता सूची से हटाए नहीं जाएंगे। जनप्रतिनिधि कानून 1950, जैसा कि चुनाव नियम (संशोधन) कानून 2021 द्वारा संशोधित किया गया है के सेक्शन 23 के अनुसार, मतदाता पंजीकरण अधिकारियों से उम्मीद की जाती है कि वह वर्तमान या भावी मतदाताओं से उनकी पहचान स्थापित करने के लिए उनके आधार नंबर स्वैच्छिक आधार पर मांग सकते हैं। अब चुनाव आयोग का कहना है कि एपिक को आधार से लिंक अनुच्छेद 326 के प्रावधानों के तहत किया जाएगा, जो कहता है कि मतदान के अधिकार केवल नागरिकों को ही दिये जा सकते हैं। आधार कार्ड से व्यक्ति की सिर्फ़ पहचान स्थापित होती है। चुनाव आयोग का यह भी कहना है कि लिंकिंग जनप्रतिनिधि कानून 1950 के सेक्शन्स 23(4), 23(5) व 23(6) के प्रावधानों और डब्लूपी (सिविल) नंबर 177/2023 में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुरूप की जाएगी। सेक्शन 23(6) के अनुसार, "मतदाता सूची में शामिल करने के लिए दी गई कोई भी अर्ज़ी इसलिए निरस्त नहीं की जा सकती कि व्यक्ति ने निर्धारित पर्याप्त कारण से अपना आधार नंबर प्रेषित नहीं किया है।" इसका अर्थ यह हुआ कि लिंकिंग उन्हीं मामलों में की जाएगी जिनमें मतदाता ने अपनी इच्छा से आपना आधार नंबर प्रेषित किया है। चुनाव आयोग ने 2023 में सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि उसने मतदाता सूचियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में लगभग 66.23 करोड़ आधार कार्डों को अपलोड किया हुआ है। चुनाव आयोग 1 अगस्त 2022 से वर्तमान व भावी मतदाताओं के आधार नंबर ऐच्छिक आधार पर एकत्र करने का कार्यक्रम चलाए हुए है, जैसा कि उसने 2023 में संसद को बताया। आधार को लिंक करने की मंजूरी मतदाता से फॉर्म 6बी के जरिए ली जाती है, लेकिन मंजूरी वापस लेने का कोई प्रावधान नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि एपिक नंबर को आधार नंबर से जोड़ने पर मतदाता सूची से डुप्लीकेट इंट्री हटाने में मदद मिलेगी, जोकि ज़रूरी भी है। लेकिन इस प्रक्रिया में कुछ चिंताएं भीं हैं जिन पर विचार किया जाना ज़रूरी है। आधार डाटाबेस में गलतियां हैं, जो भले ही बहुत कम हों, लेकिन हैं, जिनकी वजह से मतदाता सूची में से सही वोटर्स के नाम भी हटाए जा सकते हैं। दूसरा यह कि आधार केवल रिहाईश का सबूत है न कि नागरिकता का। इसलिए इसकी वजह से मतदाता सूची से उन नामों को नहीं हटाया जा सकता जो देश के नागरिक नहीं हैं। इसके लिए चुनाव आयोग को अलग से प्रयास करने होंगे। अंतिम यह कि भले ही मतदाता सूची में आधार नंबर का उल्लेख निजता के अधिकार का उल्लंघन न हो, लेकिन फिर भी उसका दुरुपयोग हो सकता है क्योंकि मतदाता सूची राजनीतिक पार्टियों में बड़े पैमाने पर वितरित की जाती है। मतप्रयोग का हक़ संवैधानिक अधिकार है, जिसे किसी विधायकी प्रक्रिया से सीमित नहीं किया जा सकता।

## पंचांग

गुरुवार, 20 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - कृष्ण |
| तिथि | - षष्ठी 26.46 तक |
| वार | - गुरुवार |
| नक्षत्र | - अनुराधा 23.32 तक |
| योग | - वज्र 18.20 तक |
| करण | - गर 13.45 तक |
| सूर्योदय | - 06.44 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.48 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.45 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.52 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - वृश्चिक |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.22 से 13.10 |
| राहु काल | - 14.17 से 15.47 |
| व्रत, त्यौहार | - एकनाथ षष्ठी, रांधण छठ, सूर्य सायन मेष में 14.33, उत्तर गोलारंभ, विषुवदिन, बिच्छुड़ा, रवियोग 23.32 प्रारंभ, |
| दिशा शूल | - दक्षिण |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### मंदिर में फसल चढ़ाने दूर-दूर से आते किसान

विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में भगवान शिव की पूजा के लिए देश के कोने-कोने से भक्त आते हैं। बाबा महाकाल की पूजा के साथ ही भगवान श्री गणेश की पूजा का भी विशेष महत्व है। उज्जैन से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चिंतामण गणेश मंदिर में चैत्र माह के हर बुधवार को भक्तों का मेला लगता है और कई किसान अपनी फसल लेकर चिंतामण गणेश के मंदिर सुबह से पहुंच रहे हैं। चैत्र मास की पहली जत्रा पर सुबह से ही चिंतामण मंदिर में भक्तों का ताता लगा।

**इस बार निकलेंगी चार जत्रा–** इस बार चैत्र मास में चार बुधवार होने से चार जत्रा निकाली जाएंगी। जिसकी शुरुआत 19 मार्च से हो चुकी है। वही 26 मार्च को दूसरी, 02 अप्रेल को तीसरी तथा 09 अप्रेल को शाही जत्रा होगी। इन चारों बुधवार में चिंतामण मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा। लोगों का कहना है कि चैत्र मास में जो भी भक्त यहां आकर दर्शन कर लेता है, उसकी समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं और सारी चिंताएं दूर होती हैं।

चिंतामण मंदिर के पुजारी का कहना है कि चैत्र में गेहू-चने की फसल पक जाती है। किसानों के यहां धान के भंडार भर जाते हैं। किसान नया धान बाजार में बेचने से पहले भगवान चिंतामण गणेश के दरबार में चढ़ाने आ रहे हैं। यह परंपरा पुरानी है, कालांतर में इसने जत्रा का रूप ले लिया है। इसके अलावा अनेक श्रद्धालु मनोकामना के लिए भी जत्रा में शामिल होते हैं।

किसान लखन ने बताया यह मंदिर काफ़ी प्रसिद्ध है। यहां हर मनोकामना पूर्ण होती है। चैत्र माह में यहां किसान भगवान क़ो फ़सल चढ़ाने पहुंचते हैं। भगवान की कृपा से इस बार अच्छी फ़सल हुईं है। अब यह फ़सल बेचने से पहले भगवान क़ो फ़सल चढ़ाकर धन्यवाद देने आए हैं। मान्यता है कि भगवान राम भी इस मंदिर में आए थे। धार्मिक मान्यतानुसार, इस गणेश मंदिर में भगवान चिंतामण गणेश की स्थापना भगवान राम ने वनवास से लौटने के बाद की थी। वहीं इच्छामन और सिद्धिविनायक गणेश की स्थापना लक्ष्मण जी और सीता माता ने की थी। ऐसा मान्यता है कि जो भक्त चैत्र माह के बुधवार के दिन चिंतामण गणेश मंदिर में दर्शन पूजन करता है, भगवान गणेश उसकी सभी मनोकामना पूरी कर देते हैं।

## तारीख विशेष

### विश्व गौरैया दिवस

विश्व गौरैया दिवस की शुरुआत "नेचर फॉरएवर" नामक एक पक्षी संरक्षण संगठन द्वारा 2010 में की गई थी। इसका उद्देश्य गौरैया की घटती आबादी के बारे में जागरुकता बढ़ाना था। यह आयोजन 50 से अधिक देशों में फैल चुका है। इसका लक्ष्य गौरैयों की रक्षा करना और उनकी संख्या में कमी को रोकना है। 2012 में, घरेलू गौरैया को दिल्ली का राज्य पक्षी बनाया गया। इसके बाद से इस आयोजन ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। हर जगह लोग गौरैया का जश्न मनाते हैं और उन्हें बचाने के लिए काम करते हैं। गौरैया छोटे लेकिन महत्वपूर्ण पक्षी हैं जो पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। वे विभिन्न कीड़ों और कीटों को खाकर कीटों की आबादी को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। इसके अतिरिक्त, गौरैया परागण और बीज प्रसार में प्रमुख भूमिका निभाती हैं। उनकी उपस्थिति जैव विविधता को बढ़ाती है, जिससे वे ग्रामीण और शहरी दोनों पारिस्थितिकी तंत्रों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बन जाती हैं। भारत में गौरैया महज पक्षी नहीं हैं; वे साझा इतिहास और संस्कृति का प्रतीक हैं। हिंदी में इसे "गोरैया", तमिल में "कुरुवी" और उर्दू में "चिरिया" जैसे कई नामों से जानी जाने वाली गौरैया पीढ़ियों से दैनिक जीवन का हिस्सा रही हैं। वे अपने खुशनुमा गीतों से हवा को भर देती थीं, खासकर गांवों में, जिससे कई लोगों की यादें जुड़ी हुई थीं। परन्तु वर्तमान में गौरैया तेजी से लुप्त हो रही हैं। इस गिरावट के कई कारण हैं। सीसा रहित पेट्रोल के उपयोग से जहरीले यौगिक पैदा हुए हैं जो उन कीटों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिन पर गौरैया भोजन के लिए निर्भर हैं। वहीं शहरीकरण ने उनके प्राकृतिक घोंसले के स्थान भी छीन लिए हैं। शहरीकरण ने उनके प्राकृतिक घोंसले के स्थानों को छीन लिया है। आधुनिक इमारतों में वे स्थान नहीं होते जहां गौरैया घोंसला बना सकें, जिससे उनके बच्चों को पालने के लिए जगह कम हो गई है। कृषि में कीटनाशकों के इस्तेमाल से कीटों की संख्या में कमी आई है, जिससे गौरैया के भोजन की आपूर्ति पर और असर पड़ा है। कौओं अं ल्लियों की बढ़ती मौजूदगी और हरियाली की कमी ने समस्या को और बढ़ा दिया है।

## विशेष कवर स्टोरी

# धरती पर स्वागत सुनीता विलियम्स..!!!

संजय श्रीवास्तव

समुद्रतल से महज 408 किलोमीटर की दूरी पर बना इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन हमारे सिर के ऊपर से न जाने कितनी बार गुजरा होगा, पर हमने किंचित ही कभी नंगी आंखों से देखे जा सकने वाले इस स्टेशन पर निगाह डाली होगी। इस बात पर भी शायद ही कभी गहराई से गौर किया होगा कि किसी बड़े फुटबाल मैदान के बराबर, 15 हजार करोड़ डॉलर के इस स्टेशन पर मात्र आठ दिन के लिए गई लेकिन 287 दिन गुजारने के लिए मजबूर सुनीता विलियम्स ने बस कुछ क्रू सदस्यों के साथ अपने रुटीन लाइफ वाले दिन सीमित स्थान वाले अंतरिक्ष में कैसे काटे होंगे। अखबारों और टीवी चैनलों के दावे से इतर सुनीता वहां काम और व्यायाम के जरिए पर्याप्त प्रसन्न, स्वस्थ और स्थिर थीं। अंतरिक्ष स्टेशन की, अल्पतम गुरुत्वाकर्षण में बंधी दिनचर्या के तहत तंग सी जगह में कुछ ही चेहरों के साथ रहना, लटके हुए सोना, संभलकर दैनिक क्रिया निबटाना, व्यायाम करना, टूथपेस्ट को ब्रश के बाद निगल जाना। बिना नहाए महीनों रहना उनके लिए सामान्य था। रोज रख-रखाव और रिसर्च, आकलन, सेल्फ असेसमेंट जैसे काम निबटाना, खानपान में अपेक्षित सावधानी बरतना, छलकी बूंदों का पीछा कर उन्हें गटक जाना, सुनीता के लिए कोई नई बात नहीं थी।


इमेज

अंतरिक्ष में जाने या वहां से आने में लेटलतीफी झेलने अथवा फंसने का भी यह कोई पहला मौका नहीं था। कभी स्पेसक्राफ्ट के कैप्सूल में हीलियम लीकेज, तो कभी थ्रस्टर्स बंद तो कभी प्रॉपेलेंट वॉल्व का बंद न होना। एक बार तो यान के सुरक्षा कवच में दरार आ गई थी फिर अंतरिक्ष केंद्र के कंप्यूटरों में ख़राबी बमुश्किल ठीक हुई यहां तक कि सोलर पैनल की भी कई बार मरम्मत करनी पड़ी। किस्सा कोताह, हर बार तमाम अड़चनें, एक बार सुनीता को अंतरिक्ष स्टेशन पर छह महीने रुकना पड़ा था तो इस बार नौ महीने। पर इस बार उनको वापस लाने के बार बार हुए प्रयासों में तकनीकी विफलता अवश्य निराशाजनक थी। लेकिन वापसी के इंतज़ार में हंसती, मुस्कराती दिखती सुनीता कभी निराश नहीं दिखीं। धरती पर नियत, निश्चित वापसी के बार बार टलने का अहसास क्या होता है धरती पर अपने घरों में रहते नहीं महसूसा जा सकता। 5 जून 2024 को सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में फ्लाइट टेस्ट मिशन पर बतौर पायलट गई थीं, 8 दिन स्पेस स्टेशन पर रुककर, शोध प्रयोग कर 10वें दिन स्पेसक्राफ्ट को धरती पर वापस लाना तय था। पर जो हुआ सबके सामने है।

भारतवंशी सुनीता ने अंतरिक्ष में न सिर्फ धैर्यपूर्वक लंबा समय बिताया, स्पेसवाक किए, तमाम प्रयोग परीक्षण निबटाए, कीर्तिमान बनाया, प्रेरणास्पद बनीं। पर इन सबके बावजूद यह प्रार्थना कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की जो बची पांच साल की उम्र है, उसके दौरान वहां अब इस तरह से कोई न फंसे। सुनीता की वापसी की डगर कम खतरनाक नहीं थी। मौसम का बिगड़ा मिजाज एक बार फिर विलंब करवा सकता था। एक तकनीकी गलती, कोण में बदलाव उन्हें भाप बना सकती थी, ताउम्र अंतरिक्ष में गुम कर सकती थी, कक्षाओं में भटका सकती थी। जिंदा जमीन छूने से दूर कर सकती थी। फिलहाल धरती पर सुनीता का स्वागत है। लौटने के बाद सुनीता के सामने तमाम समस्याएं हैं। शरीर के अंगों और उनके द्वारा क्रियाकलाप को स्वभावतः पृथ्वी की सतह पर वायुमंडलीय दबाव तथा गुरुत्व की आदत होती है। स्पेस में जाकर ज्यादा समय वहां रहकर वापस आना तमाम विसंगतियां पैदा करता है। गुरुत्व की आदी मांसपेशियां जिन्हें धरती पर हर हरकत पर कसरत करनी पड़ती है, स्पेस में लगभग निष्क्रिय रहती हैं। सो कमजोर और खराब होने लगती हैं।

इसके अलावा हर समय हवा में तैरते रहने के चलते हड्डियों को शरीर का भार सहन करने की जररूत नहीं रहती इससे हड्डियों के ऊतक विकसित नहीं होते, जरा भी धक्के से टूटफूट की आशंका बनती है। अंतरिक्ष से वापस आने पर शायद कुछ दिनों बाद ही ठीक से खड़े हो पाएं। कुछ अल्पतम गुरुत्वाकर्षण में रहने की आदत के चलते हाथ का सामान अधर में छोड़ देते हैं। सुनीता को गुर्दे की पथरी की समस्याएं हो सकती हैं, दिल भी सिकुड़ सकता है। इतना ही नहीं उनका इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है। नजर बेहद कमजोर हो सकती है और कान से कम सुनाई देना तथा शरीर का बेहतर संतुलन बनाने में भी कठिनाई हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का अतिशय साफ-सुथरा वातावरण, धरती आने पर उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है। धरती पर पाए जाने वाले बहुत से प्राकृतिक सूक्ष्म जीवाणु उनमें इम्यून सिस्टम से जुड़ी कई समस्याएं पैदा कर सकते हैं। अंतरिक्ष का रेडिएशन कोशिकाओं में म्यूटेशन, कैंसर आदि ला सकता है। भले ही इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या स्पेससूट में रह कर इसकी आशंका न हो लेकिन इस पर शोध जारी है और निस्संदेह यह जानलेवा है। फिलहाल सुनीता के व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ही के निष्कर्षों का इंतज़ार है।

सुनीता के नौ महीने अंतरिक्ष स्टेशन प्रवास ने यह प्रश्न पैदा किया है कि आखिर कोई अंतरिक्ष स्टेशन पर कितने दिन रह सकता है, खास तौर पर अगर कोई यान उन्हें लेने न पहुंचे न ही रसद इत्यादि की आपूर्ति हो सके। एक बार अंतरिक्ष स्टेशन पर लगातार तीन आपूर्ति मिशन विफल रहे थे तो भोजन, पानी और दूसरी आवश्यक चीजों को दुबारा स्टाक किए बिना अंतरिक्ष यात्रियों ने आठ महीने गुजारे थे। विशेषज्ञों के अनुसार दो दशकों के दौरान अंतरिक्ष स्टेशन तक आना जाना सहज हो चुका है सो ऐसी नौबत नहीं आयेगी लेकिन अंतरिक्ष यात्री जो अपना पसीना और पेशाब रीसाइकिल कर पीते हैं, कम भोजन करते हैं, लगभग दो साल बिना आपूर्ति के काट सकते हैं। सुनीता को वापस लाने जाने वाले ड्रैगन क्रू-10 यान में चार लोग थे। अमेरिका के ऐनी मैकक्लेन जो सेना में कर्नल हैं और एयरफोर्स की मेजर निकोल एयर्स, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के फ्लाइट इंजीनियर ताकुया ओनिशी और रूसी रोस्कोस्मोस अंतरिक्ष एजेंसी के किरिल पेस्कोव। 14 मार्च को भारतीय समयानुसार भोर में 4:30 बजे केनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरकर 28 घंटे बाद 16 मार्च को भारतीय समयानुसार सुबह 9:40 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंच कर डॉकिंग शुरू की, 11:05 बजे इसका हैच खुला।



## गीता सार

**संन्यासस्तु महाबाहो दुःखमाप्तुमयोगतः।**
**योगयुक्तो मुनिर्ब्रह्म नचिरेणाधिगच्छति॥**

**हिंदी अर्थ–**
परन्तु हे वीर अर्जुन! कर्मयोग के बिना कर्म–संन्यास कठिन है और कर्मयोग में स्थित मुनि परब्रह्म को शीघ्र ही प्राप्त हो जाता है।

## पाठक पाती

### समाज में अराजकता फैलाने के बेजा प्रयास

वक्फ बोर्ड को लेकर जंतर मंतर पर किया गया आयोजन विफल रहा, जिसमें मुस्लिम उलेमा और नेताओं ने अपने भाषणों में कई तरह के अनर्गल आरोप लगाए और लोगों को डराने और भड़काने के प्रयास किए। यह आयोजन वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के विरोध में आयोजित किया गया था, जिसे लोकसभा में पेश किया जाना है। इस विधेयक के पीछे का उद्देश्य वक्फ बोर्ड को मजबूत बनाना और उसके कार्यों में पारदर्शिता लाना है। हालांकि, इस आयोजन में शामिल कुछ नेताओं ने अपने भाषणों में विवादित बयान दिए और लोगों को डराने के प्रयास किए। यह आयोजन विफल रहा, लेकिन इससे यह सवाल उठता है कि क्या ऐसे आयोजनों से समाज में अराजता फैलाने में मदद मिलती है। इस पूरे मुद्दे पर यह कहा जा सकता है कि ऐसे आयोजनों से समाज में अराजता फैलाने में मदद मिलती है। इसके बजाय, हमें ऐसे आयोजनों का समर्थन करना चाहिए जो समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। हमें यह भी समझना चाहिए कि वक्फ संशोधन विधेयक 2024 का उद्देश्य वक्फ बोर्ड को मजबूत बनाना और उसके कार्यों में पारदर्शिता लाना है।

-मधु सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम, मप्र

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



देश तभी विकसित हो सकता है जब पूंजीगत व्यय के लिए धन उपलब्ध हो। चुनावी प्रक्रिया के दौरान दिए जाने वाले प्रलोभनों से सत्ता में आने के बाद सरकारें खुद को बहुत असहज महसूस करती हैं। सरकारें एक बार फिर अपने द्वारा दिए गए प्रलोभनों पर विचार करने के बारे में सोचती हैं।

-जगदीप धनखड़



भारत को देश के भीतर और बाहर दोनों जगह चुनौती मिल रही है। जहां तक इससे मिली सीख की बात है तो मुझे लगता है कि जमीन पर सैनिकों की मौजूदगी का कोई विकल्प नहीं है। तकनीक मदद कर सकती है, लेकिन ये लोगों की जगह नहीं ले सकती और ये बेहद अहम है।

-अनिल चौहान



औरंगजेब आज प्रासंगिक नहीं हैं। किसी भी तरह की हिंसा को प्रोत्साहित नहीं जाना चाहिए। किसी भी तरह की हिंसा समाज के लिए ठीक नहीं हैं।

-सुनील आंबेकर

## कुछ अलग | अजब गजब

# अमेरिकी बच्चे ने हिंदी में की बात, पब्लिक ने लुटाया जमकर प्यार, बोले ये हमसे भी ज्यादा इंडियन है...

आपने देखा होगा कि आजकल अपने देश में भी ज्यादातर लोग बच्चों से अंग्रेज़ी में ही बात करते हैं। वे उनसे हिंदी में बात नहीं करते ताकि उनकी इंग्लिश अच्छी हो जाए। हालांकि इस वक्त एक वीडियो ऐसा वायरल हो रहा है, जिसमें एक अमेरिकन मां अपने छोटे से बच्चे से हिंदी में बात कर रही है और बच्चा भी इसे समझकर बिल्कुल परफेक्ट जवाब दे रहा है।

अमेरिकी कंटेंट क्रिएटर क्रिस्टन फिशर पिछले कुछ समय से भारत में रह रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने बच्चे का वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो बहुत ही प्यारी आवाज़ में हिंदी में बात कर रहा है। उसके एक्सप्रेशन और एक्सेंट किसी का भी दिल जीत लेगा। वायरल हो रहे वीडियो की शुरुआत में आप देखेंगे कि मां से बच्चा पानी मांगता है। यहां पर वो वॉटर के बजाय पानी ही कहता है। फिर वो अपनी मां को खिलौने का डिब्बा देकर कहता है- "मम्मी खोलो"। इतना ही नहीं वो एक्सप्रेशन के साथ बोलता है – क्या हुआ? मां ने दिल को छू लेने वाले वीडियो को कैप्शन देते हुए, लिखा है- 'मेरी अमेरिकी बच्ची का हिंदी बोलना हमेशा सबसे प्यारी चीज़ों में से एक रहेगा। मुझे यकीन नहीं होता कि वह कितना कुछ समझ और बोल सकती है।'




**लोगों ने लुटाया प्यार**

वीडियो को क्रिस्टन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया है। वीडियो को अब तक लाखों लोगों ने देखा और पसंद किया है। इस पर कमेंट करने वालों ने बच्चे पर खूब प्यार लुटाया है। एक यूज़र ने लिखा -मुझे आपके बच्चे और उसकी बोली जाने वाली हिंदी से प्यार हो रहा है। एक अन्य यूजर ने लिखा- "क्या हुआ" सबसे बढ़िया है। वहीं कुछ यूज़र्स ने कहा कि वो उसे पूरे दिन ही सुन सकते हैं।

# राजस्थान में राशन डीलरों का कमीशन बढ़ाया

## 1 अप्रैल से लागू होंगी नई दरें; प्रदेश में राशन की 25 हजार दुकानें



**जयपुर।** सरकार ने राजस्थान में राशन डीलर्स का कमीशन 13.70 रुपए बढ़ा दिया है। डीलर लंबे समय से कमीशन बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इसे देखते हुए कमीशन 137 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 150.70 रुपए कर दिया है। बढ़ी हुई दरें 1 अप्रैल से लागू होंगी। आदेश के मुताबिक राशन डीलरों को मिलने वाले कमीशन में राज्य सरकार के मद का कमीशन बढ़ाया गया है। राज्य सरकार वर्तमान में हर राशन डीलर को 100 किलोग्राम गेहूं का आवंटन करने पर 26 रुपए कमीशन देती है, जिसे अब 13.70 रुपए बढ़ाकर 39.70 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। इसके अलावा केंद्र से मिलने वाला 90 रुपए और पॉश मशीनों से आवंटन करने पर मिलने वाला अतिरिक्त 21 रुपए कमीशन पहले की तरह ही मिलता रहेगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गरीब तबके के लोगों को केंद्र सरकार हर महीने फ्री गेहूं राशन दुकानों से आवंटन करती है। एनएफए सूची से जुड़े हर व्यक्ति को हर महीने 5 किलोग्राम गेहूं दिया जाता है।

### रख-रखाव के 9.21 रुपए कटेंगे

*इस कमीशन में से वर्तमान में कट रहे रख-रखाव के 9.21 रुपए की कटौती होती रहेगी। वर्तमान में पोस मशीनों के रख-रखाव के पेटे सरकार 5.21 रुपए प्रति क्विंटल और इलेक्ट्रॉनिक कांटे के पेटे 4 रुपए प्रति क्विंटल की कटौती की जा रही है। ये कटौती आगे भी जारी रहेगी।*

### प्रदेश में 25 हजार दुकानें

*राजस्थान में वर्तमान में 25 हजार राशन की दुकानें हैं, जिनके जरिए सरकार एनएफए से जुड़े परिवारों को हर महीने गेहूं का फ्री वितरण करवाती है। इन दुकानों पर आने वाले लाभार्थी पॉश मशीन पर अंगूठा लगाते हैं, जिसके बाद ही उनको गेहूं का वितरण किया जाता है।*

### 4.36 करोड़ लोग सूची में शामिल

*राजस्थान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से 4.36 करोड़ लोग जुड़े हैं। सरकार ने पिछले दिनों एनएफएसए का पोर्टल खोलकर लोगों से आवेदन लिए थे। सरकार इस साल 30 लाख से ज्यादा लोगों के नाम इस सूची में जोड़ने की तैयारी कर रही है।*

# मुख्यमंत्री ने राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना के पात्र पत्रकारों की सम्मान निधि को दी मंजूरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आवेदनकर्ता पात्र 18 पत्रकारों को सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की विभागीय समिति की अनुशंसा के बाद 'राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना' का लाभ देते हुए उनकी सम्मान निधि प्रारम्भ किए जाने को मंजूरी प्रदान कर दी है।



उल्लेखनीय है कि योजनान्तर्गत पात्र पत्रकारों को प्रतिमाह 15 हजार रुपए सम्मान निधि प्रदान की जाती है। साठ वर्ष की आयु से अधिक जिन कुल 18 वरिष्ठ पत्रकारों को यह सम्मान निधि मंजूर की गई है उनमें दो दिवंगत पत्रकारों की सम्मान निधि प्रतिमाह उनकी पत्नियों को (आधी राशि) नियमानुसार प्रदान की जाएगी।

# राजस्थान में आज बारिश और ओले गिरने का अलर्ट

## फसलों को बचाने के इंतजाम करने के निर्देश



### 17 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज

*उत्तरी हवा के चलने से राज्य के 17 शहरों में कल न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस सीकर में दर्ज हुआ। चूरू में न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री सेल्सियस, नागौर में 12.7, बारां में 11.3, हनुमानगढ़ में 14.6, सिरोही में 13.2, फतेहपुर में 11.2, झुंझुनूं में 14.6, पाली में 14.4, चित्तौड़गढ़ में 14.8 और अलवर में 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।*

**जयपुर।** राजस्थान में बुधवार से मौसम फिर बदल सकता है। एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने के कारण आज देर शाम बीकानेर संभाग के 4 जिलों में बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं तेज आंधी चलने के साथ हल्की बारिश और ओले भी गिर सकते हैं। इस सिस्टम का सबसे ज्यादा असर 20 मार्च को देखने को मिल सकता है।

जयपुर सहित 12 जिलों में आंधी-बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। उधर, मौसम को देखते हुए किसानों के लिए भी चेतावनी जारी की गई है। कहा गया है कि खेतों और मंडियों में खुले में रखी रबी की फसल के बचाव का इंतजाम समय से कर लिया जाए। ताकि नुकसान न झेलनी पड़े। राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम ड्राय रहा और सभी शहरों में दिन में तेज धूप रही। देर शाम को जैसलमेर के पास सीमावर्ती जिलों में आसमान में हल्के बादल छाए। दिनभर आसमान साफ रहने से शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। कल बाड़मेर में सबसे ज्यादा तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

जैसलमेर में अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 33, चूरू-उदयपुर में 32, गंगानगर में 32.4, जोधपुर में 34.6, कोटा में 32.9, भीलवाड़ा में 33, अजमेर में 32.5, सीकर में 29.5 और पिलानी में 31.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में कल दिनभर तेज धूप रही और यहां अधिकतम तापमान बढ़कर 32 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। जयपुर में कल न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई और पारा 16.9 डिग्री सेल्सियस तक आ गया।

# न्यूयॉर्क में राना धूमधाम से मनाएगा राजस्थान दिवस

**जयपुर।** राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका 29 मार्च को न्यूयॉर्क में राजस्थान दिवस मनाएगा। इस भव्य आयोजन में होली उत्सव भी शामिल होगा। हाल ही में, राना जयपुर फुट यूएसए, ब्रुहद (न्यूयॉर्क सीनियर्स), एपीएस, आपी न्यूयॉर्क, गुजराती समाज, राजमाई, एआईए न्यू यॉर्क चैप्टर, टीम एड, रेडियो, इंटरनेशनल अहिंसा फाउंडेशन और रिवेरा वेलेंटाइन कॉफी ने मिलकर न्यूयॉर्क में भारतीय उप महावाणिज्य दूत डॉ. वरुण जेफ को सम्मानजनक विदाई दी। ये पहली बार था जब इतने अमेरिकी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने मिलकर विदाई समारोह का लॉन्ग आइलैंड न्यू यॉर्क मे आयोजन किया। स्वागत समिति की ओर से हरीश ठक्कर और अजय पटेल ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

राना के अध्यक्ष और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, प्रेम भंडारी ने डॉ. वरुण जेफ की कार्यशैली की सराहना की और उनके भारतीय प्रवासियों के प्रति 24/7 समर्पण के बारे में बताया। भंडारी ने कहा कि डॉ. जेफ हमेशा समुदाय के लिए सुलभ और सहयोगी रहे, चाहे पासपोर्ट, वीज़ा संबंधित समस्याएं हों या भारत में पार्थिव शरीर भेजने का मामला। उन्होंने अपनी चार दशकों की अमेरिकी यात्रा को याद करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में आश्चर्यजनक सुधार आया है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।

# ट्रेनी एसआई को पता नहीं कितने नंबर से पास हुई

## ट्रेनिंग के वीडियो में बोली-301 नंबर आए, जबकि मिले 354

**जयपुर।** झुंझुनूं में जॉइनिंग करने पहुंची ट्रेनी एसआई मोनिका (25) को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। एसआई भर्ती पेपर को 15 लाख में खरीदने वाली मोनिका का एक ट्रेनिंग का वीडियो भी सामने आया है। इसमें वो बता रही है कि उसे एग्जाम में 301 नंबर मिले है, जबकि उसे 354 नंबर मिले थे। दरअसल, ट्रेनी एसआई ने नकल गिरोह के सरगना पौरव कालेर से पेपर खरीदा था। कालेर को गिरफ्तार करने पर ट्रेनी एसआई राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) जयपुर से फरार हो गई थी। एक दिन पहले गिरफ्तार आरोपी ट्रेनी से पूछताछ में और भी कई खुलासे हुए हैं। आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।



### ट्रेनिंग में दावा- अब 2 स्टार लगाकर ही जाऊंगी

मोनिका ने एसआई ट्रेनिंग के दौरान एक वीडियो बनाया था। इसमें उसने बताया कि उसके 301 नंबर आए है। वह वीडियो में ये भी बोल रही है कि घर पर तैयारी की थी, लेकिन इतना कॉन्फिडेंस नहीं आया, जितना ट्रेनिंग में मिला। अब में यहां से दो स्टार लगाकर ही जाऊंगी। लेकिन वीडियो की जांच में पता चला कि उसके 354 नंबर थे। यानी मोनिका को ये तक पता नहीं था कि वह कितने नंबर से पास हुई है। नंबर ज्यादा होने के कारण उसका मैरिट लिस्ट में 34वां नंबर था। जबकि उसे इंटरव्यू में 15 नंबर ही मिले थे। इतना ही नहीं ट्रेनिंग के दौरान उससे एक लेटर भी लिखवाया गया। इसमें करीब 13 गलतियां थीं। वह झुंझुनूं की रहने वाली है। हालांकि, इस लेटर में वह झुंझुनूं तक को गलत लिखा। इसके अलावा निरीक्षक, संदिग्ध, इसलिए जैसे कई शब्द थे, जिनमें गलतियां थीं।

### ट्रेनिंग के दौरान अधिकारियों को हुआ था शक

मोनिका की एसआई पुलिस की परीक्षा 15 सितंबर 2021 को अजमेर में थी। पौरव कालेर ने ब्लूटूथ के माध्यम से मोनिका और उसकी साली को लिखित परीक्षा की दोनों पारियों का पेपर पढ़ाया। नकल करने से मोनिका ने हिंदी विषय में 200 में से 184 और सामान्य ज्ञान में 200 में से 161 नंबर प्राप्त किए थे। जब की मोनिका की हिंदी के बारे में ट्रेनिंग के दौरान ही अधिकारियों को पता चल गया था की उसकी हिंदी ही नहीं अन्य विषयों पर पकड़ बहुत कमजोर है। लेकिन परीक्षा पास होने और ट्रेनिंग का हिस्सा बनने के कारण उसे कोई कुछ नहीं कहता था। मोनिका झुंझुनूं के पुलिस अधीक्षक को भी एक लेटर लिखा था जिसमें काफी गलतियां थीं।

# राजस्थान ओलंपिक संघ को लेकर खत्म हुआ विवाद

**जयपुर।** राजस्थान क्रीड़ा परिषद भवन में बुधवार को ओलंपिक संघ से जुड़े खेल संघ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 31 खेल संघों के पदाधिकारी तेजस्वी गहलोत के समर्थन में नजर आए। जिसके बाद खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन ने तेजस्वी गुट को राजस्थान ओलंपिक संघ की अधिकृत मान्यता देने का फैसला किया है।

दरअसल, राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ में वर्चस्व की लड़ाई पिछले लंबे वक्त से जारी थी। जिसे खत्म करने के लिए सरकार ने दोनों गुटों के पदाधिकारियों को बैठक कर विवाद खत्म करने की बात कही थी। इसके बाद बुधवार को दोनों गुटों के पदाधिकारी सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित खेल परिषद मुख्यालय पहुंचे। जहां तेजस्वी गुट के समर्थन में 31 खेल संघ खड़े नजर आए। वहीं अनिल व्यास गुट को मात्र 7 खेल संघों का समर्थन मिला। इसके बाद खेल परिषद ने तेजस्वी गुट को राजस्थान ओलंपिक संघ के लिए अधिकृत किया है। इस शक्ति प्रदर्शन के बाद अब संघ की आगामी साधारण सभा बैठक पर सभी की नजरें टिकी हैं। खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन ने राजस्थान स्टेट ओलंपिक एसोसिएशन जिसे आईओए ने मान्यता दे रखी है। उसे ही राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल भी मानेगी। इसके साथ ही कुछ लोगों ने आईओए की मान्यता को कोर्ट में चलेंगे दिया था। जिसको लेकर दिल्ली कोर्ट में उसका फैसला भी हो गया है।

# बाइक पर पति की लाश लेकर बॉयफ्रेंड संग घूमी

**जयपुर में गला घोंटकर की थी हत्या**



**जयपुर।** जयपुर में महिला ने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर पति की गला दबाकर हत्या की थी। दोनों हत्या के बाद बाइक पर बोरे में शव को लेकर जंगल गए और उसे जला दिया। पुलिस ने हत्या के आरोप में पत्नी और उसके बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी का बॉयफ्रेंड के साथ बाइक पर पति की लाश लेकर जाने का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। इसमें वे सड़क पर बाजार में से बाइक से गुजरते नजर आ रहे हैं। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बुधवार को बताया कि 16 मार्च को मुहाना क्षेत्र में रिंग रोड नेवटा पुलिया के पास जला हुआ शव मिला था। उसकी पहचान धन्नालाल सैनी (40) निवासी डिग्गी रोड के रूप में हुई। हत्या के मामले में धन्नालाल की पत्नी गोपाली देवी (42) और उसके प्रेमी दीनदयाल (33) को मंगलवार को गिरफ्तार किया।

### » दुकान पर हत्या कर जंगल में लेकर गए शव

पूछताछ में आरोपी गोपाली देवी ने बताया कि मैं 15 साल से दीनदयाल के साथ प्रेम संबंध में हूं। पति धन्नालाल को बता रखा था कि मैं एक दुकान में काम करती हूं। धन्नालाल हटवाड़े में सब्जी बेचने का काम करता था। पति मेरे काम की जानकारी लेने 15 मार्च को शाम करीब 4 बजे सांगानेर में कशीदों वाली गली स्थित दुकान श्री श्याम फैशन पर पहुंचा। कपड़ों की यह दुकान दीनदयाल की है। धन्नालाल को हम दोनों पर शक हो गया। इसके बाद हम दोनों ने मिलकर धन्नालाल की हत्या का प्लान बनाया। धन्नालाल को धोखे से दुकान के ऊपर बनी दूसरी दुकान में लेकर गए। लोहे के पाइप से सिर पर वार किया। फिर रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी। शव को प्लास्टिक के बोरे में डालकर बाइक से रिंग रोड नेवटा पुलिया के नजदीक भैंरूजी मंदिर के पास लेकर गए। पहचान छुपाने के लिए शव को बोरे समेत जंगल में फेंककर आग लगा दी।

### » बाइक के आधार पर आरोपियों तक पहुंचे

डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया- आरोपियों को पकड़ने के लिए एडिशनल डीसीपी साउथ ललित कुमार शर्मा के निर्देशन में टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान अलग-अलग पॉइंट पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। कुछ संदिग्ध बाइक मिलीं, जिनके आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। अलग-अलग संभावित ठिकानों पर दबिश दी।

## राजस्थान में बोरिंग पर नये-कानून का खाचरियावास ने किया विरोध

### यह प्रदेश की जनता के हित में नहीं: खाचरियावास

**जयपुर।** राजस्थान में भाजपा सरकार द्वारा बोरिंग को लेकर लाए जा रहे नए कानून का पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कड़ा विरोध किया है। नए कानून के अनुसार, बोरिंग के लिए सरकारी अनुमति अनिवार्य होगी। बिना अनुमति बोरिंग करने पर 6 महीने की सजा का प्रावधान किया गया है। खाचरियावास ने कहा कि यह कानून राजस्थान की जनता के हित में नहीं है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार ने पीने के पानी की समस्या को देखते हुए बोरिंग पर लगे सभी प्रतिबंध हटा दिए थे। इससे लोगों को अपने खर्च पर बोरिंग करने की छूट मिली थी। पूर्व मंत्री ने सरकार को सुझाव दिया कि भ्रष्टाचार रोकने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग योजना लागू की जाए। उनका कहना है कि इससे भूजल स्तर बढ़ेगा। उन्होंने नरेगा में भी वाटर हार्वेस्टिंग पॉलिसी लागू करने की मांग की है। खाचरियावास ने आरोप लगाया कि यह कानून अधिकारियों की जेब भरने के लिए लाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस काले कानून को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनका मानना है कि इस कानून से प्रदेश में पीने के पानी का संकट पैदा हो सकता है।



# नवरात्रि इस बार आठ दिन की होगी

## घट स्थापना के लिए 4 घंटे और 49 मिनट का मुहूर्त



**जयपुर।** नवरात्र (बासंतिक नवरात्र) इस बार 8 दिन के होंगे। जो 30 मार्च को शुरू हो रहे हैं। 6 अप्रैल तक चलेंगे। 30 मार्च को भी लोगों को सूर्योदय से दोपहर 12.49 बजे तक ही घटस्थापना कर पाएंगे। इस दौरान कुल 4 घंटे और 40 मिनट के 2 मुहूर्त रहेंगे। राजस्थान ज्योतिष परिषद एवं शोध संस्थान जयपुर के महासचिव प्रो. विनोद शास्त्री ने बताया कि बासंतिक नवरात्र 30 मार्च 2025 रविवार से शुरू होंगे।

नवरात्र अनुष्ठान में सबसे पहले गणेश पूजन और फिर सुबह घट स्थापना करना शुभ माना गया है। इस दिन सूर्योदय सुबह 6.26 बजे होगा। घट स्थापना का श्रेष्ठ समय सुबह 6.26 से 10.26 बजे तक (चार घंटे का प्रात:काल) रहेगा। इस दिन अभिजित मुहूर्त दोपहर 12.09 से 12.49 बजे तक रहेगा। यदि किसी कारणवश सुबह के मुहूर्त में घट स्थापना न हो सके तो अभिजित मुहूर्त में यह किया जा सकता है।

### » ग्रहों का विशेष संयोग

इस साल नवरात्र की पूर्व रात्रि में 29 मार्च को रात 9.44 बजे शनि मीन राशि में प्रवेश करेगा। इसके कारण मीन, मेष और कुंभ राशि पर साढ़े साती का प्रभाव रहेगा। नवरात्र के दिन सूर्य, बुध, शुक्र, शनि, राहु और चंद्रमा मीन राशि में रहेंगे। यह दुर्लभ संयोग 21वीं शताब्दी में पहली बार बन रहा है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह संयोग राजनीतिक, आर्थिक और पर्यावरणीय बदलाव का संकेत माना जा रहा है।

# रोडवेज ने खाटूश्याम मेले में चलाई थी 250 स्पेशल बसें

## विभाग को 2.20 करोड़ का रेवेन्यू मिला; सीकर में 2.76 करोड़ टूरिस्ट आए



**जयपुर।** सरकार की रिलीजियस टूरिज्म की मुहिम साकार हो रही है। खाटू श्याम मेले के दौरान राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से पर्यटकों की सुविधाओं को देखते हुए 250 मेला स्पेशल बसें चलाई गई। विभाग को इससे 2.20 करोड़ रुपए के राजस्व का फायदा हुआ।

विभाग के आंकड़ों पर नजर डालते हैं तो पता चलता है, 7 से 11 मार्च तक बसों ने 3.92 लाख किलोमीटर का सफर किया। इससे करोड़ों का राजस्व मिला। पिछले साल लगभग 3.40 लाख किमी. संचालन कर 185.10 लाख रुपए का राजस्व अर्जित कर 1.92 लाख यात्रियों को यात्रा सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी। राजस्थान पर्यटन विभाग का फोकस खाटू श्याम की नगरी सीकर और सांवलिया सेठ की नगरी चित्तौड़गढ़ टॉप पर हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार सीकर में 2.76 करोड़ और चित्तौड़गढ़ में 2.41 करोड़ टूरिस्ट पहुंचे। जयपुर, उदयपुर, अजमेर, माउंट आबू, जोधपुर, के कुल टूरिस्ट की संख्या भी इन जिलों को नहीं छू पाई है। राजस्थान पर्यटन विभाग की रैंकिंग में सबसे आगे खाटू श्याम और सालासर के बाद चित्तौड़गढ़ अजमेर, जैसलमेर, सवाई माधोपुर और सिरोही जैसे जिले हैं। सिरोही जिले में माउंट आबू है, इसके चलते यह डोमेस्टिक टूरिस्ट के लिए सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन हैं। राजस्थान पर्यटन विभाग की एनुअल प्रोग्रेस रिपोर्ट 2024-25 के मुताबिक जयपुर, उदयपुर, जोधपुर मीलों पीछे हैं। यह देखकर हर टूरिस्ट हैरान है। ऐसा कैसे संभव है कि विश्व विख्यात पिंक सिटी और उदयपुर को पीछे छोड़ खाटू श्याम और सालासर बाबा की नगरी टॉप टूरिस्ट डेस्टिनेशन कैसे बन गया है। पर्यटन विभाग के आंकड़ों का सच यही है, कोई भी टूरिस्ट डेस्टिनेशन सीकर के करीब नहीं है। इस वित्तीय वर्ष में सीकर में टूरिस्ट की संख्या तीन करोड़ के पार पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

# उत्तर मैट्रिक छात्रवृति आवेदन संशोधन की डेट बढ़ाई

**जयपुर।** उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं यथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग और मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा छात्रवृति के तहत आवेदन पत्रों में पाई गई कमियों, आक्षेपों या रैड फ्लैग के कारण लंबित आवेदनों की तिथि बढ़ा दी गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उपनिदेशक उप निदेशक मीना आर्य ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 सहित पूर्व वर्ती सालों (2016-17 से 2022-23) की पूर्व में यह तिथि 10 फरवरी 2025 निर्धारित की थी, जिसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षण संस्थानों के स्तर पर लंबित आवेदनों को स्थायी रूप से निरस्त करने का प्रस्ताव था। विद्यार्थी हित को ध्यान में रखते हुए अब यह समय सीमा बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दी गई है। उन्होंने कहा है कि संबंधित विद्यार्थी और शिक्षण संस्थान इस अंतिम आवश्यक संशोधन पूरा कर लें, 31 मार्च के बाद लंबित आवेदनों को स्थायी रूप से निरस्त कर दिया जाएगा।

# राजस्थान में गीता प्रतियोगिता का आयोजन

## 6 अप्रैल से शुरू होगी परीक्षा, डेढ़ लाख रुपए तक के पुरस्कार



**जयपुर।** राजस्थान सरकार और हरे कृष्ण मूवमेंट, जयपुर की पहल पर गीता प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 6 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर शुरू होगी। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण 6 अप्रैल को स्कूल स्तर पर होगा। दूसरा चरण 4 मई को जिला स्तर पर होगा। इसमें टॉप 246 छात्र भाग लेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह 15 मई को जयपुर के गुप्त वृंदावन धाम में होगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मुख्य अतिथि होंगे। सभी प्रतिभागियों को राजस्थान सरकार का डिजिटल प्रमाणपत्र मिलेगा। विजेताओं को 1.5 लाख रुपए तक के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

गीता की महत्ता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्वीकार किया गया है। अमेरिकी नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गैबार्ड ने प्रधानमंत्री से मुलाकात में गीता के महत्व को रेखांकित किया। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम और वैज्ञानिक आइंस्टीन भी गीता से प्रेरणा लेते थे।

### » मदन दिलावर का संदेश

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- भगवद गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला प्रेरणास्रोत है। गीता हमें सिखाती है कि धैर्य, आत्मविश्वास और कर्मयोग से हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को ज्ञान और संस्कारों से जोड़ने का एक अनूठा अवसर है। मैं सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों से आग्रह करता हूँ कि वे इस प्रतियोगिता में भाग लें और अपने जीवन को नई दिशा दें। प्रतियोगिता की संपूर्ण जानकारी एवं अध्ययन सामग्री- Schoolofgita.com वेबसाइट पर उपलब्ध है। गुप्त वृंदावन धाम, जयपुर के संस्कृतिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल ऑफ गीता प्लेटफॉर्म को विकसित किया गया है, जिससे राजस्थान के विद्यार्थियों को कोरोना के बाद ऑनलाइन माध्यम से विशेष लाभ मिले। यह वेबसाइट भगवद गीता की शिक्षाओं और उससे संबंधित सभी अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराती है, जिसे विद्यार्थी हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में डाउनलोड कर सकते हैं।

### » सोशल मीडिया पर स्कूल ऑफ गीता का विशेष प्रचार

यूट्यूब चैनल यहाँ विद्यार्थियों के लिए विशेष गीता शिक्षाएँ और व्याख्यान वीडियो उपलब्ध हैं। इंस्टाग्राम: गीता के श्लोकों का वाचन और उनके अर्थों को विद्यार्थियों तक पहुँचाया जा रहा है।ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी एवं शंका समाधान सत्र विद्यार्थियों के लिए विशेष ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। गुप्त वृंदावन धाम के भक्तों द्वारा यह वेबसाइट तैयार की गई है, जिन्होंने अपनी इंजीनियरिंग और तकनीकी शिक्षा का उपयोग समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए किया। इस पहल का उद्देश्य भारत की संस्कृति और संस्कारों के पुनरुत्थान में योगदान देना है।

आईआईटी में थ्राइव-2025

# इन्वेस्टर्स और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के प्रयास जरूरी : डा. वी. के. सारस्वत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** नीति आयोग के सदस्य डा. वी. के. सारस्वत ने कहा है कि सोलर एनर्जी हो या विंड या एग्री टेक्नोलॉजी के साथ रोजगार की संभावनाएं जुड़ी होती हैं। इसका मतलब यह कतई नहीं निकाला जा सकता कि प्रत्यक्ष रोजगार दे दिया जाए। हम चाहते हैं कि आईआईटी में जो भी टेक्नोलॉजी डेवलप हो, उन्हें रिसर्चर्स और इन्वेस्टर्स एक प्लेटफार्म पर आकर एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा दें। सारस्वत ने ये बात बुधवार को जोधपुर आईआईटी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन थ्राइव के उद्घाटन समारोह के दौरान मीडिया से बात करते हुए कही। आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश के. अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान में सस्टेनेबल एंटरप्रेन्योरशिप को आगे बढ़ाने में मदद मिले, इसी उद्देश्य को लेकर आईआईटी काम कर रही है।



### 21 मार्च तक चलेगा सम्मेलन

सतत विकास के लिए स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता के जरिए थार पारिस्थितिकी तंत्र को बदलने पर मंथन के लिए जोधपुर आईआईटी में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन थ्राइव-2025 का आगाज बुधवार को मुख्य अतिथि व नीति आयोग के सदस्य डा. सारस्वत ने दीप प्रज्वलित करके किया। 21 मार्च तक चलने वाले इस सम्मेलन में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा, पर्यावरण और स्थिरता सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस आयोजन में देश के कई स्टार्टअप के सीईओ, नामी उद्यमी, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और शिक्षाविद हिस्सा ले रहे हैं।

### बोले- एंटरप्रेन्योर आगे आएं

डा. सारस्वत ने सोलर एनर्जी के लिए सोलर सेल बनाने का उदाहरण देते हुए कहा कि सोलर पैनल्स बनाने के लिए या विंड एनर्जी के लिए मोटर या अन्य उपकरण बनाने के लिए उसी रुचि के एंटरप्रेन्योर आगे आएं। इनमें से बहुत सी संभावनाएं निकल सकती है। कृषि से संबंधित आविष्कारों में ड्रोन की अहमियत भी कम नहीं है। ड्रोन डवलप करके बीज डालने से लेकर दवा छिड़काव जैसे कई काम हो सकते हैं और इस तरह के कई प्रोजेक्ट पर आईआईटी के एक्सपर्ट काम कर रहे हैं, जो आने वाले दिनों में बहुत कारगर साबित होंगे।

## जोधपुर : स्कूल बस का एक्सीडेंट, आठ बच्चे घायल

▶▶ भिड़ंत में ट्रक की तेल टंकी फटी



**जोधपुर।** जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। बालेसर कस्बे के पास कुई इंदा क्रेशर के निकट होली मिशन स्कूल की बस और एक ट्रक की टक्कर हो गई। इस हादसे में आठ स्कूली बच्चे घायल हो गए। घटना सुबह करीब नौ बजे की है। होली मिशन स्कूल की बस में बच्चे और स्टाफ सवार थे। बस कुई चौराहे से आगे बढ़ी ही थी कि सामने से आ रहे एक ट्रक ने अचानक होटल की तरफ मुड़ने की कोशिश की। ट्रक ड्राइवर ने साइड मिरर में देखे बिना मोड़ लिया। इससे बस ड्राइवर वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया और बस ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक की तेल टंकी फट गई। आसपास के लोगों ने तुरंत मदद के लिए पहुंचकर बच्चों को बस से बाहर निकाला। सभी घायल बच्चों को निजी वाहनों से बालेसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। दो बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जोधपुर रेफर कर दिया गया। बाकी छह बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बालेसर थाना प्रभारी मूल सिंह भाटी ने बताया कि बस और ट्रक की दुर्घटना की सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचे।

# बाड़मेर में लाखों के जेवर और नकदी चोरी का खुलासा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



■ दो आरोपी गिरफ्तार, 2.63 लाख रुपए व चार तोला सोना भी बरामद

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की सेड़वा पुलिस ने लाखों के जेवर और कैश चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 2.63 लाख रुपए और चार तोला सोने के आभूषण बरामद किए है। वहीं पुलिस आरोपियों से चोरी की अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार कुंहारों की बेरी गंगासरा ने पुलिस थाना सेड़वा में 22 फरवरी को रिपोर्ट दी थी। 21 फरवरी की रात में करीब दो बजे के आसपास घर में बने कमरे में पेटी में रखे रुपए व चार तोला सोने का तिमणिया चोरी कर ले गए। सुबह जब नींद से जगे और देखा तो कमरे में से पेटी गायब थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। वहीं घटना स्थल का मौका मुआयना किया। सेड़वा थानाधिकारी दीपसिंह ने बताया- चोरी स्थल के आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ की गई। पदचिन्हों के आधार पर चोरों की तलाश शुरू की। थाना स्तर पर टीम बनाई गई। टीम ने तकनीकी और सूचना के आधार पर जानकारी जुटाई गई। कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी का पता लगाया गया। आरोपी नरसीराम उर्फ नरेश कुमार पुत्र हरजीराम निवासी गंगासरा और जगदीश पुत्र खेताराम निवासी गंगासरा सेड़वा को डिटेन किया। पूछताछ करने के साथ उसकी निशानदेही से चुराया गया माल चार तोला सोने का तिमणिया और दो लाख 63 हजार 820 रुपए बरामद किए। खुलासा करने में एएसआई बींजराज सिंह, हेड कॉन्स्टेबल आसुराम, कॉन्स्टेबल कमलेश कुमार, भोजाराम, मोहनलाल, मनोहरसिंह, जगदीश, जुंजाराम और नरपत कुमार शामिल रहे।


## जोधपुर के साइबर एक्सपर्ट गैस बुकिंग के फोन से परेशान

**जोधपुर।** जोधपुर के साइबर एक्सपर्ट पिछले 36 घंटे से परेशान हैं और इसका कारण है मोबाइल पर 18 मार्च की सुबह छह बजे से शुरू हुई अनजान कॉल्स। लगातार आ रही कॉल्स से परेशान होकर पड़ताल की, तो पता चला कि किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल नंबर पर आने वाली तमाम कॉल्स को फॉरवर्ड कर रखा है। झारखंड की किसी गैस एजेंसी की बुकिंग का वो नंबर बाद में किसी गुजरात के व्यक्ति ने लिया। उसने ये कॉल फारवर्ड जोधपुर के कारोबारी के नंबर पर कर रखी है। तंग आकर कारोबारी ने पुलिस से मदद मांगी, तो अब पुलिस इस समस्या का समाधान ढूंढने में जुटी है। दरअसल, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी युधिष्ठिर गुप्ता के मोबाइल नंबर 9829##4#44 पर मंगलवार सुबह छह बजकर नौ मिनट पर एक अनजान नंबर से कॉल आई, तो वे नींद से जागे। बात करने पर कॉलर ने गैस बुकिंग करने की बात की, तो गुप्ता को लगा कि शायद गलत नंबर डायल कर दिया होगा। इसके बाद तो लगातार हर दो मिनट में एक कॉल आने लगी और हर बार अलग-अलग नंबरों से कॉल आ रही थी। सभी गैस बुकिंग की बात करते सुनाई दिए। शाम होते-होते तो गुप्ता पूरी तरह से परेशान हो गए और अपने मोबाइल को साइलेंट करना पड़ा। युधिष्ठिर गुप्ता ने बताया- बुधवार सुबह से यही क्रम जारी रहा। उन्होंने अपने स्तर पर छानबीन की, तो पता चला कि झारखंड की एक एचपी की गैस एजेंसी के नंबर 9507123456 थे। गूगल सर्च करने पर भी यही नंबर मिला। इस पर गुप्ता ने एचपी के कॉल सेंटर पर बात की, तो उन्हें बताया गया कि पूर्व में ये नंबर गैस बुकिंग के लिए था, लेकिन अब वो नंबर उपयोग में नहीं है। गुप्ता ने इस नंबर के बारे में पड़ताल की तो पता चला कि वर्तमान में यह नंबर गुजरात में जियो यूजर का हैं और उसी ने जानबूझकर या अनजाने में गुप्ता के मोबाइल पर कॉल फॉरवर्ड कर रखी है। चूंकि, गुप्ता का पर्सनल मोबाइल नंबर एयरटेल का है, जो उन्होंने एयरटेल की हेल्पलाइन पर संपर्क किया। वहां से भी गुप्ता को निराशा ही हाथ लगी।



## फार्मर रजिस्ट्री शिविर के पंजीकरण में तेजी लाने के निर्देश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बालोतरा।** बालोतरा कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने फार्मर रजिस्ट्री शिविर में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को कई लाभ मिलेंगे। इनमें संपत्ति स्वामित्व का सत्यापन, कानूनी विवादों से सुरक्षा और बैंक ऋण प्रक्रिया में पारदर्शिता शामिल है। साथ ही उत्तराधिकार मामलों में सही हस्तांतरण सुनिश्चित होगा। पंजीकृत किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ भी ले सकेंगे।

राजस्व वसूली के संबंध में उन्होंने सभी लक्ष्यों को मार्च माह तक पूरा करने के निर्देश दिए। नहरबंदी के दौरान जल विभाग के साथ समन्वय कर अभावग्रस्त गांवों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डा. गुंजन सोनी ने नगर पालिका और ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन की समीक्षा की। उन्होंने निर्धारित मापदंडों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, उपखंड अधिकारी अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जैसलमेर में गर्मी दिखा रही तीखे तेवर



▶▶ दिन का तापमान पहुंचा 35 डिग्री पार

**जैसलमेर।** प्रदेश में पिछले दिनों सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के बाद एक बार फिर गर्मी ने तेवर तीखे कर लिए हैं। गत दिनों तापमान में आई गिरावट के बाद अब पारा चढ़ने लगा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री के पार पहुंच गया। मंगलवार को सुबह से ही गर्मी का असर अधिक रहा। जैसलमेर घूमने आए देसी-विदेशी सैलानी भी गर्मी से बेहाल नजर आए। पर्यटन स्थलों पर सैलानियों को गर्मी से बचने के जतन करते हुए देखा जा सकता है। पशुधन भी छांव की तलाश में भटकते नजर आ रहे हैं। मंगलवार को दिन व रात के पारे में एक-एक डिग्री की बढ़ोतरी हुई। अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री व न्यूनतम तापमान 16.7 डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 19 डिग्री का अंतर रहा। जिले में आगामी दिनों में गर्मी का असर ओर तेज हो जाएगा। आगामी चार पांच दिनों तक जिले में मौसम में बदलाव की संभावना नहीं है। वहीं मौसम विभाग ने भी चार दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव के अनुसार आगामी दिनों में कोई बड़ा सिस्टम सक्रिय होने की संभावना है। ऐसे में मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही अधिकतम व न्यूनतम तापमान में भी एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी होगी। जिससे गर्मी बढ़ेगी।

## जैसलमेर में करंट से सिनेरियस गिद्ध घायल

**जैसलमेर।** जैसलमेर के फतेहगढ़ तहसील के देगराय ओरण में बिछी बिजली की लाइनों से टकराकर प्रवासी सिनेरियस गिद्ध घायल हो गया। देगराय ओरण इलाके के सावंता गांव की सरहद पर घायल गिद्ध को देखकर वन्य जीव प्रेमी सुमेर सिंह सावंता ने वन विभाग को इसकी जानकारी दी। वन विभाग की टीम ने प्रवासी पक्षी सिनेरियस गिद्ध को रेस्क्यू कर उसका इलाज किया। घायल गिद्ध पक्षी के पंख को हाईटेंशन लाइनों से टकराकर काफी नुकसान हुआ है। सुमेर सिंह ने बताया कि लगातार बिजली की लाइनों से टकराकर हो रही प्रवासी पक्षियों की मौत और दुर्घटनाओं से पक्षी प्रेमियों में रोष है। सुमेर सिंह ने बताया कि बिजली की हाईटेंशन लाइनों से टकराकर सिनेरियस गिद्ध के पंख में चोट आई है। घायल होकर सिनेरियस गिद्ध नीचे गिरा और उड़ने में नाकाम रहा। इस दौरान चरवाहों की उस पर नजर पड़ गई अन्यथा वो घायल पक्षी जंगली कुत्तों के हत्थे चढ़ जाता तो मौत के घाट उतार देते। फिलहाल वन विभाग की टीम ने उसका इलाज किया है और उसको जंगल में औब्जर्वेशन में रखा है ताकि वो जल्दी से स्वस्थ हो सके। सुमेर सिंह ने बताया कि भारतीय उप महाद्वीप में गर्मियों में यह सिनेरियस गिद्ध पक्षी बलूचिस्तान, गिलगिट, पंजाब, असम और हिमालय के कुछ हिस्सों में 1800 से 5600 मीटर की ऊंचाई पर पाया जाता है। यह दक्षिणी यूरोप से पूर्वी चीन तक प्रजनन काल के समय पाया जाता है।



▶▶ घायल सिनेरियस गिद्ध का वन विभाग ने रेस्क्यू कर इलाज किया

## बालोतरा में अपहरण और दुष्कर्म का मामला

▶▶ मुख्य आरोपी समेत दो गिरफ्तार

**बालोतरा।** पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि रात करीब एक बजे पीराराम और उसके साथी स्कॉर्पियो गाड़ी में आए। आरोपियों ने चाकू दिखाकर उसका अपहरण किया। पीड़ित के अनुसार, पीराराम और उसके साथियों ने स्कॉर्पियो में बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे जोधपुर और अन्य स्थानों पर ले जाया गया। वहां भी अन्य साथियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। सिणधरी थाना अधिकारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम ने कार्रवाई की। टीम ने मुख्य आरोपी पीराराम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जांच में एक अन्य आरोपी जुगताराम की भी संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब अन्य संभावित आरोपियों की तलाश कर रही है।



# व्यापार जगत

## मारुति, टाटा, महिंद्रा, बजाज और आइशर मोटर्स सब पर यह चाइनीज कंपनी भारी

**नई दिल्ली।** चीन की इलेक्ट्रिक गाड़ी (ईवी) बनाने वाली बड़ी कंपनी BYD ने साल 2025 में 40% की ज़बरदस्त तरक्की की है। इस समय इसका कुल मार्केट कैप 165.7 अरब डॉलर हो गया है। यह भारत की टॉप पांच ऑटोमोबाइल कंपनियों की मार्केट कैप से भी ज्यादा है।

निवेशकों को BYD की नई अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग टेक्नोलॉजी बहुत पसंद आ रही है। इस टेक्नोलॉजी से ईवी सिर्फ पांच मिनट में चार्ज हो जाती है। इसलिए कंपनी के शेयर बढ़ रहे हैं।





### भारत की पांच ऑटो मेकर्स पर भारी

BYD की मार्केट कैप अब भारत की सबसे बड़ी पांच ऑटोमोबाइल कंपनियों से ज्यादा हो गई है। भारत में मारुति सुजुकी इस समय कार बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। इसका मार्केट कैप 42.36 अरब डॉलर है। इसके बाद महिंद्रा एंड महिंद्रा है, जिसका मार्केट कैप 39.12 अरब डॉलर है। टाटा मोटर्स का मार्केट कैप 29.02 अरब डॉलर है। इसे बाद स्थान आता है बजाज ऑटो और आइशर मोटर्स का, मार्केट कैप क्रमशः 24.87 अरब डॉलर और 16.15 अरब डॉलर है।

### भारतीय ऑटो कंपनियों के शेयर का क्या हाल

इस समय शेयर बाज़ार में यह एक बड़ा बदलाव दिख रहा है। एक तरफ BYD के शेयर इस साल बहुत तेजी से बढ़े हैं। वहीं, भारत की पांचों ऑटोमोबाइल कंपनियों के कुल मार्केट कैप साल 2025 की शुरुआत से 6% तक गिर गई है। पिछले दिनों ही BYD ने एक मेगावाट चार्जिंग सिस्टम लॉन्च किया है। इससे गाड़ी सिर्फ पांच मिनट में 400 किलोमीटर तक चल सकती है। इसके खरीदार काफी खुश हैं। दरअसल, ईवी खरीदने वालों को सबसे ज्यादा चिंता चार्जिंग में लगने वाले समय की होती है। BYD ने इस समस्या को हल कर दिया है।

### टेस्ला से अंतर कम हुआ

BYD के शेयरों में तेज़ी आने से टेस्ला और BYD की कीमतों का अंतर भी कम हो गया है। बुधवार तक टेस्ला का मार्केट कैप 724.7 अरब डॉलर था। यह BYD से लगभग चार गुना ज्यादा है। लेकिन, टेस्ला को चीन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। फरवरी में टेस्ला की गाड़ियों की बिक्री 49% गिरकर 30,688 हो गई। यह जुलाई 2022 के बाद सबसे कम है। वहीं, BYD का चीनी EV बाज़ार पर दबदबा है। BYD की गाड़ियां कुल बिक्री का एक तिहाई से ज्यादा हैं।

## नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जैसलमेर।** भैरवा में बुधवार को एसएनएस फाउडेशन एवं सुजान द सराय की ओर से नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। एसएनएस फाउडेशन के लोकेशन हैड विजयसिंह तंवर, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अंकित पांडे, पशुधन निरीक्षक जितेन्द्रसिंह, प्रतापसिंह समेत ग्रामीण मौजूद रहे। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. उमेश वंरगटीवार के सहयोग से शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर के दौरान डॉ. संयुक्त निदेशक वंरगटीवार ने बताया कि एफएमडी-सीपी कार्यक्रम के तहत अपने पशुओं के टीकाकरण की सलाह दी। ऊंट पालकों को उष्ट्र संरक्षण योजना तथा ब्याई ऊंटनियों के टैगिंग शीघ्र करने के लिए अपील की। पशुओं के नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान योजना के तहत सीमन उपयोग करने की सलाह दी। जिससे थारपारकर नस्ल की सिर्फ बछडिया पैदा होगी। ताकि निराश्रित नर बछड़ों की संख्या तेजी से कम होगी। इससे दुग्ध उत्पादन बढ़ने से किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। शिविर के प्रारम्भ में विजयसिंह तंवर ने पशुपालकों एवं ग्रामीणों को पशुपालन एवं पशुओं में फैल रही मौसमी बिमारियों से पशुओं के बचाव के लिए घरेलु उपचार की जानकारी दी। तंवर ने यह भी बताया कि जैसलमेर जिले में विभिन्न स्थानों पर ओर भी शिविरों का नि:शुल्क आयोजन 20 मार्च को प्रहलादसिंह ढाणी, 21 को ग्राम जाबंध एवं 22 को ग्राम सांवला में किया जावेगा। ग्राम भैरवा में आयोजित शिविर में 590 भैड़, 280 बकरी, 162 गाय एवं 98 ऊंटों का उपचार कर औषधी वितरित की गई। 20 ऊटों के पांव के टीके लगाए। इसके साथ-साथ जैसलमेर जिले में गायों में फैली खर्रा रोग से बचाव के लिए सोडियम ऐसिड फोसफेट पाउडर, चारकोल एवं पेट के किडे की औषधीयों का वितरण किया गया। भेड़ व बकरियों को बदलते मौसम से बचाव के लिए खासी-जुकाम एवं जू-चिचड़ से बचाव की औषधियों का वितरण किया गया।

### आप का राशिफल 20 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपके द्वारा प्रस्तुत योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-6-8-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-3-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। विवाद को टालें। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। शुभांक-4-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-5-7

## रॉकेट बना है टाटा का यह शेयर, 12 दिन में ही 80 चढ़ गया भाव



**मुंबई।** टाटा मोटर्स के शेयर बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर कारोबार के दौरान 1% से अधिक चढ़कर 688.95 रुपए के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। इससे पहले बीते मंगलवार को इस का बंद प्राइस 679.80 रुपए था। शेयरों में तेजी के पीछे एक ऐलान है। दरअसल, घरेलू और कमर्शियल वाहनों की प्रमुख निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड के बोर्ड ने निजी प्लेसमेंट के आधार पर नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर जारी करके कुल 2,000 करोड़ जुटाने को मंजूरी दी। ये एनसीडी तीन किस्तों में जारी किए जाएंगे, जिनमें से प्रत्येक पर सालाना 7.65% की निश्चित कूपन दर की पेशकश की जाएगी। नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर एक निश्चित अवधि और ब्याज दरों के लिए जारी किए गए निश्चित आय वाले साधन हैं। इन डिबेंचर को इक्विटी में परिवर्तित नहीं किया जा सकता है। कंपनियां NCD का उपयोग करती हैं क्योंकि यह उन्हें किसी भी इक्विटी को कम किए बिना फंड जुटाने में सक्षम बनाता है। प्रत्येक किश्त में सालाना ब्याज भुगतान के साथ 7.65% प्रति वर्ष की एक निश्चित कूपन दर होगी। किश्त I 26 मार्च, 2027 को, किश्त II 24 मार्च, 2028 को और किश्त III 27 मार्च, 2028 को मैच्योर होगी। तीनों किश्तों के लिए आवंटन की प्रस्तावित तिथि 27 मार्च, है। जुटाई गई फंड का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किए जाने की उम्मीद है, जिसमें अनुसंधान और विकास, क्षमता विस्तार और कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। ब्रोकरेज फर्म मैक्वेरी ने टाटा मोटर्स पर 'आउटपरफॉर्म' रेटिंग बनाए रखी है, जिसका टारगेट प्राइस 826 प्रति शेयर है। शेयर की कीमत में गिरावट की अवधि के बाद, मैक्वेरी का मानना है कि टाटा मोटर्स अब अक्ट्रैक्टिव रिस्क रिवॉर्ड अवसर प्रोवाइड करता है।

## UDF में बढ़ोतरी, दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट से हवाई सफर होगा महंगा



**नई दिल्ली।** दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट से सफर करना महंगा पड़ सकता है। दोनों एयरपोर्ट यूजर डेवलपमेंट फीस (UDF) बढ़ा सकते हैं। अगर यह फीस बढ़ाई जाती है तो इससे हवाई जहाज के टिकट महंगे हो सकते हैं। यूजर डेवलपमेंट फीस (UDF) एक तरह का शुल्क होता है। यह हवाई अड्डे पर मिलने वाली सुविधाओं के लिए यात्रियों से लिया जाता है। जैसे कि एयरपोर्ट को बेहतर बनाना, साफ सफाई रखना आदि। दिल्ली एयरपोर्ट ने जहां पिछले महीने यूडीएफ बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था तो वहीं मुंबई एयरपोर्ट ने भी हाल ही में ऐसा ही प्रस्ताव सरकार को भेजा है। मुंबई एयरपोर्ट की ओर से भेजे गए प्रस्ताव में घरेलू यात्रियों के लिए UDF 325 रुपए लगाने की बात कही गई है। वहीं इंटरनेशनल यात्रियों के लिए मौजूदा UDF को 187 रुपए से बढ़ाकर 650 रुपए करने का प्रस्ताव है।

बात अगर दिल्ली एयरपोर्ट की करें तो इसके लिए अलग-अलग समय के अनुसार UDF बढ़ाने की बात कही गई है। दिल्ली एयरपोर्ट का संचालन करने वाली डायल (दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड) ने पीक ऑवर और नॉन-पीक ऑवर के आधार पर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए यूडीएफ का प्रस्ताव रखा है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच, इसने चढ़ने वाले यात्रियों पर ऑफ-पीक ऑवर में 405 रुपए और पीक ऑवर में 610 रुपए का शुल्क प्रस्तावित किया है। उतरने वाले यात्रियों को ऑफ-पीक ऑवर में 140 रुपए और पीक ऑवर में 210 रुपए का भुगतान करना होगा। इंटरनेशनल फ्लाइट के लिए यह ज्यादा होगा। UDF एक तरह का शुल्क है। यह टैक्स और ईंधन सरचार्ज की तरह ही हवाई टिकट की कीमत में जुड़ा होता है। पहले जब हवाई अड्डों ने ऐसे शुल्क लगाए या बढ़ाए थे, तो एयरलाइनों ने इसे यात्रियों से ही वसूला था।

## बदल गया तीसरे टी20 मैच का समय



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की टीम इन दिनों न्यूजीलैंड के दौरे पर है। जहां दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के दो मैच खेले जा चुके हैं और दोनों ही मैचों में पाकिस्तान को करारी हार का सामना करना पड़ा है। अब सीरीज का तीसरा मैच 21 मार्च को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा। जिसका समय अब बदल चुका है। अभी तक सीरीज के शुरुआती दोनों मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6:45 बजे से खेले गए थे। टी20 सीरीज का तीसरा मैच 21 मार्च को खेला जाएगा। ये मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 11:45 बजे शुरू होगा। यानी अब तीसरा मैच पांच घंटे की देरी से शुरू होगा। इसके अलावा सीरीज के चौथे और पांचवें मैच भी इसी समय पर खेले जाएंगे। भारत में अगर आप पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड का मैच देखना चाहते है तो स्टार स्पोर्ट्स पर नहीं, बल्कि सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं। इसके अलावा मैच की लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव ऐप पर होगी। इस टी20 सीरीज में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दोनों ही टीमें नए-नए कप्तान के साथ खेल रही है।

आईपीएल 2025

# हार्दिक नहीं सूर्यकुमार होंगे मुंबई इंडियंस के कप्तान



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 का आगाज 22 मार्च से होने जा रहा है। मुंबई इंडियंस अपने अभियान की शुरुआत 23 मार्च से करेगी, जहां उसका सामना सीएसके से होगा। पहले मैच में हार्दिक पांड्या नहीं खेलेंगे। ऐसे में उनकी जगह सूर्यकुमार यादव को कप्तानी सौंपी गई है। वह पहले मैच में सीएसके के खिलाफ कप्तानी करेंगे। इसका ऐलान खुद हार्दिक पांड्या ने 19 मार्च को आयोजित हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया है।



### हार्दिक पांड्या पर एक मैच का बैन

हार्दिक पांड्या पर स्लो ओवर रेट के तहत एक मैच का बैन है। ऐसे में वह सीएसके के खिलाफ पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। ऐसे में मुंबई के नियामित कप्तान हार्दिक पांड्या ने 19 मार्च को आयोजित हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐलान करते हुए बताया कि पहले मैच में सूर्यकुमार यादव ही मुंबई की कप्तानी करेंगे।

### जसप्रीत बुमराह भी बाहर

सीएसके के खिलाफ होने वाले मैच के लिए जसप्रीत बुमराह भी भाग नहीं लेंगे। क्योंकि बुमराह चोटिल चल रहे हैं। इसका खुलासा खुद हार्दिक ने किया है। सीएसके के खिलाफ मैच में मुंबई के दो बड़े स्टार भाग नहीं ले पाएंगे। ये टीम के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। जस्सी को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान आखिरी मैच में चोट लगी थी।

### आईपीएल 2025 के लिए मुंबई इंडियंस का स्क्वॉड

हार्दिक पांड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, जसप्रीत बुमराह, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेलटन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, नमन धीर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक, मिचेल सेंटनर, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपली, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, वेंकट सत्यनारायण राजू, मुजीब-उर-रहमान, कॉर्बिन बॉश।

# 'हर महीने 60 लाख मिलते हैं... उसका कॉन्ट्रैक्ट रद्द करो...'

### मोहम्मद रिज़वान पर लगे पाकिस्तानी क्रिकेट बोर्ड के अपमान के आरोप

**नई दिल्ली।** बात जब पाकिस्तानी क्रिकेट की हो तो ड्रामा खत्म होने का नाम नहीं लेता है। करीब तीन दशक बाद आईसीसी टूर्नामेंट का आयोजन करने वाले पाकिस्तान, लीग स्टेज से ही बाहर हो गया। ऐसे में टीम की काफी आलोचना हुई। कई दिग्गजों ने इसको लेकर अपनी भड़ास निकाली। वहीं अभी पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड के दौरे पर हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के ठीक बाद हो रही इस सीरीज के लिए मोहम्मद रिज़वान समेत कई दिग्गजों को मौका नहीं दिया गया है। ऐसे में यह उम्मीद थी कि पाकिस्तानी कप्तान नेशनल टी20 कप में खेलते हुए नजर आएंगे। लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो पाकिस्तानी कप्तान ने पीसीबी के टूर्नामेंट में खेलने के बजाए, एक क्लब क्रिकेट खेलने का फैसला लिया। रिजवान के इस कदम की आलोचना हो रही है।



- मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में पाकिस्तान की हार के बाद बोलते हुए, सिकंदर बख्त ने कहा कि केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी पीसीबी के कर्मचारी हैं इसलिए उन्हें बोर्ड द्वारा आयोजित सभी टूर्नामेंटों के लिए उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने मोहसिन नकवी से अपने तौर-तरीकों में थोड़ा सख्त होने और अपराधियों पर कठोर दंड लागू करने का भी आग्रह किया।
- जियो सुपर से बात करते हुए सिकंदर बख्त ने कहा, वे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के कर्मचारी हैं। उन्हें प्रति माह 60 लाख मिलते हैं, इसलिए उन्हें उन टूर्नामेंटों में खेलना चाहिए जो पीसीबी आयोजित कर रहा है। सारा दोष पीसीबी पर है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि खिलाड़ी उपलब्ध हैं। यदि आप क्लब क्रिकेट खेल रहे हैं और बोर्ड द्वारा आयोजित टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं, तो इसका मतलब है कि आप पीसीबी का अपमान कर रहे हैं।
- सिकंदर ने आगे कहा, ऐसा नहीं होना चाहिए मोहसिन नकवी को सख्त होने की जरूरत है। वह एक विनम्र व्यक्ति के रूप में सामने आते हैं, लेकिन उन्हें अपने तरीके बदलने की जरूरत है। आपको पूछना होगा कि क्या हो रहा है सख्त रहें। उनके केंद्रीय अनुबंध बंद करें।
- बता दें, चैंपियंस ट्रॉफी में रिज़वान के नेतृत्व में पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा।

# IPL या PSL? चैंपियन बनने के बाद छप्परफाड़ पैसों की बारिश

**नई दिल्ली। भारत की प्रतिष्ठित इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान में खेले जाने वाली पाकिस्तान सुपर लीग दुनिया की दो सबसे लोकप्रिय टी20 क्रिकेट लीग में से एक हैं। इन दोनों ही लीग की अपनी-अपनी विशेषताएं हैं। दुनिया भर के लाखों क्रिकेट प्रेमी इसे पसंद करते हैं। इन दोनों लीगों की अपनी कुछ खूबियां भी हैं। सबसे बड़ा अंतर जो इन दोनों लीगों में है, वो है चैंपियन टीम को दी जाने वाली पुरस्कार राशि। वित्तीय पुरस्कार राशि ही दोनों लीगों के संचालन और पैमाने को दुनिया भर में मशहूर बना देती है। आईपीएल में जहां खिलाड़ियों के ऊपर छप्परफाड़ पैसों की बारिश होती है। वहीं पीएसएल में पैसों की साफ तंगी नजर आती है।**



### पाकिस्तान सुपर लीग

- पाकिस्तान सुपर लीग का आगाज साल 2016 में हुआ था। आईपीएल के बजाय पीएसएल का मार्केट अभी काफी छोटा है। यहां खुली नीलामी के बजाय ड्राफ्ट पद्धति के जरिए खिलाड़ियों का चुनाव किया जाता है।
- पीएसएल में पांच श्रेणियां होती हैं। जिसमें प्लैटिनम (2.3 करोड़), डायमंड (1.15 करोड़), गोल्ड (82 लाख), सिल्वर (41 लाख) और इमर्जिंग (16 लाख) श्रेणियों के तहत खिलाड़ियों को धनराशि प्रदान की जाती है।
- शुरूआती सालों में जरुर पीएसएल को कुछ खास पहचान नहीं मिली थी, लेकिन धीरे-धीरे इसकी सफलता में चार चांद लग रहे हैं।

### इंडियन प्रीमियर लीग

2008 से खेली जा रही इंडियन प्रीमियर लीग मौजूदा समय में दुनिया की सबसे धनी और देखी जाने वाली टी20 प्रतियोगिता है। भारी भरकम बजट होने की वजह से खिलाड़ियों के साथ-साथ टीमों को बेजोड़ वित्तीय लाभ प्राप्त होते हैं।

- साल 2018 से खिताब जीतने वाली टीम को पुरस्कार राशि के रूप में 20 करोड़ रुपए प्रदान किए जाते हैं। पिछले बार यानी कि साल 2024 में चैंपियन बनने वाली टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को 20 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई थी।
- वहीं पिछले साल उपविजेता रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 13 करोड़ रुपए की धनराशि सौंपी गई थी। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को भी क्रमशः सात करोड़ और 6.5 करोड़ रुपए की अच्छी खासी धनराशि हासिल हुई थी।
- यही नहीं आईपीएल में शिरकत करने वाले खिलाड़ियों को भी काफी मोटे अनुबंध हासिल होते हैं।

# अफ्रीकी क्रिकेटर ने पीसीबी को दिखाया आईना

## पीएसएल छोड़ आईपीएल खेलने की वजह बताई



**नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने के लिए पाकिस्तान सुपर लीग को छोड़ने जैसा बड़ा फैसला करने वाले साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश ने अपने फैसले के पीछे की वजह बताई है। दरअसल कॉर्बिन बॉश ने साफ-साफ ये कह दिया है कि पाकिस्तान की सुपर लीग में खेलने से उन्हें वो भविष्य नहीं मिल सकता था जिसकी चाहत बतौर प्रोफेशनल क्रिकेटर वो रखते हैं। वहीं आईपीएल की मुंबई इंडियंस फ्रैंचाइज़ी और पीएसएल की पेशावर ज़ालमी फ्रैंचाइज़ी की भी किसी भी स्तर पर तुलना नहीं की जा सकती। दरअसल पीएसएल ने अपने प्लेयर ड्राफ्ट के दौरान कॉर्बिन बॉश को डायमंड कैटेगरी में पेशावर जाल्मी ने अपनी टीम में शामिल किया था। लेकिन जब बॉश ने आईपीएल में खेलने के लिए मुंबई इंडियंस से पेशकश की गई तो उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट पीएसएल से हटने का फैसला कर लिया।**

- रिपोर्ट्स के मुताबिक बॉश ने पीसीबी को भेजे अपने जवाब में कहा है कि, 'मुंबई इंडियंस जैसी मजबूत आईपीएल टीम के साथ खेलने से मेरे करियर को काफी फायदा होगा। मुंबई इंडियंस के पास अन्य लीगों में भी फ्रेंचाइजी हैं, जो मेरे करियर के लिए फायदेमंद हो सकती है। आईपीएल में खेलना भी इसी प्राथमिकता का हिस्सा है।
- यहां गौर करने वाली बात ये है कि मार्च महीने की ही शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग की मुंबई इंडियंस फ्रैंचाइज़ी ने साउथ अफ्रीका के ही लिजाद विलियम्स के चोटिल होने पर कॉर्बिन बॉश को अपनी टीम में बतौर रिप्लेसमेंट शामिल करने का ऐलान किया था। जिसे पीसीबी ने गलत बताते हुए आपत्ति जताई थी।
- आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी ट्वेंटी-20 लीग है जिसकी शुरूआत 2008 में हुई थी। जबकि पीएसएल की शुरूआत पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 2016 में की थी।
- वैसे 2016 के बाद ये पहला मौका है जब पीएसएल और आईपीएल का आयोजन एक-दूसरे के शेड्यूल से टकरा रहा है।

## मनोरंजन



# आईपीएल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में चार चांद लगाएंगे शाहरुख, सलमान और प्रियंका

आईपीएल 2025 का उद्घाटन इवेंट धमाकेदार तरीके से शुरू होने वाला है। जिसमें शाहरुख खान, प्रियंका चोपड़ा और सलमान खान जैसे बड़े बड़े सेलिब्रेटीज के शामिल होने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक ये शानदार इवेंट आईपीएल के 18वें सीजन के आगाज का तड़कता भड़कता अंदाज होगा। जिसमें क्रिकेट और एंटरटेनमेंट का शानदार कॉम्बिनेशन देखने को मिलेगा। सलमान खान इस मौके पर अपनी आने वाली फिल्म 'सिकंदर' मूवी का प्रमोशन भी करते नजर आएंगे। चलिए जानते हैं इस रंगारंग आगाज के साथ और क्या-क्या होगा इस इवेंट में खास। आईपीएल 2025 का इनॉग्रेशन इवेंट 22 मार्च को शाम छह बजे होगा। इसके ठीक पहले आईपीएल का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। ये इवेंट कोलकाता के प्रसिद्ध ईडन गार्डन्स स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जो आईपीएल सीजन की शुरुआत के लिए एक शानदार स्थान भी माना जाता है। आईपीएल के इस सीजन में 74 मैच होंगे और ये 25 मई तक चलेगा।



## जब इस गंभीर समस्या से जूझ रहे थे ऋतिक रोशन, खुद को बाथरूम में कर लिया था बंद

ऋतिक रोशन हिंदी सिनेमा के बड़े सितारे हैं। 'ग्रीक गॉड' अपनी जबरदस्त एक्टिंग और डांस से फैंस को इंप्रेस करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। एक्टर ने अपनी फिल्म कहो ना...प्यार है, वॉर, कृष और धूम 2 जैसी फ़िल्मों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि एक्टर हकलाने की समस्या से जूझ रहे थे? ऋतिक के पिता राकेश रोशन ने हाल ही में बताया कि कैसे उनके बेटे ने हकलाने की वजह से खुद को बाथरूम में बंद कर लिया था। राकेश रोशन ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि कैसे ऋतिक ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया था, क्योंकि उन्हें धन्यवाद, दुबई कहना मुश्किल लगता था। राकेश ने बताया कि उनका बेटा हमेशा से ही उच्च शिक्षित और बुद्धिमान था, लेकिन हकलाने की समस्या के कारण वह हमेशा खुद को रोक लेता था। राकेश ने कहा, मुझे बुरा लगता था कि उसके पास बोलने के लिए बहुत कुछ होता था, फिर भी वह हकलाने की वजह से हिचकिचाता था। वह 'डी' पर अटक जाता था। वह उस वाक्य को सीखने के लिए खुद को बाथरूम में बंद कर लेता था। उसने खुद पर बहुत मेहनत की। अब वह पिछले 10-12 सालों से हकलाता नहीं है। राकेश ने इंटरव्यू में आगे बताया कि कैसे ऋतिक हमेशा अपनी हकलाने की समस्या को सुधारने के लिए दृढ़ संकल्पित थे।

## सिकंदर को लेकर बड़ा सीक्रेट रिवील



'सिकंदर' की रिलीज डेट जैसे-जैसे करीब आ रही है, फैन्स के दिलों की धड़कने बढ़ती जा रही हैं। फिल्म के डायरेक्टर ए.आर.मुरुगादॉस हैं और फिल्म में लीड रोल में सलमान खान और रश्मिका मंदाना है। फिल्म का एक्शन से भरा टीजर और जबरदस्त गाने पहले ही लोगों को काफी पसंद आ चुके हैं। अब सबकी नजरें इसके मच अवेटेड ट्रेलर पर टिकी हैं। इसी बीच, डायरेक्टर ए.आर.मुरुगादॉस ने फिल्म से जुड़ी कुछ मजेदार बातें शेयर की हैं, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। फिल्म के डायरेक्टर ने इशारा कर दिया है कि फिल्म में कुछ सरप्राइज पैकेज रहने वाला है। जब ए.आर.मुरुगादॉस से पूछा गया कि जैसे गजनी में एक्शन के साथ-साथ इमोशनल कनेक्शन भी था, क्या सिकंदर में भी ऐसी ही गहराई देखने को मिलेगी? इस पर डायरेक्टर ने कहा, 'हां, बिल्कुल। ये सिर्फ एक मास एंटरटेनर फिल्म नहीं है, इसमें फैमिली इमोशन्स बहुत स्ट्रॉन्ग हैं। गजनी में बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड की लव स्टोरी थी, लेकिन सिकंदर पति-पत्नी के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें दिखाया जाएगा कि आजकल फैमिली कैसे काम करती है, कपल्स एक-दूसरे के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और हम अपनी रिलेशनशिप में क्या मिस कर रहे हैं। ये फिल्म का एक बड़ा हाइलाइट होगा। गजनी को लोगों ने एक साइको थ्रिलर के तौर पर देखा, लेकिन आमिर और असिन की लव स्टोरी ने सभी को सरप्राइज किया। इसी तरह, यहां भी एक लव एंगल है, जो ऑडियंस को इमोशनली टच करेगा।' मुरुगादॉस ने बताया कि सिकंदर को खास क्या बनाता है। उन्होंने कहा, 'ये फिल्म सलमान सर के करियर की एक अहम फिल्म होगी। ये सिर्फ एक ईद एंटरटेनर नहीं है—इसमें एक्शन, इमोशन और मास अपील का जबरदस्त मिक्स है, जो हर तरह के दर्शकों से जुड़ पाएगा।



## नेटफ्लिक्स इंडिया पर डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने बोला हमला

बॉलीवुड के जाने-माने डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने हाल ही में नेटफ्लिक्स इंडिया की काम करने के तरीके पर बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार के लिए कंटेंट सेलेक्ट करने में ओटीटी प्लेटफॉर्म दोगलापन दिखा रहा है। अनुराग ने ब्रिटिश वेब सीरीज एडोलसेंस की तारीफ करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की और बताया कि भारतीय फिल्ममेकर्स को इतनी आजादी क्यों नहीं दी जाती। बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में अनुराग कश्यप ने एडोलसेंस को लेकर लिखा कि वो इसे देखकर हैरान रह गए हैं और उन्हें इस शो से जलन हो रही है।

उन्होंने शो के बाल कलाकार ओवेन कूपर और एक्टर स्टीफन ग्राहम की शानदार परफॉर्मेंस की तारीफ की। अनुराग ने कहा कि शो के हर एपिसोड को एक ही टेक में शूट किया गया है, जिससे पता चलता है कि इसमें कितनी मेहनत लगी होगी। पोस्ट के कमेंट सेक्शन में अनुराग ने नेटफ्लिक्स के सीईओ टेड सरांडोस और चीफ कंटेंट ऑफिसर बेला बजरिया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने नेटफ्लिक्स इंडिया को बेतुके फैसले लेने वाला प्लेटफॉर्म कहा। अनुराग ने लिखा कि अगर एडोलसेंस जैसी कोई कहानी भारत में नेटफ्लिक्स को ऑफर की जाती, तो वो इसे नकार देते या फिर इसे एक 90 मिनट की फिल्म में तब्दील कर देते। उन्होंने कहा कि नेटफ्लिक्स इंडिया के अपल लेवल के लोगों के पास न तो हिम्मत है और न ही विजन, जिससे अच्छे कंटेंट को पहचान सकें।



## ऐश्वर्या राय बच्चन सोशल मीडिया पर क्यों हुईं भावुक?

ऐश्वर्या राय बच्चन सोशल मीडिया पर बेहद ही कम एक्टिव नजर आती हैं। बच्चन बहू का इंस्टाग्राम हैंडल उनकी फैमिली को डेडिकेटेड है। अब ऐश्वर्या अपनी खूबसूरत तस्वीरें कम ही इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं और न ही स्टोरी पर कुछ शेयर करती हैं। ऐश्वर्या राय बच्चन अपनी पर्सनल लाइफ को प्राइवेट ही रखना चाहती हैं। वहीं, अब एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर किया है और कुछ भावुक कर देने वाली तस्वीरें अपलोड की हैं।

आज ऐश्वर्या राय बच्चन काफी इमोशनल लग रही हैं। एक्ट्रेस को क्या हुआ है? वो अचानक भावुक क्यों हो गईं? ये भी जान लेते हैं। दरअसल, आज ऐश्वर्या के पिता कृष्णराज राय की पुण्यतिथि है। ऐश्वर्या अपने पिता के बेहद करीब थीं। वो आज तक अपने पिता को भुला नहीं पाई हैं। उनके हर जन्मदिन और पुण्यतिथि पर वो हर साल उन्हें याद करती हैं। बता दें, आठ साल पहले ऐश्वर्या के पिता कृष्णराज राय का निधन हुआ था। ऐसे में अब पुण्यतिथि के मौके पर एक्ट्रेस ने तीन तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में दीवार पर लगी एक्ट्रेस के पिता की फोटो नजर आ रही है, जिस पर दो माला टंगी हुई हैं। इसके बाद अगली तस्वीर में आराध्या बच्चन अपने नाना की तस्वीर से आशीर्वाद लेती हुई नजर आ रही हैं। आखिरी फोटो बेहद इमोशनल है क्योंकि इसमें ऐश्वर्या इमोशनल दिख रही हैं। इसे शेयर करते हुए ऐश्वर्या ने कैप्शन में लिखा, 'मैं हमेशा आपसे प्यार करती हूं सबसे प्यारे डैडी-अज्जा। हमेशा आपके सभी प्यार भरे आशीर्वाद के लिए धन्यवाद।' अब इस पोस्ट को देखकर फैंस ऐश्वर्या और उनकी बेटी आराध्या के संस्कारों की तारीफ कर रहे हैं। साथ ही उनसे ये भी गुजारिश कर रहे हैं कि बार-बार एक ही तस्वीर पोस्ट करने की जगह वो कुछ नया शेयर करें। वहीं ज्यादातर यूजर्स इस पोस्ट पर ओम शांति कमेंट कर रहे हैं।

# शीतला सप्तमी कल, आज बने भोजन का कल लगेगा भोग

## शीतला माता मंदिरों में दिनभर रहेगी श्रद्धालुओं की भीड़

## कई जगह होंगे गेर नृत्य के आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिलेभर में अधिकतर स्थानों पर शुक्रवार को शीतला सप्तमी का पर्व मनाया जाएगा। ऐसे में गृहणियां तैयारियां में जुट गई है। गुरुवार को भोजन, व्यंजन बनाए जाएंगे। जिसे दूसरे दिन शुक्रवार को माता को भोग लगाने के बाद ग्रहण किया जाएगा। घरों में शीतला माता की स्थापना कर पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद महिलाएं शीतला माता मंदिर पहुंच ठंडे का भोग लगाएगी। पूजा-अर्चना कर परिवार के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करेगी। अधिकतर स्थानों पर मेले भरेंगे। कई जगह गेर नृत्य का आयोजन भी होगा। जिसमें ग्रामीण परिवेश व संस्कृति का समागम होगा।

### शीतला सप्तमी पर ग्रहण किया जाएगा ठंडा/बासी भोजन

बाली। कस्बे के ऐतिहासिक किले में 20 फीट ऊपर सैंकड़ों वर्ष पुराना शीतला माता का मंदिर काफी दर्शनीय है। माता के दर्शन करने व धोक लगाने विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु आते है। मंदिर के पास में सती हुए बोल माजीसा का का स्थान है जो गुफानुमा चट्टान में विराजमान है। उसके ऊपर मंदिर का निर्माण करवाया गया है। मंदिर के पास पत्थर की प्राचीन मूर्ति है जिसमें एक ओर तोता और दूसरी ओर नागदेव बने हुए हैं। पंडित अवधेश व्यास महाराज ने बताया कि बोल माजीसा मंदिर के पास में ही प्राचीन काल से शीतला माता का मंदिर बना हुआ है जहां शीतला सप्तमी पर मेला भरता है। गैर नृत्य का भी आयोजन होता है। मेलार्थी किला देखने का आनंद भी लेते है। इस वर्ष शु' वार को मेला भरेगा और इसी दिन ठंडा भोजन का भोग लगाया जाएगा। गुरुवार को ठंडा बनाया जाएगा।



**सांडेराव।** कस्बे के तालाब किनारे स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में शुक्रवार को मेला भरेगा। शाम को खेड़ादेवी मंदिर परिसर में गांवशाही गेर नृत्य का आयोजन होगा। शीतला सप्तमी को लेकर गुरुवार को गृहणियां ठंडा भोजन प्रसाद तैयार करेंगी। शु' वार सुबह शीतला माता की पूजा अर्चना के बाद बासोड़ा का भोग लगाएंगी। इसी तरह समीपवर्ती दुजाना गांव में गेर नृत्य का आयोजन होगा। मीणा गेर आयोजक मंडल के कस्तूराराम मीणा ने बताया कि गांव के मीणा चौक पर सामूहिक गेर का आयोजन होगा। जिसमें सेवाड़ी गांव से गेर दल के गेरिए प्रस्तुति देंगे। इस दौरान स्थानीय गेर नृत्य की भी प्रस्तुति होगी। जिसमें गांव के सर्व समाज के लोग भाग लेंगे। इसको लेकर एक कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी गेर नृत्य कार्य' म को सफल बनाने के साथ गेर दलों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगी। कार्य' म की तैयारियों को लेकर सरपंच कंकूदेवी मीणा, कस्तूराराम मीणा, कूपाराम मीणा, गुलाबराम मीणा, गुणराज मीणा, घीसाराम मीणा, पकाराम मीणा, अकाराम मीणा सहित समस्त मीणा समाज युवा टीम तैयारियों में जुटी है।

# रामपुरा के खारड़ा में एकलव्य आवासीय विद्यालय स्वीकृत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** उपखंड क्षेत्र के रामपुरा स्थित खारड़ा में राजकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। विद्यालय विशेष रूप से आदिवासी समुदाय के लिए वरदान साबित होगा। इससे क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। साथ ही उन्हें राजकीय सेवाओं में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। इस उपलब्धि पर स्थानीय नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत का आभार व्यक्त किया। इनमें पूर्व जिला महामंत्री प्रताप सिंह



भाटी, पूर्व सरपंच गोमाराम मीणा, भाजपा युवा मोर्चा मंडल नाणा के अध्यक्ष हरयेश सिंह भाटी प्रमुख थे। साथ ही एसटी मोर्चा अध्यक्ष हेमाराम भील, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कानाराम देवासी, नगाराम, सादलाराम देवासी और आसपास की पंचायतों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मेले को लेकर मंदिर में अर्पित की आमंत्रण पत्रिका

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** आगामी 27 अप्रेल को भादाकाकर स्थित चारभूजा मन्दिर प्रांगण में भरे जाने वाले मेले को लेकर मेला आयोजक परिवार खिंवाड़ा निवासी पोकरलाल राकेचा, श्रीकांत राकेचा, वि' म राकेचा व यशपाल राकेचा परिवार की ओर से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चारभूजा नाथ को मेला आमंत्रण पत्रिका अर्पित की गई। श्री पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज ट्रस्ट भादाकाकर के मंत्री हस्तीमल राठौड़ ने बताया कि मेले की पूर्व संध्या पर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

## विधार्थी के जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान : भोपाजी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** खेड़ा देवी मंदिर के गादिपति जसाराम देवासी ने कहा कि विद्यार्थियो के जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान होता है। वे कस्बे के दयानंद सरस्वती उच्च प्राथमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। देवासी ने कहा कि कोई भी कार्य कठिन नहीं होता हैं। केवल मेहनत व लगन की आवश्यकता हैं। परिश्रम करने वाले विद्यार्थी जीवन में कभी भी असफल नहीं होते। इस अवसर पर संस्था प्रधान शंकरलाल देवासी, खेताराम घांची, नारायणलाल देवासी, आनंद शर्मा, अरुणा सोनल, मदनसिंह राव, प्रकाश सेन, मंगेश प्रजापत आदि उपस्थित थे।

## ‘भाजपा की कथनी व करनी में फर्क’

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पर्यवेक्षक देवीसिंह सिसोदिया, पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, संगीता बेनीवाल, जिलाध्यक्ष अजीज दर्द का फालना पहुंचने पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष अशोक सैन के सानिध्य में कार्यकत्ताओं ने गर्म जोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 36 कौम की जनहितेषी पार्टी है। आने वाला समय कांग्रेस का होगा। वर्तमान डबल इंजन की सरकार की नीतियों से जनता पूरी तरह से त्रस्त है। महंगाई बेरोजगारी अपनी चरम सीमा तक पहुंच चुकी है। लेकिन जनता से खोखले भ्रमित वादे कर सत्ता में आई सरकार की कथनी एवं करनी में फर्क है। इसका जवाब आने वाले पंचायतराज चुनावों में दिया जाएगा। युवा बेरोजगारी को लेकर एवं आमजन महंगाई, बढ़ते अपराधों, काम नहीं होने से निराश है। कांग्रेस राज की जन कल्याणकारी योजनाओं से आमजन खुश था। इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, प्रतिपक्ष नेता भरत चौधरी, सुरेश राजपुरोहित बारवा, पार्षद श्रीपालसिंह, पूर्व पार्षद दलपतगिरी गोस्वामी, हैप्पी मेवाड़ा, उत्तमसिंह देवड़ा, दीपसिंह चौहान, अकरम कुरैशी, सलीम कुरैशी, प्रवीण चौधरी, संभव मरलेचा, हुकमाराम सरगरा, मोहन मैंशन, इरफान खान, पुष्करसिंह, फकीर मोहम्मद सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित थे।



# ब्लॉक स्तरीय बैठक में दिए लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** राजकीय अस्पताल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विकास मारवाल के निर्देशानुसार देसूरी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश राठौड़ व राजेन्द्र पुनमिया सादड़ी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एजेंडा अनुसार समीक्षा कर टीबी सर्वे के बारे में आशा डिजिटल हेल्थ एप में प्रत्येक फील्ड आशा द्वारा सर्वे करवाने हेतु निर्देशित किया गया। गांव के प्रत्येक व्यक्ति की आभा आइडी बनाने हेतु एवीडीएम एप से आभा आइडी बनाने के बारे में बताया गया।



आयुष्मान कार्ड, स्' ीनिंग, ट्रीटमेंट के लिए भी निर्देशित किया गया। मातृ स्वास्थ्य व शिशु स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। 12 वीक एएनसी, संस्थागत प्रसव, दो बच्चों पर महिला नसबंदी, टीकाकरण का ब्लॉक से प्राप्त लक्ष्य को समय पर पूर्ण करने हेतु पाबंद किया गया। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्य' म को लेकर रेवतराम जिला तम्बाकू नियंत्रण समन्वयक व गुलशनकुमार जिला मुख्य स्वास्थ्य कार्य' म समन्वयक द्वारा कोटपा नियम और चालान काटने के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्य' म को रणवीरसिंह कहा कि लक्ष्य के अनुसार 1000 की जनसंख्या पर 30 सीबी नाट सेंपल की जांच करवाई जाए। उन्होंने कहा कि सेंपल फाल्कन ट्यूब में लेवें और उसे सीएचसी देसूरी पर लैब में जमा करावें। टीबी कार्य' म के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डा राजेंद्र पुनमिया द्वारा राजस्थान सरकार के स्वास्थ्य कार्य' मों पे विस्तार से चर्चा की गई। सैक्टर के सभी सब सेंटर की प्रोग्रेस रिपोर्ट की समीक्षा की गई। ब्लॉक स्तरीय बैठक में डॉ हेमंतकुमार, डा उम्मेदसिंह, डा प्रियंक सोलंकी, ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर हितेशसिंह इंदा, बीएनओ भरत माली, कैलाश त्रिवेदी, चंपालाल डीइओ भी मौजूद रहे।

## दहिया का सचिवालय की खो-खो टीम में चयन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** किशनपुरा के रमेश दहिया का राजस्थान सचिवालय की खो-खो टीम में चयन होने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई। दहिया 21 से 25 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किए जाने वाले आल इंडिया सिविल सर्विसेज टूर्नामेंट में राजस्थान सचिवालय की टीम से प्रतिनिधित्व करेंगे। दहिया वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटडी में अध्यापक पद पर कार्यरत है। कोटडी विद्यालय में संस्था प्रधान अशोककुमार घावरी, व्याख्याता ताराचंद, शोभाकंवर, लक्ष्मणसिंह सोलंकी, वरिष्ठ अध्यापक मोहनलाल मेघवाल, अध्यापक शंकरलाल, मगाराम, मेघाराम द्वारा स्वागत किया गया।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को वीसी के माध्यम से डीओआइटी कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी सहायक निदेशक लोक सेवाएं विमलेन्द्र राणावत ने दी।

## आज व कल बंद रहेंगी पंजीयन सेवाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं निदेशक आर्थिक एंव सांख्यिकी निदेशालय जयपुर के निर्देशानुसार 20 और 21 मार्च को पहचान पोर्टल पर भामाशाह स्टेट डेटा सेंटर (बीएसडीसी) में माइग्रेन किया जाएगा। जिला रजिस्ट्रार व आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक वेद प्रकाश चौधरी ने बताया कि इस तकनीकी कार्य के चलते जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित सभी सेवाएं दो दिन के लिए बंद रहेगी।

# बायफ हरा चारा विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** श्रीमती आशा महेश हिंगड चेरिटेबल ट्रस्ट घाणेराव द्वारा संचालित बायफ आशा पशुधन विकास केंद्र के तत्वावधान में दुजाना गांव में एक दिवसीय हरा चारा विकास कार्य' म प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। शिविर में दुजाना एवं आस पास गांवों के किसानों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रशिक्षण में बायफ संस्था के वरिष्ठ अधिकारी एवं पशुपालन विभाग के निहालसिंह ने किसानों को पशुओं के रखरखाव, उन्नत नस्ल सुधार, टीकाकरण, स्वच्छ दूध उत्पादन, शॉर्टेड सीमेन से उत्पन्न मादा रखरखाव आदि पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण पश्चात हरा चारा विकास कार्य' म के अंतर्गत बायफ बाजरा बीज एवं खाद वितरण किया गया। परियोजना प्रभारी के अनुसार बायफ द्वारा संचालित 8 केंद्रों पर 400 किसानों को हरा चारा विकास कार्य' म के अंतर्गत लाभान्वित किया जाएगा। प्रशिक्षण बाद परियोजना टीम द्वारा अरविंद राणावत ट्रस्टी श्रीमती सुमित्रादेवी पन्नालाल राणावत चेरिटेबल ट्रस्ट दुजाना से मुलाकात की गई। ट्रस्ट द्वारा संचालित केंद्र दुजाना की प्रगति से अवगत कराया। राणावत ने परियोजना द्वारा संचालित केंद्रों की गतिविधिया एवं शॉर्टेड सीमेन से उत्पन्न मादा वत्स के बारे में परियोजना अधिकारी से विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं कार्यकर्म को और अधिक सफल बनाने का आह्वान किया। कार्य' म में बायफ के जिला परियोजना अधिकारी हरीश शर्मा, गिरधारीलाल गौड, पवन साहू एवं पशुपालन विभाग के निहालसिंह उपस्थित रहे।

## देवासी समाज की कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** समीपवर्ती मोरी गांव में देवासी समाज बाली परगना की प्रथम रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज किया गया। सरपंच रम्बा देवासी, करण देवासी, भगवानसिंह राणावत, वार्डपंच सुकीदेवी के सान्निध्य में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। करण देवासी के अनुसार प्रतियोगिता में बाली परगना की कुल 16 टीम खेल रही है। प्रतियोगिता 3 दिन चलेगी। 20 मार्च को फाइनल मुकाबले के साथ समापन होगा।

# मोबाइल वेन को किया रवाना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** दूरस्थ गांवों एवं ढाणियों में आमजन में विधिक जागरूकता के लिए बुधवार को विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रेमप्रकाश गुप्ता एवं विक्रमसिंह भाटी ने वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सुघड़सिंह उप अधीक्षक पुलिस यातायात शाखा पाली, मांगीलाल तंवर अधिकार मित्र (पीएलवी), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाफ आदि उपस्थत रहें। प्राधिकरण के सचिव भाटी ने बताया कि 31 मार्च तक पाली न्यायक्षेत्र की तालुकाओं में विभिन्न गांवों एवं ढाणियों में मोबाइल वैन के माध्यम से बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप समेत अन्य योजनाओं के लिए आमजन को जागरूक किया जाएगा। विभिन्न प्रकार के पेम्फलेट्स का वितरण भी किया जाएगा। बुधवार को मोबाइल वैन पाली से बागडिया, भालेलाव, निंबली उर्रा, कालापीपल की ढाणी, सदारसमंद, माडपुरिया, झीतडा, मंडली दर्जीयान, गान्दाव, ढाबर, खारडा होते हुए पुनः पाली मुख्यालय पहुंचेंगी। मोबाइल वैन के साथ जिला मुख्यालय पर कार्यरत मांगीलाल तंवर अधिकार मित्र (पीएलवी) एवं वाहन चालक श्रवणसिंह उपस्थत रहेंगे। सचिव भाटी ने बाल विवाह को रोकने के लिए विभिन्न स्थानों पर मोबाइल वैन के माध्यम से आमजन को जानकारी प्रदान की। साथ ही उपस्थित आमजन को बाल विवाह को रोकने के लिए शपथ दिलाई गई।




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पाली के निर्देशानुसार विधिक जागरूकता व विधिक सेवा का प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से गांव गांव मोबाइल वेन के माध्यम से लोगों को विधिक जानकारी से अवगत करवाया जा रहा है। इसी के तहत तालुका विधिक सेवा समिति देसूरी के न्याय क्षेत्र में देसूरी से नारलाई, नाडोल, विगरला, वरकाणा, बिजोवा, रानी, मुंडारा, सादड़ी, सुथारों का गुड़ा, घाणेराव, देसूरी एवं देसूरी से लाम्पी, सुमेर, गांथी, डायलाना खुर्द, डायलाना कला, कैसूली, निपल, पनौता, सांसरी के लिए जागरुकता मोबाइल वेन को रवानगी द ी गई। तालुका अध्यक्ष ललित डाबी (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) ने हरी झंडी दिखाकर मोबाइल वैन को रवाना किया। वेन के साथ मौजूद टीम की ओर से आमजन को बाल विवाह रोकथाम, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, बाल श्रम, राष्ट्रीय लोक अदालत, नालसा टॉल फ्री नंबर 15100, निशुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में जानकारी दी जाएगी।



## परिंडा अभियान को लेकर बैठक 28 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** गर्मी में पक्षी प्यासे नहीं रहे इसके लिए जिला प्रशासन, शिक्षा, बाल विकास परियोजना एवं जिला परिषद विभाग के साथ पाली के सामाजिक संगठन जुड़कर गांव एवं शहर में परिण्डे लगाने के लिए परिण्डा अभियान शुरु किया जाएगा। जिला कलक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर बजरंगसिंह एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी के सानिध्य में 28 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्वयंसेवी, सामाजिक संगठन भी हिस्सा लेगें। सहायक निदेशक सोहनलाल भाटी ने बताया कि पाली के परिंदों के लिए परिण्डा अभियान के तहत शिक्षा विभाग के 1170 विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के माध्यम से, भारतीय स्काउट एंड गाइड, 1417 आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका के माध्यम से एवं जिला परिषद की 260 ग्राम पंचायतों एवं पाली जिले की नगर निगम पाली एवं नगर पालिकाओं के सहयोग से लगभग 40 हजार परिण्डे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।



## ‘पत्रकारों के सम्मान में कमी नहीं आने दी जाएगी’



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नवनियुक्त देसूरी उपखंड पत्रकार संघ के पदाधिकारियों का सम्मान किया।
कार्यक्रम में पूर्व बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष संगीता बेनीवाल, बाली कांग्रेस प्रभारी देवीसिंह सिसोदिया, पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव डिम्पल राठौड़, अभिमन्युसिंह, पाली जिलाध्यक्ष अजीज दर्द आदि उपस्थिति रहे। उन्होंने संघ के अध्यक्ष दिलदार भाटी, सचिव हिंगलाजदान चारण और कोषाध्यक्ष भरत श्रीमाली समेत अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया। वक्ताओं ने मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि पत्रकार कठिन परिश्रम से समाज तक सटीक समाचार पहुंचाने का कार्य करते हैं और उनके सम्मान में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। इससे पहले, देसूरी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भेरूसिंह राजपुरोहित और नगर अध्यक्ष शरीफ शेख ने भी संघ के पदाधिकारियों का सम्मान किया। इस अवसर पर सुशीला गोड, चंद्रशेखर मेवाड़ा, मिसरू खान पठान आदि मौजूद थे।

# होली सनातन समाज का सबसे बड़ा उत्सव हैः राजपुरोहित

## » राजपुरोहित समाज विकास संस्थान का होली स्नेह मिलन समारोह 22 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजपुरोहित समाज भवन में बुधवार को लालसिंह धुरासनी की अध्यक्षता में राजपुरोहित समाज विकास संस्थान सिरोही शहर की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शनिवार शाम को सुरभि गार्डन में आयोजित होने वाले होली स्नेह मिलन समारोह की रुपरेखा तय की गई। समारोह में महिलाओं की अत्यधिक भागीदारी, गैर नृत्य के सफल आयोजन, स्वरूचि भोज के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। अध्यक्ष राजपुरोहित ने बताया की सनातन समाज का सबसे बड़ा उत्सव होली हैं। यह पर्व हम सबको उत्साह व खुशियां प्रदान करता हैं। यह रंगो का त्यौहार हमारे जीवन में नवीन चेतना व उत्साह का संदेश देता हैं। ऐसे में समाज एवं शहर में ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए। बैठक में नए बस स्टैण्ड के सामने शीतल प्याऊ लगान का तय किया गया। संस्थान के अशोक पुरोहित, बीटी पुरोहित, पुखराज पुरोहित, अशोक, मनोज पुरोहित, ईश्वरलाल, शैलेश पुरोहित, दलपत पुरोहित, प्रकाश, राजेश पुरोहित, रणछोड़राज, हितेश, दिनेश पुरोहित, रतन राजगुरु, शोभाग्यचंद्र, नारायणलाल, आदि मौजूद थे।



# शिविर में 381 रक्तवीरों ने किया रक्तदान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** ब्रह्माकुमारी की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी के पांचवे पुण्य स्मृति पर बुधवार को शांतिवन के डायमंड हॉल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें आबूरोड सहित बिहार, झारखंड सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए 38 1 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तवीरों को प्रमाण पत्र और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। युवा से लेकर बुजुर्गों से उत्साह से भाग लिया। 93 से अधिक नारी शक्ति भी रक्तदान किया। शिविर ग्लोबल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर माउंट आबू, रोटरी इंटरनेशनल ग्लोबल हॉस्पिटल, ब्लड बैंक आबू रोड के सहयोग से आयोजित किया गया। 200 से अधिक बार रक्तदान करने वाले गुजरात से भूपेंद्र दवे खासतौर पर भाग लेने के लिए पहुंचे। बीके जयंती दीदी ने कहा कि दादी जानकी का पूरा जीवन समाज कल्याण और सेवा में बीता, ऐसे में उनकी पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन बहुत ही सराहनीय है। अतिरिक्त महासचिव बीके करुणा भाई ने कहा कि ऐसे शिविर से माउंट आबू और आबूरोड में रक्त की पूर्ति करने में काफी मदद मिलती है। अतिरिक्त महासचिव डॉ. बीके मृत्युंजय ने कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए यह शिविर आयोजित किया गया है। ग्लोबल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. प्रताप मिड्ढा ने बताया कि रक्तदान जीवनदान है। रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है। ग्लोबल हॉस्पिटल माउंट आबू और ट्रामा सेंटर के सहयोग से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें 400 से अधिक रक्तवीरों ने रक्तदान किया है। वरिष्ठ राजयोगी बीके राजू और वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके हंसा ने रक्तवीरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। तिरुपति बालाजी मंदिर के सीईओ वीर ब्रह्ममम, मेडिकल विंग के सचिव डॉ. बीके बनारसीलाल, डॉ. सतीश गुप्ता, आबूरोड ट्रामा सेंटर के ब्लड बैंक के प्रभारी बीके धर्मेंद्र, बीके अमरदीप, बीके चुनेश मौजूद रहे।

# परिंडा भरो अभियान का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** विश्व गौरेया दिवस पर विमला देवी पत्नी ओमप्रकाश कुमावत ने गौरेया संरक्षण के लिए अभियान 'गौरेया आओ ना' के तहत गौरेया हाउस वितरण किए। अभियान का शुभारंभ जोयला, वेरा रामपुरा, पोसालिया में किया गया। आमजन से 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाने की अपील की। आमजन को प्रेरित कर वेस्ट वस्तुओं से निमित्त 500 गौरेया हाउस व परींडा वितरण करके पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पोसालिया में पर्यावरण प्रेमी ओम प्रकाश कुमावत द्वारा पक्षियों के लिए परिण्डा व घोसला वितरण का गांव-गांव कार्य किया गया। उप प्रधानाचार्य जैसाराम मीणा, जबरसिंह, व्याख्याता कांतिलाल माली, नरेंद्रसिंह, मुक्ता वैष्णव, अरविंद कुमार छिपा, रामलाल का सहयोग रहा। गौरैया हमारे परिवार का सदस्य हुआ करती थी। जो अब घरों में या घर के आसण्पास नहीं दिखाई देती है




जो चिंता का विषय है। जिसका कारण नवीन शैली के भवनों में गौरेया के लिए नीड़ निर्माण का स्थान नहीं मिलना। मोबाइल टावरों के सिग्नल की तरंगों के दुष्प्रभाव से इनकी प्रजनन क्षमता का धीरे धीरे ह्रास हो रहा है। नर्वस सिस्टम को भी प्रभावित करते हैं । गौरेया के अस्तित्व के संकट में ग्लोबल वार्मिग व कीट नाशकों का इस्तेमाल कि अहम भूमिका है। इनके प्रजनन का समय मार्च से जून तक रहता है। इस कार्य के पन्नालाल वेराजेतपुरा, राजेश कुमार मालवीया, पुरण कुमावत, भंवरलाल ग्वाला, नरेंद्र कुमार, पुरण कुमावत, दुर्गेशसिंह राठौड़, रविन्द्रसिंह पाचोटा,रमेश कुमावत, समाज सेवी लालचंद अग्रवाल, राजेश जोशी, नैनमल सोनी, प्रकाश कुमार अग्रवाल, रुपाराम देवड़ा, भंवर प्रजापति, स्नेक लवर अशोक सोनी, प्यारी देवी -संजय कुमार, गरीमा मीणा, चेतन अरोड़ा, अशोक राणा, कानाराम, डॉ सुरेश कुमार, प्रकाश कुमार, रोहित परमार, रुद्रराज कुमावत, परम कुमावत, पानी देवी एवं गुलाबराम का सहयोग रहेगा

# न्यूज़ ब्रीफ

## दुकान संचालक से मारपीट कर लूटपाट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** फोरलेन पर लुनियापुरा कट के पास स्थित एक होटल में डेढ़ दर्जन लोगों ने हमला कर दिया। लाठी व धारदार हथियारों से लेस हमलावरों ने जमकर तोड़फोड़ की। होटल संचालक के साथ मारपीट कर घाायल कर दिया। लुटेरे नगदी, चांदी के आभूषण आदि लेकर फरार हो गए। फोरलेन स्थित होटल संचालक जसवंत रावत ने रिपोर्ट देकर बताया कि गत 14 मार्च को होटल पर बैठा था। इसी दौरान शाम को मातादेवी निवासी विष्णु गरासिया व उसके साथ करीब डेढ़ दर्जन होटल पर पहुंचे। लाठी, धारिए, छुरे आदि से लेस लोगों ने उस पर हमला कर दिया। ताबड़तोड़ वार कर से गंभीर रुप से घायल कर दिया। हमलावरों ने होटल में जमकर तोड़फोड़ की। हमलावरों ने उसकी जेब में रखे एक लाख 43 हजार रुपए निकाल लिए। होटल के गल्ले में रखे चांदी के लॉकेट, अंगूठी व चांदी की चेन लूटकर फरार हो गए। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी हैं।

## धारदार हथियारों से लेस होकर किया हमला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** भाखर के उपलागढ़ में कुल्हाड़ी, लाठी व पत्थरों से लेस करीब पंद्रह हमलावरों ने एक घर पर हमला दिया। परिवारजनों ने जंगल में शरण लेकर जान बचाई। हमलावरों ने घर में जमकर तोड़फोड़ की। उपलागढ़ निवासी हजारी देवी गरासिया ने रिपोर्ट देकर बताया कि गत पंद्रह मार्च को पंकु,पारती, विसना, कालू, किसना, मूंगला, भरत, बाबू व शंकर आदि ने उसकेघर पर हमला कर दिया। कुल्हाड़ी, लाठी व पत्थरों से लेस हमलावारों ने घर में जमकर तोड़फोड़ की। वह, उसका पति, सास-ससुर, बच्चे व अन्य रिश्तेदारों ने जंगल में शरण लेकर जान बचाई। घर में लूटपाट की। 25 हजार रुपए, चार बकरे, सिंचाई के पाइप चुरा लिए। साथ ही बच्चों के दस्तावेज नष्ट कर दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर तहकीकात शुरु कर दी हैं।

## होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** वकील मण्डल का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडल अध्यक्ष विक्रमसिंह देवड़ा की अध्यक्षता में बार व बैच के अधिकारी, अधिवक्ताओं ने बधाई दी। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहित शर्मा, श्रीमती सलोनी सक्सेना, सचिव भावाराम गरासिया, उपाध्यक्ष भवरसिंह का सानिध्य रहा। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने बार व बेंच के मध्य समन्वय बनाए रखने की प्रेरणा दी। जीतेन्द्र सुराणा, ओमप्रकाश कुमावत, अपर लोक अभियोजक दिनेश खण्डेलवाल, भोपालसिंह चौहान, नरपतसिंह परिहार, कैलाशसिंह देवड़ा, प्रदीप सक्सेना, जनक पण्डित, सुरेन्द्रसिंह सोलंकी, सुश्री पूजा ठाकोर, सुश्री राशि आदि मौजूद थे।

## पक्षियों के लिए परिण्डे बांटे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** स्काउट की प्रेरणा से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की गाइड को परिण्डे बांटे। गाइडर श्रीमती शर्मिला डाबी व स्काउटर गोपालसिंह राव के अनुसार ईको क्लब गतिविधियों के तहत 50 बालिकाओं व 11 स्टाफ के सदस्यों को परिण्डे बांटकर गर्मियों में रोजाना पानी भरने की सीख दी। प्रधानाचार्य नरेन्द्रसिंह आढ़ा, श्रीमती अनिता चौहान, वर्षा त्रिवेदी, सुमन कुमारी, लता किरण बंसल, दिनेश कुमार सुथार, भारती सुथार, रमेश कुमार मेघवाल, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी विजय कुमार मीणा, कीर्ति सोलंकी, कामिनी रावल आदि मौजूद थे।

## नाला रिपेयरिंग की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** भाजपा के प्रेमसिंह लोधा ने पालिका ईओ को ज्ञापन देकर लोधवाड़ा पानी की टंकी से लेकर अन्नपूर्णा कॉलोनी तक के नाले की रिपेयरिंग की मांग की। ज्ञापन के अनुसार बारिश के मौसम में यह नाला ओवरफ्लो होता है। पूनम कॉलोनी, हिना कॉलोनी, बैंक कॉलोनी, अन्नपूर्णा कॉलोनी में पानी भराव हो जाता है। लोधा ने नाले की रिपेयरिंग की मांग की। इस पर ईओ ने प्रभावी कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

## नवीन नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों से मांगे आवेदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** नागरिक सुरक्षा राजस्थान जयपुर की ओर से नए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की तैनाती व आवश्यकता को देखते हुए आवंटित कुल 100 के बुनियादी एवं सेवा प्रशिक्षण लक्ष्य की पूर्ति के लिए आवेदन मांगे है। आवेदक संबंधित उपखण्ड कार्यालय में अपना आवेदन 26 मार्च तक जमा करवा सकते है। यह जानकारी नागरिक सुरक्षा एवं एडीएम डॉ दिनेश राय सापेला ने दी।

# शीतला माता का मेला कल, आज बनेगा बास्योड़ा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** अरठवाडा के शीतला माता मंदिर परिसर में शुक्रवार को वार्षिक मेले का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को सभी घरों में बास्योड़ा बनाया जाएगा। सरपंच मुकेश कुमार राणा ने बताया कि मेला क्षेत्र की सभी व्यवस्थाओं को मेला कमेटी के निर्देशन में अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने बताया कि मेला की व्यवस्थाओं को लेकर गांव की बैठक आयोजित की गई। मेले को लेकर सारी तैयारियां की जा चुकी है। व्यर्वास्थत पांडाल शामियाने, लाइट डेकोरेशन से मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। मेला स्थल पर हाट बाजार, झूले, पालने लगाए जा रहे हैं। मेले में गर्म चाय. काफी दूध पकोड़े, समोसे, कचोरी आदि गर्म खाद्य. पेय पदार्थ का पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। सेवार्थी शीतल शर्बत पिला सकते है। सांयकाल गैर नृत्य होगा और महिलाएं माताजी के यशोगान गाएगी। इधर, पोसालिया में खेडादेवी शक्ति माता मंदिर परिसर में विशाल गेर नृत्य का आयोजन होगा।

# भजन संध्या आज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** शीतला सप्तमी महोत्सव पर शीतला माता मंदिर प्रांगण में गुरुवार को भजन संध्या होगी। समिति सदस्यो के अनुसार सुबह 10 बजे पारसीचाल से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए मंदिर पहुंचेगी। पूजा अर्चना के बाद ध्वजा चढ़ाई जाएगी। दोपहर एक बजे माता का अभिषेक होगा। रात दो बजे तक माताजी की श्रृंगार दर्शन खुले रहेंगे। मंदसौर के विष्णु परिहार, इंदौर की हर्षिता कनोदिया प्रस्तुतियां देंगे।

# बैठक में मातृशक्ति ने किया धर्मसभा को सफल बनाने का आह्वान





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** हिंदू नववर्ष समारोह समिति राजसमंद की ओर से 30 मार्च को बालकृष्ण स्टेडियम कांकरोली में आयोजित धर्म सभा एवं भव्य ग्रंथों के आयोजन को लेकर मातृशक्ति की ओर से शहर में कई स्थानों पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। समिति के प्रचार प्रमुख ने बताया कि मातृशक्ति द्वारा 21000 कलश यात्रा के लिए नववर्ष मंगलमय का तोरण के तहत दस रुपए तथा संपर्क अभियान के सौ रुपए का पंजीयन शुल्क लिया जाएगा। समिति द्वारा पंचर| कॉम्प्लेक्स, सनसिटी, नवर| कॉलोनी, कमल तलाई, चांवरा मोहम, छिपा हुआ मोहमा, पालीवाल समाज, मंडा राजनगर, प्रजापत समाज, खत्री समाज, मालीवाडा-1, मालीवाड़ शिव मंदिर, खटिक वाडा, रेगर समाज, शीतलमाता मंदिर राजनगर, मालियो की बड़ी, दानी चबूतरा, बड़ा पाड़ा राजनगर, नंदवाना वास, भोई वाडा, भोइमली, ज्ञान गछ कॉलोनी, हाउंसिंग बोर्ड, धोइंडा, तेली समाज, सुंदर टॉकिच, सिद्धार्थ कॉलोनी आदि स्थानों पर बैठक कर जागृति की गई।

# हिन्दुस्तान जिंक के सीइओ ने किया निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** हिन्दुस्तान जिंक के सीइओ बलवंत सिंह राठौड़ ने मेहन्दुरिया ग्राम पंचायत में जिंक के द्वारा निर्मित व निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मेहन्दुरिया पंचायत के विकास में सहयोग करने के लिए तत्पर रहने की बात कही। दरीबा खान मजदूर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी नरहरिदेवसिंह राठौड़, सीएसओ केशव कुमार, सीएसआर हैड भुवनेश शर्मा, उप सरपंच एवं सहकारी समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश वैष्णव, पुष्कर बैरवा, रोशन बैरवा मिलनकुमार आदि साथ थे

# प्रशिक्षणर्थियों को सिखाया सीपीआर देना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की ओर से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर के दूसरे बैच में प्रशिक्षणर्थियों को प्रशिक्षण के दौरान डॉ राष्ट्र सेना आजाद ने सीपीआर देने की प्रक्रिया साझा की। प्रशिक्षणर्थियों ने पहली बार सीपीआर देकर व्यक्ति को होश में लाने की प्रक्रिया को बारीकी से समझा। मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि राज्य शाखा के चेयरमेन राजेश कृष्ण बिरला जनरल सेक्रटरी जगदीश जिंदल के निर्देशानुसार जिला शाखा द्वारा चेयरमेन कुलदीप शर्मा की पहल पर प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर के दूसरे बैच में 30 व्यक्तियों को आपातकालिन सेवाओं का प्रशिक्षण दिया। शिविर का अवलोकन संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग डॉक्टर प्रकाश चंद्र शर्मा ने किया। डॉ वीरेंद्र महात्मा,डॉ शिवम आचार्य, शिविर सह प्रभारी दीपचंद गाडरी, रमेशसिंह चारण, हर्षवर्धनसिंह भाटी, अशोक डूंगरवाल, देवीलाल साहू, प्रहलाद वैष्णव, सुरेश भाट, रवि, नंदनसिंह चारण, सुरेंद्रसिंह राकावत, गोपाललाल सरगरा, प्रहलाद आदि रेडक्रॉस सदस्य सेवाएं दे रहे हैं ।



# आध्यात्मिक जागरूकता से समाज में परिवर्तन लाती है नारीशक्ति

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मानपुर के ज्ञानदीप सेवाकेंद्र पर महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। बीके उर्मिला ने कहा कि नारी केवल शरीर का नाम नहीं, बल्कि एक शक्ति स्वरूपा है। आध्यात्मिक जागरूकता से नारी अपनी आंतरिक शक्तियों को पहचानकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। सेवाकेंद्र संचालिका बीके भारती ने कहा कि महिलाएं समाज की नींव होती हैं और उनके नैतिक मूल्य समाज को सशक्त एवं समृद्ध बनाते हैं। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता शर्मा ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। प्रधानाचार्य सुरभी सिंघल ने कहा कि एक स्वस्थ समाज के लिए महिलाओं का शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त होना आवश्यक है। प्रधानाचार्य कुमकुम मारू ने कहा कि संस्कारवान समाज की रचना में महिलाओं की भूमिका अहम है। बीजेपी जिला मंत्री अनुराधा जैन ने कहा कि सेवा और त्याग नारी के स्वभाव में होते हैं। बीके सीमा ने कहा कि भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास जरूरी है जो स्वयं महिला, परिवार एवं समाज के लिए श्रेष्ठतम होगा। इस दौरान आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. निधि भट्ट,



आंगनवाड़ी सुपरवाईजर राखी मिश्रा, सरकारी होम्योपैथिक हॉस्पिटल की डॉ. मनीषा शर्मा, प्रधानाचार्य रजनी श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य अलका सिसोदिया, प्रधानाचार्य अंजना कुलदीप, प्रधानाचार्य शशी उपाध्याय, प्रधानाचार्य हेमा गहलोत, प्रधानाचार्य उर्मिला परिहार, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की सुलोचना ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# गेर महोत्सव कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सातपुर में शुक्रवार शाम को मारू कुमावत समाज सेवा समिति की ओर से कुम्हार मोहल्ला के गरबा चौक में गैर नृत्य का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी समाज के भगाराम कुमावत ने दी।



# विधायक चौधरी ने सदन में उठाया फर्जी पट्टों का मामला

## विधायक बोले नगर परिषद ने सरकारी जमीन पर सैंकड़ों फर्जी पट्टे जारी कर दिए, जांच कब होगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** विधानसभा सत्र में बुधवार को विधायक जीवाराम चौधरी ने नगर परिषद द्वारा जारी फर्जी पट्टों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए इस कथित घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। विधायक चौधरी ने सदन में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान नगर परिषद में नियमों को ताक पर रखकर फर्जी पट्टे जारी किए गए। जिससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हुआ और आम जनता के साथ अन्याय हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घोटाले में कई प्रभावशाली लोग शामिल हो सकते हैं, इसलिए निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने सरकार से मांग की कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और पीड़ितों को न्याय मिले। वहीं, सरकार की ओर से जवाब देते हुए संबंधित मंत्री ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।



### स्वायतशासन मंत्री बोले...गलत पट्टे जारी करने वाले के खिलाफ होगी कार्यवाही

#### तेरह पट्टे किए निरस्त

स्वायत शासन मंत्री ने जबाब देते हुए कहा कि सांचौर नगर परिषद में पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान बनाए गए पट्टो में से 13 फर्जी पट्टे जो नियम विरुद्ध थे, जिन्हें निरस्त किया गया है। जिसमें किशोर पुत्र गोकुलदास वैष्णव, भभूताराम पुत्र धन्नाराम विश्नोई, नारायणसिंह पुत्र राजूसिंह राव, पुरूषोतम राजपुरोहित सहित अन्य लोगों के नाम से जारी पट्टे निरस्त किए जा चुके है।

#### पट्टों का करवा दिया पंजीयन भी

इतना ही नहीं प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान जारी हुए पट्टों का तहसील कार्यालय के पंजीयन शाखा में पंजीयन भी करवा दिया, जिसकी किसी को भनक तक नहीं लगना अपना आप में बड़ा सवाल खड़ा करता है। इसी प्रकार शहर में सरकारी भूमि जिसमें टेलिफोन एक्सचैंज की जमीन, हाइवे के आस-पास, बस स्टेंड, हाड़ेचा रोड के सामने सहित कई ऐसी जगहों पर फर्जी पट्टे जारी कर दिए गए। जिसको अभी तक खारिज नहीं किया गया है।

#### यह था मामला

नगर परिषद द्वारा कांग्रेस सरकार के दौरान नियमों को ताक में रखकर फर्जी पट्टे जारी कर दिए गए। जिसमें सरकारी भूमि तक पर पट्टे जारी कर दिए गए। पट्टा जारी करने के दौरान न तो अड़ोस-पड़ोस दर्शाया गया और ना ही अन्य औपचारिकता को पूरा किया गया। खाली पड़े भूखंड पर पट्टे जारी कर दिए गए। माखुपुरा सरहद से गुजरने वाले नेशनल हाइवे के किनारे कीमती जमीन के तीन फर्जी पट्टे बनाकर जारी कर दिए गए। जबकि यह जमीन आइडीएसएमटी स्कीम के तहत नगर पालिका ने होटल के लिए आरक्षित की थी। इसी प्रकार प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत जिस भूमि पर सरकारी कॉलेज खोलना प्रस्तावित था, उसी खाली पड़ी जमीन पर 30 गुणा 300 वर्गफीट का पट्टा जारी कर दिया गया। यह जमीन हवाई पट्टी के पश्चिम दिशा वाले भाग की ओर आती है। जहां पर न तो विद्युत, पानी का कनेक्शन है और न ही पुराना कोई कब्जा। केवल सरकारी जमीन होने की वजह से उक्त जमीन खाली पड़ी थी।

#### जिम्मेदारों पर नहीं हुई कार्यवाही

नगर परिषद द्वारा फर्जी पट्टों का मामला प्रकाश में आने पर कार्यवाही से बचने के लिए 13 पट्टे खारिज कर दिए गए। लेकिन फर्जी पट्टे बनाने वाले नगर परिषद के किसी राजस्व अधिकारी, कार्मिक के खिलाफ कार्यवाही की बात तो दूर नोटिस तक जारी नहीं किए गए।

# मनरेगा : 16 हजार श्रमिकों को मिला 100 दिन का रोजगार

### » मनरेगा में 100 दिन पूरे करने वाले श्रमिकों की बढ़ने लगी संख्या

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की 'हर हाथ को काम मिले और काम का पूरा दाम मिले' मूल अवधारणा जिले में पूरे होते हुए दिख रही है। मनरेगा के तहत प्रत्येक जॉब कार्ड धारक परिवार को 100 दिन के रोजगार की गांरटी है, लेकिन गारंटी काम मांगने पर ही है। इस वर्ष 2024-25 में 100 दिन का रोजगार पूर्ण करने वालों की संख्या भी बढ़ी है। सिरोही जिले में मनरेगा के तहत 100 दिन का काम पूरा करने वाले श्रमिकों की संख्या में वृद्धि हुई है, जो दर्शाती है कि अधिक लोग इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

**शिवगंज ब्लॉक में सबसे ज्यादा श्रमिकों को मिला लाभ**



#### सबसे ज्यादा शिवगंज में

100 दिन काम करने वाले मनरेगा श्रमिकों की सबसे ज्यादा संख्या शिवगंज ब्लॉक में 5648 है जबकि सबसे कम संख्या रेवदर में 1980 श्रमिक रही।

#### ब्लॉकवाइज स्थिति

| ब्लॉक | कार्यरत परिवार |
|---|---|
| आबूरोड | 2474 |
| पिण्डवाड़ा | 3794 |
| रेवदर | 1980 |
| शिवगंज | 5648 |
| सिरोही | 2529 |

#### कार्य के सौ दिवस पूरे करने के आंकड़ों की बानगी

मनरेगा के तहत श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिले की पांच ब्लॉक की 170 ग्राम पंचायतों में 1 लाख 95 हजार 411 जॉबकार्ड जारी किए गए है। जिसमें से बुधवार को 1 लाख 92 हजार 800 श्रमिक एक्टिव रहे। इस वर्ष 2024-25 में 16 हजार 425 श्रमिकों ने 100 दिन का काम पूरा किया है। जबकी गत वर्ष 2023-24 में 15 हजार 515 तथा वर्ष 2022-2023 में यह आंकड़ा 10 हजार 433 था।

# बाला गांव के गेर नृतकों ने गेर नृत्य में मारी बाजी

### भैरूजी महाराज के मेले में उमड़े लोग

### खांडी गांव का दल द्वितीय व चेंडा गांव का दल रहा तीसरे स्थान पर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** रोहट उपखंड क्षेत्र के दिवांदी पंचायत के खुटानी गांव में लोक देवता भैरु महाराज मंदिर के वार्षिक मेले के मौके पर आयोजित गेर नृत्य प्रतियोगिता में गेर नृतकों ने नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर लोक संस्कृति को साकार किया। प्रतियोगिता में बाला गांव के दल ने प्रथम, खांडी गांव के दल ने द्वितीय व चेंडा गांव के दल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। धुमड़ा माता मंदिर के महंत राजभारती के सान्निध्य में आयोजित समारोह में अतिथि पाली विधायक भीमराज भाटी, दिवांदी सरपंच शांतिदेवी वैष्णव, तहसीलदार प्रकाश पटेल, बीडीओ मनमोहन मीणा, दीपक बामणिया, रोहट सरपंच भरत पटेल, खुटानी मेला कमेटी के धीरेंद्र वैष्णव, कांग्रेस नेता मदनसिंह जागरवाल, महेंद्रसिंह राजपुरोहित शंकरराम पटेल दिवांदी मौजूद रहे। इस मंदिर पर हर पाली, जोधपुर, जालोर व बाड़मेर जिले के कई गांवों के लोग अपने बच्चे की चोटी उतारने आते है। अनेक मान्यताओं के चलते मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। मेले के मौके पर गेर नृत्य का आयोजन होता है जिसमें दूर दराज के ग्रामीण उत्साह से भाग लेते है। कई श्रद्धालु कामना पूरी होने पर तो कई मनोकामना को लेकर भैरूजी को धोक लगाने आते है। लोगों की धारणा है कि यहां स्थित पवित्र जोहड़ी में स्नान करने से रोगों से मुक्ति मिलती है।

# डाकघर की फर्जी वैन से 929 किलो डोडा पोस्त जब्त

## चार तस्कर गिरफ्तार, दो वाहन किए जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** मादक पदार्थों के परिवहन को लेकर जिले की डीएसटी टीम एवं संबंधित थाने की पुलिस टीम अलर्ट मोड पर है। रात दिन नाकाबंदी के दौरान मादक पदार्थों की धरपकड़ कर इसमें शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। मंगलवार शाम को पिण्डवाड़ा पुलिस एवं डीएसटी टीम ने फोरलेन पर नाकाबंदी के दौरान भारतीय डाक के नाम की फर्जी वैन से 929.580 किलो डोडा पोस्त बरामद कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत ने बताया कि शाम को उप निरीक्षक राजेन्द्रसिंह मय जाब्ता एवं डीएसटी टीम ने फोरलेन के घरट स्थित हर्षिता होटल के सामने नाकाबंदी की गई। इस दौरान अवैध डोडा पोस्त से भरे वाहन की एस्कोर्ट कर रही एक कार को रुकवाकर उसमें सवार तीन जनों से पूछताछ की गई। जिस पर मादक प्रदार्थों के एस्कोर्ट करने का संदेह होने पर उनको पकड़ा तथा पीछे से आ रही एक पीकअप जिसको भारतीय पोस्ट वैन जैसी फर्जी तैयार किया हुआ था। उसकी जांच की गई तो उसमें 929.580 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर दोनों वाहनों को जब्त किए।



#### दोनों वाहनों से इनको किया गिरफ्तार

थानाधिकारी ने बताया कि आदर्श चवा बाड़मेर निवासी गोरधनराम पुत्र जैसाराम जाट, दिनेश पुत्र बाबूलाल ब्राह्मण, विनोद पुत्र जगदीश ब्राह्मण तथा देवाराम पुत्र रावताराम जाट को गिरफ्तार किया।

#### पुलिस टीम में इनका रहा सहयोग

कार्रवाई में डीएसटी टीम के उप निरीक्षक अमराराम, हैड कांस्टेबल मनोहरसिंह, कांस्टेबल विनोद कुमार, अभयसिंह, तुलसाराम, गजेन्द्रसिंह, सुनिल एवं राकेश कुमार का सहयोग रहा।

# गौतम ऋषि महादेव मंदिर ट्रस्ट चुनाव की अधिसूचना जारी, अध्यक्ष के चुनाव 27 को

## अध्यक्ष सहित 30 परगनों से 60 सदस्य का होगा निर्वाचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** जिला न्यायालय ने गौतम ऋषि महादेव मंदिर ट्रस्ट के चुनाव को लेकर आदेश जारी कर दिए है। इसके बाद एडीएम के को-ऑर्डिनेशन एवं शिवगंज एसडीएम की अध्यक्षता में गठित गौतम ऋषि महादेव मंदिर ट्रस्ट की अंतरिम प्रबंध कमेटी ने मंगलवार को ट्रस्ट के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। इसके अनुसार सिरोही पाली व जालोर तीनों जिलो के मीणा समाज के 30 परगनों से प्रत्येक परगने से 2-2 सदस्यों का निर्वाचन 25 मार्च को होगा। वहीं अध्यक्ष का चुनाव 27 मार्च को होगा। इस बीच पूर्व में न्यायालय की ओर से बनाई कमेटी। जिसने चुनाव प्रक्रिया में सहयोग नहीं करने पर जिला न्यायालय की ओर से भंग कर दिया गया था। जिसको लेकर पूर्व अध्यक्ष की ओर से राजस्थान उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका का हवाला देते हुए चुनाव प्रक्रिया की क्रियान्विति रोकने की याचिका को जिला न्यायालय ने खारिज कर दिया है। गौतम ऋषि महादेव मंदिर ट्रस्ट मंडल को लेकर जिला न्यायालय में 2010 से चल रहे विवाद के चलते ट्रस्ट चुनाव नहीं हो पा रहे हैं। इसके चलते जिला न्यायालय ने हाल ही में मंदिर ट्रस्ट चुनाव करवाने के लिए समाज के पदाधिकारी पबाराम मीणा की अध्यक्षता में अंतरिम प्रबंध कमेटी का गठन कर एसडीएम के निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। लेकिन, इस कमेटी की ओर से प्रशासन को सहयोग नहीं करने पर जिला न्यायालय ने 7 मार्च को अंतरिम कमेटी भंग करते हुए एडीएम के को-ऑर्डिनेशन में एसडीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी का गठन कर शीघ्र चुनाव करवाने के निर्देश दिए थे।



#### एसडीएम ने जारी की अधिसूचना

जिला न्यायालय के आदेश पर गठित कमेटी में समाज के प्रबुद्ध लोगों को भी सम्मिलित किया है। बैठक के बाद 18 मार्च को एसडीएम ने ट्रस्ट मंडल के चुनाव करवाने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार मीणा समाज के 30 परगनों में प्रत्येक परगने से दो-दो सदस्यों के निर्वाचन के लिए सभी परगनों के मुख्यालयों पर 25 मार्च को चुनाव करवाए जाएंगे। इसके लिए चुनाव प्रक्रिया सवेरे 9 से शाम 6 बजे तक चलेगी। परगना वार सदस्यों के निर्वाचन के बाद सभी निर्वाचित 60 सदस्य 27 मार्च को शिवगंज पालिका के सभागार में ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेंगे। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया सवेरे 11 से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। यदि आम सहमति से अध्यक्ष का निर्वाचन नहीं होता है तो दोपहर डेढ़ बजे से मतदान शुरू होगा।

#### इसलिए लाया था स्थगन आदेश

17 मार्च को न्यायालय ने खारिज की पूर्व अध्यक्ष द्वारा दायर याचिका मामले को लेकर पूर्व में गठित अंतरिम कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पवाराम मीणा की ओर से 17 मार्च को याचिका दायर की है। याचिका में 7 मार्च को जिला न्यायालय की ओर से जारी आदेश के विरोध में स्थगन आदेश के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय में दाखिल की। याचिका का हवाला देते हुए उच्च न्यायालय से आदेश प्राप्त होने तक जिला न्यायालय की ओर से 7 मार्च को जारी आदेश की क्रियान्विति पर रोक का आग्रह किया। जिसे जिला न्यायालय ने सुनवाई के बाद याचिका को खारिज कर दिया। इधर, एसडीएम व अंतरिम प्रबंध कमेटी अध्यक्ष मिश्र ने मंगलवार को अंतरिम कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पबाराम मीणा को नोटिस जारी कर ट्रस्ट मंडल की चेक बुक सहित समस्त कार्यभार तत्काल प्रभाव से जिला न्यायालय की ओर से बनाई अंतरिम प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष को सौंपने के निर्देश जारी किए हैं।

#### अंतरिम प्रबंध कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ने चार्ज नहीं दिया

जिला न्यायालय के आदेशों के अनुरूप गौतम ऋषि महादेव मंदिर ट्रस्ट के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। अंतरिम प्रबंध कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ने ट्रस्ट का अभी चार्ज नहीं दिया है। उन्हें मंगलवार को नोटिस जारी किया है।

**- नीरज मिश्र, एसडीएम एवं अध्यक्ष, गौतम ऋषि मंदिर ट्रस्ट अंतरिम प्रबंध कमेटी**

# हर घर नल कनेक्शन और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करें : गावंडे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 33वीं बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। डॉ. गावंडे ने ओटीएमपी व नर्मदा पेयजल परियोजना के प्रोजेक्ट का रिव्यू कर नर्मदा परियोंजना के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चौधरी को एफआर प्रोजेक्ट में कार्य की गति बढ़ाते हुए लक्ष्यानुसार अधिकतम नल कनेक्शन जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने जेजेएम के तहत चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति में सुधार के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल टेंकर तथा कंटीजेन्सी प्लान की जानकारी मांगी। जिस पर सदस्य सचिव ने जयपुर से वित्तिय स्वीकृति जारी नहीं होने की बात कही। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि गर्मी को लेकर पेजयल सप्लाई की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए एक अप्रेल से जिले के सभी सहायक अभियंता उपखंड रेगूलर कार्यालय पर हैल्पलाइन कंट्रोल रूम शुरू किया जाएगा।

**जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक**

#### नर्मदा परियोजना का लेखा जोखा

नर्मदा परियोजना के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि वर्तमान में डीआर प्रोजेक्ट में प्रस्तावित सात उच्च जलाशय में से सात का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा एक पम्पहाउस का कार्य पूर्ण हो चुका है। इआर प्रोजेक्ट में प्रस्तावित 145 उच्च जलाशय में से 41 का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 70 का कार्य प्रगतिरत है व पम्पहाउस चार का कार्य पूर्ण तथा दस प्रगतिरत हैं। एफआर प्रोजेक्ट में प्रस्तावित 108 उच्च जलाशय में से 21 का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 46 का कार्य प्रगतिरत है।

#### हर घर नल योजना के लक्ष्य

पीएचइडी के अधीक्षण अभियंता वृत जालोर संजय शर्मा ने जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट पीपीटी में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जिले में नर्मदा परियोजना की सभी योजना के तहत जिले के 793 गांवों के घरों में कुल 3 लाख 17 हजार 283 नल कनेक्शन देने है। इसमें वृहद परियोजना के तहत 3 लाख 3 हजार 982 लक्ष्य की तुलना में 1 लाख 32 हजार 119 तथा ओटीएमपी योजना के तहत 13 हजार 301 लक्ष्य की तुलना में 11 हजार 890 तक नल कनेक्शन जोड़े जा चुके है।

#### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

अधिशाषी अभियंता जितेन्द्र त्रिवेदी, अधिशाषी अभियंता मोनेटरिंग वृत जालोर राजेशकुमार, अधिशाषी अभियंता परियोजना खंड जालोर धर्मचंद सोनी, अधिशाषी अभियंता परियोजना खंड भीनमाल बलवीर सैनी, अधिशाषी अभियंता दिलीप गोपलानी, अधिशाषी अभियंता नर्मदा नहर परियोजना वृत सांचौर से अनिल कुमार व नीतिन जैन, सहायक अभियंता परियोजना भीनमाल से सीताराम यादव, सहायक अभियंता वृत जालोर से विजयकुमार, भूजल विभाग से गणपतलाल, जिला सलाहकार डीएसयू दीपककुमार, पीएचइडी लेब से मोतीलाल, आइएसए से कैलाश शर्मा, टीपीआइ जेजेएम से बीएस यादव तथा पीएचइडी परियोजना के संवेदक उपस्थित रहे।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.